RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 95
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





भारत ने वेस्टइंडीज को 44 रनों से हराया
स्पोर्ट्स-12



# पांचों राज्यों में भारी बहुमत से जीतेगी भाजपाः मोदी

- उप्र में पहले चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने तमाम मुद्दों पर रखी बात
- कांग्रेस, सपा-रालोद पर बोला करारा हमला, परिवारवाद को बताया देश के लिए सबसे अधिक हानिकारक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश में पहले चरण के विधानसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि किसानों के लाभ के लिए तीन कृषि कानून पेश किए गए थे, लेकिन राष्ट्र हित में उन्हें निरस्त करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मैं छोटे किसानों का दर्द समझता हूं। मैं उनका दिल जीतना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांचों चुनावी राज्यों में भाजपा की लहर चल रही है और पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की 58 सीटों पर गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। यह धरती किसानों की है और जाट नेता जयंत चौधरी की आरएलडी का अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाचार एजेंसी एएनआई को दिए साक्षात्कार में जयंत-अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी दो लड़कों की जोड़ी देखी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चल रही वंशवाद की राजनीति पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वंशवादी राजनीति एक बड़ा खतरा है और लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है, क्योंकि इससे किसी भी राजनीतिक दल में आने वाली प्रतिभा पर गंभीर असर पड़ता है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे परिवारवाद का बड़ा उदाहरण बताया। एक पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व में एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में परिवार के 45 लोग हैं, जो विभिन्न पदों पर हैं। यह समाजवाद से कैसे जुड़ता है? यह तो समाजवाद के खिलाफ है। पीएम ने पूछा कि क्या उन्होंने कभी अपने परिवारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार में भाजपा के सहयोगी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी समाजवादी नेता हैं। मैं समाज के लिए हूं, जब मैं नकली समाजवाद कहता हूं, यह परिवारवाद है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का काम गरीबों की देखभाल करना, लोगों के लिए खाना, शौचालय, घर, पीने का साफ पानी, पीने का पानी, सड़कें सुनिश्चित करना है। सरकार का काम यह देखना है कि छोटे किसानों की उपज बाजारों तक कैसे पहुंचती है। मेरी प्राथमिकता यह सब उपलब्ध कराना है। यदि कोई इसे समाजवादी कहता है, तो यह मुझे स्वीकार्य है। प्रधानमंत्री ने समाजवादी नेताओं राम मनहोर लोहिया और जार्ज फर्नांडीस का भी जिक्र किया। लोहिया के परिवार को क्या आप कहीं भी देखते हैं, वह समाजवादी थे, क्या आप जार्ज फर्नांडीस के परिवार को देखते हैं, वह भी समाजवादी थे। नीतीश बाबू, वह हमारे साथ काम कर रहे हैं और वह भी समाजवादी है। क्या आप उनका परिवार देखते हैं। पीएम मोदी ने भाजपा के खिलाफ आरोपों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कि यहां भी वंशवादी नेता हैं। एक परिवार के एक या दो लोगों के टिकट पाने और चुनाव जीतने और एक विशेष परिवार में जाने वाली पार्टी में सभी महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों के बीच अंतर है। उन्होंने कहा कि, वंशवादी दलों में अध्यक्ष, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जैसे पदों पर एक व्यक्ति होता है, और अगर किसी कारण से पिता नहीं होता है, तो बेटा उसकी जगह ले लेता है। प्रधानमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जम्मू और कश्मीर में दो राजनीतिक दलों ने दशकों से वंशवादी राजनीति की। उन्होंने कहा कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु की पार्टियों में वंशवाद की राजनीति चल रही है।



साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कार्यशैली और विचारधारा के आधार सम्प्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार है। यदि इस देश की मुख्य धारा में ऐसा ही रहेगा तो देश का कितना बड़ा नुकसान होगा।

मौजूदा वक्त में देश की जो हालत है उसका सबसे ज्यादा जिम्मेदार कोई है तो वह कांग्रेस है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए पीएम ने कहा कि कुछ नेता निजी स्वार्थ के लिए देश की विविधता को एक-दूसरे से साथ विरोध के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने पिछले 50 वर्षों के दौरान यही किया है। ऐसे लोगों ने हर बात पर देश को बांटों और राज करो की नीति का इस्तेमाल किया है। मैंने संसद में किसी के पिता, माता, नाना, दादा के लिए कुछ नहीं कहा। मैंने देश के पहले प्रधानमंत्री ने जो कहा था, केवल उसका उल्लेख किया। मैंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री (नेहरू) के ये विचार थे तब क्या स्थिति थी और आज प्रधानमंत्री के जो विचार हैं तो क्या स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंटरव्यू में कृषि कानूनों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि किसानों के लाभ के लिए कृषि कानून लाए गए थे लेकिन देश के हित में उन्हें वापस लिया गया। मुझे नहीं लगता कि इसे अब और समझाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों के हित के लिए काम किया है और किसानों ने हमेशा मेरा समर्थन किया है। मैं सीमांत जोत वाले किसानों के दर्द को समझता हूं। मैं हमेशा उनका दिल जीतने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि बिलों पर किसानों के साथ बातचीत को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि संवाद और चर्चा लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि लोगों को मेरी राय और मेरी सरकार की राय सुननी चाहिए और बातचीत हमेशा चलती रहनी चाहिए। मालूम हो कि तीनों कृषि कानूनों का मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा के किसानों ने नवंबर 2020 से दिल्ली सीमा पर कानूनों का विरोध करना शुरू कर दिया था और यह विरोध प्रदर्शन एक साल से भी अधिक समय तक चला।

आखिरकार 19 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और किसानों से माफी मांगी। इसके बाद 40 किसान संघों के संयुक्त किसान मोर्चा ने 9 दिसंबर, 2021 को अपने साल भर के आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। 23 नवंबर, 2021 को शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आवश्यक बिल पारित होने के बाद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जीत को लेकर आश्वस्त पीएम मोदी ने अखिलेश यादव और जयंत चौधरी पर कहा कि ये दो लड़कों वाला खेल हमने पहले भी देखा था और उन्हें इतना अहंकार था कि (शेष पेज 9)

# उप्र में पहले चरण की 58 सीटों पर मतदान आज



मेरठ में मतदान कराने के लिए रवाना होने से पूर्व ईवीएम की जांच करते कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में विधान सभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान गुरुवार को 58 सीटों के लिए सुबह सात बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जिन जिलों में मतदान होगा उनमें शामली, मुजफ्फनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा तथा आगरा हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र भी आयोग ने अनुमन्य किए हैं।

आयोग द्वारा शांति पूर्ण तरीके से मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कोविड को देखते हुए मतदेय स्थलों पर थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनीटाइजर, फेस मास्क, फेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण के मतदान में 2.28 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1.24 करोड़ पुरुष, 1.04 करोड़ महिला तथा 1448 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। कुल 58 विधान सभा क्षेत्रों में 623 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें से 73 महिला प्रत्याशी हैं।

आयोग द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के सन्दर्भ में राजनीतिक दलों को निर्देश दिये गये हैं कि वे ऐसे प्रत्याशियों के संबंध में समाचार पत्रों में यह सूचना प्रकाशित करें कि प्रत्याशियों की क्या आपराधिक पृष्ठभूमि है एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी उनको किस आधार पर प्रत्याशी बनाया गया (शेष पेज 9)

# पीठ ने हिजाब केस मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा

- मुख्य न्यायाधीश मामले पर गौर करने के लिए बड़ी पीठ का गठन कर सकते हैंः जज
- पूरे कर्नाटक में स्कूल-कॉलेजों के 200 मीटर दायरे में सभा, आंदोलन, प्रदर्शनों पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**स्कूल-कॉलेज** परिसर में हिजाब पर पाबंदी से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे कर्नाटक उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने बुधवार को इस मामले को मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के पास भेज दिया। एकल न्यायाधीश ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश मामले पर गौर करने के लिए बड़ी पीठ के गठन का फैसला कर सकते हैं। वहीं, राज्य कैबिनेट ने हिजाब विवाद पर कोई भी फैसला लेने से पहले उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करने का निर्णय किया है। हिजाब विवाद को लेकर तनाव के मद्देनजर राज्य सरकार ने मंगलवार को राज्य के सभी हाई स्कूल और कॉलेजों को तीन दिन के लिए बंद करने का आदेश दिया था, जिसके बाद शैक्षणिक संस्थानों में बुधवार को शांति रही। सूत्रों ने कहा कि उनमें से ज्यादातर पठन-पाठन के ऑनलाइन मोड में लौट आए। पूरे राज्य में प्राथमिक विद्यालय में कामकाज बिना किसी रुकावट के सामान्य रूप से संचालित हुए। राज्य के उडुपी जिले के सरकारी महाविद्यालयों में पढ़ने वाली कुछ मुस्लिम लड़कियों ने हिजाब के साथ कक्षाओं में प्रवेश पर रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने कहा कि पर्सनल लॉ के कुछ पहलुओं के मद्देनजर ये मामले बुनियादी महत्व के कुछ संवैधानिक प्रश्नों को उठाते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि ऐसे मुद्दे जिन पर बहस हुई और महत्वपूर्ण सवालों की व्यापकता को देखते हुए अदालत का विचार है कि मुख्य न्यायाधीश को यह तय करना चाहिए कि क्या इस विषय के लिए बड़ी पीठ का गठन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति दीक्षित (शेष पेज 9)




हैदराबाद में हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन करतीं मुस्लिम महिलाएं

## दिल्ली व कोलकाता में छात्रों ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिजाब** को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैंपस में बुधवार को कला संकाय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों में मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन से जुड़े छात्रों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय की छात्राएं भी शामिल थीं। लड़कियों ने हिजाब पहन रखा था और हम, मुहम्मद के लोग, नफरत से लड़ेंगे और कर्नाटक के छात्रों के साथ एकजुट हैं, जैसे नारे लगाए। बैनर-पोस्टर लेकर कर्नाटक सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि हिजाब पहनकर स्कूल-कालेजों में प्रवेश की अनुमति देनी चाहिए। इसके अलावा, (शेष पेज 9)

## सीबीएसई की 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं 26 अप्रैल से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीएसई** कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए दूसरे सत्र की बोर्ड परीक्षा 26 अप्रैल से ऑफलाइन माध्यम से आयोजित करेगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, बोर्ड ने विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा के बाद और देश में कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए दूसरे सत्र की बोर्ड परीक्षा केवल ऑफलाइन माध्यम से आयोजित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, थ्योरी परीक्षा 26 अप्रैल, 2022 से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं और 12वीं की डेटशीट जल्द ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा, प्रश्न पत्रों का तरीका बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए नमूना प्रश्न पत्रों के समान होगा। छात्र पिछले वर्षों की तरह आवंटित परीक्षा केंद्रों से परीक्षा में शामिल होंगे। महामारी के मद्देनजर पिछले साल बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं होने के बाद शैक्षणिक सत्र को दो चरणों में विभाजित किया गया था और एक वैकल्पिक मूल्यांकन योजना का उपयोग करके परिणामों की घोषणा की जानी थी।

# दिवालियापन, कर्ज, बेरोजगारी में 25,000 लोगों ने दी जान

- गृहमंत्रालय ने राज्यसभा में पेश किए 2018 से 2020 तक तीन साल के आंकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को खुलासा किया कि देश में 2018 और 2020 के बीच दिवालियापन, कर्ज, बेरोजगारी के कारण 25,000 लोगों ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गृह मंत्रालय ने राज्यसभा में बताया कि 16,000 से अधिक लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज के बोझ से दबने के कारण आत्महत्या की, जबकि 9,140 लोगों ने बेरोजगारी के कारण मौत को गले लगाया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि दिवालियेपन या कर्ज के कारण 2020 में 5,213 लोगों ने आत्महत्या की जबकि 2019 में 5,908 और 2018 में 4,970 लोगों ने खुदकुशी कर ली। उन्होंने एक लिखित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि 2020 में बेरोजगारी के कारण कुल 3,548, 2019 में 2,851 और 2018 में 2,741 लोग जिंदगी की जंग हार गए। मंत्री ने कहा कि सरकार मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करके और रोजगार के अवसर पैदा करके इस मुद्दे के समाधान के लिए कदम उठा रही है।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि सात केंद्रीय पुलिस संगठनों के 1,439 कर्मियों पर आपराधिक आरोप हैं, जबकि 181 अन्य पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। राय ने कहा कि जिन लोगों पर भ्रष्टाचार या आपराधिक आरोप लगाए गए थे, उनमें से 481 सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), 401 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), 325 सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और 273 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से थे। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी कहा कि उन आरोपियों में (शेष पेज 9)

## कोविड का अंतिम वैरिएंट नहीं है ओमीक्रोन : डब्ल्यूएचओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** भर में ओमीक्रोन की लहर भले धीमी हो गई हो, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विश्व के देशों को चेतावनी दी है कि वे सुरक्षा उपायों को कम न होने दें, क्योंकि आने वाला कोविड -19 वैरिएंट पहले के वैरिएंटों की तुलना में तेजी से फैलने वाला और अधिक घातक हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की चेतावनी के बीच भारत में पिछले एक सप्ताह से कोविड के एक लाख से कम संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिसके बाद विभिन्न राज्यों ने आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को फिर से खोलना शुरू कर दिया है। भारत में बुधवार सुबह 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में 71,365 नए कोविड -19 मामले दर्ज किए, जिससे देश का सक्रिय केस लोड 8,92,828 हो गया है। डब्ल्यूएचओ महामारी विज्ञानी और कोविड-19 पर तकनीकी नेतृत्व कर रही डॉ. मारिया वान केरखोव ने जोर देकर कहा कि महामारी खत्म नहीं हुई है और भविष्य के वैरिएंट ओमीक्रोन की तुलना में अधिक वायरल होंगे। डॉ. वैन केरखोव ने आगाह किया है कि कोई गारंटी नहीं है कि कोरोनो वायरस विकसित होने के साथ कमजोर हो जाएगा और हालांकि दुनिया को उम्मीद है कि ऐसा ही होगा कि हम इसकी गारंटी नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगला वैरिएंट ऑफ कंसर्न अधिक उपयुक्त होगा, इससे हमारा मतलब यह है कि यह अधिक तेजी से फैलने वाला होगा क्योंकि उसे वर्तमान के वैरिएट से आगे निकलना पड़ेगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि भविष्य के वैरिएंट कम या ज्यादा गंभीर होंगे या नहीं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि अगला संस्करण आसानी से प्रतिरक्षा से बच सकता है, जिससे टीके कम प्रभावी हो सकते हैं। हालांकि, वह वैक्सीन की डोज लेने की अनिवार्यता दोगुनी हो गई क्योंकि यह गंभीर बीमारी और मृत्यु से बचाता है, जैसा कि ओमीक्रोन की लहर के दौरान देखने को मिलता है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,465 | 657 |
| निफ्टी | 17,463 | 197 |
| सोना | 48,403 | 247 /10g |
| चांदी | 62,417 | 825 /kg |

## क्विक न्यूज

### विमान ने बिना इंजन कवर के उड़ान भरी

**मुंबई।** मुंबई से भुज के लिए रवाना हुए अलायंस एयर के विमान के बिना इंजन कवर के उड़ान भरने संबंधी घटना सामने आई है। विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान ने मुंबई से भुज के लिए उड़ान भरी थी। विमान में 70 यात्री सवार थे। विमान गुजरात के भुज में सुरक्षित उतरा। अलायंस एयर ने कहा कि उसने घटना की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बुधवार की सुबह हुई और मुंबई हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) द्वारा इसे हवाई अड्डे के अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू की। अधिकारी ने कहा, मुंबई एटीसी ने हवाई अड्डे को सूचित किया कि अलायंस एयर एटीआर विमान, परिचालन उड़ान 91-625 (मुंबई-भुज) ने बाएं इंजन के कवर के बिना उड़ान भरी।

# जल बोर्ड के 700 संविदा कर्मियों की नौकरी पक्की

- दिल्ली सरकार का ऐतिहासिक फैसला, सीएम केजरीवाल ने अपने हाथों दिए नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** जल बोर्ड (डीजेबी) के 700 संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुद सभी कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। स्थायी किए गए कर्मियों को प्रमाण पत्र देने के लिए यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा कि यह एक मिथक है कि संविदा कर्मी को स्थायी नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे वे आलसी हो जाते हैं और अधिक काम नहीं करते हैं, लेकिन 2015 में पहली बार हमारी सरकार बनने के बाद जब हम शिक्षा विभाग में क्रांति लेकर आए, जब हमने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार किया, तो यह काम केवल सरकारी शिक्षकों, चिकित्सकों और नर्सों के माध्यम से ही किया गया।

केजरीवाल ने कहा कि 700 कर्मचारी पक्का होने के बाद सुरक्षित हो गए हैं, इसलिए अब वे पहले से दोगुना काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है। दिल्ली जल बोर्ड ने जिन 700 संविदा कर्मचारियों को नियमित किया है, उसमें दैनिक वेतन भोगी और करूणा मूलक आधार पर नियुक्त किए गए कर्मचारी शामिल हैं। सभी नियमित कर्मचारियों को अब से चिकित्सा सुविधाएं सरकारी आवास छुट्टी के लाभ और ग्रैच्युटी एनपीएस और एलटीसी यात्रा भत्ता जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही, (शेष पेज 9)

# क्वैड के विदेश मंत्रियों की बैठक कल, भड़का चीन

- चीन ने कहा- ऐसे गठबंधन टकराव पैदा करते हैं और उन्हें क्षेत्रीय देशों के संबंधों में दरार नहीं डालनी चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को क्वैड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गए हैं। यह बैठक मेलबर्न में 11 फरवरी को होगी। इस बीच, चीन ने बुधवार को क्वैड पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरह के 'एक्सक्लूसिव ब्लॉक' (विशेष गठबंधन) टकराव पैदा करते हैं। उन्हें क्षेत्रीय देशों के बीच संबंधों में दरार नहीं डालनी चाहिए। पड़ोसी देश ने यह भी कहा कि क्वैड संगठन शीत युद्ध की मानसिकता से काम कर रहा है। क्वैड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का गठबंधन है, जो भारत-प्रशांत क्षेत्र में इन देशों के हितों को सुरक्षित करती है। इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने पिछले साल वाशिंगटन में पहली बार बैठक की थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भाग लिया था। चारों देशों ने पिछले साल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दो मालाबार नौसैनिक अभ्यास भी किए थे। चीन ने दावा किया था कि क्वैड रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र का सैन्यीकरण करेगा। विदेश मंत्रालय का प्रभार संभालने के बाद एस. जयशंकर पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस की आगामी यात्रा का विवरण देते हुए बुधवार को कहा कि विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के अपने समकक्षों के साथ मेलबर्न में 11 फरवरी को चौथी क्वैड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। पिछले साल फरवरी में आयोजित वर्चुअल बैठक के बाद इस बार विदेश मंत्रियों को क्षेत्रीय रणनीतिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर होगा, जो कि एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के उनके साझा दृष्टिकोण को देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्री क्वैड सहयोग की समीक्षा करेंगे और 2021 में हुए दो शिखर सम्मेलनों में नेताओं द्वारा घोषित सकारात्मक और रचनात्मक एजेंडे का निर्माण करेंगे, ताकि समकालीन चुनौतियों जैसे कि कोविड-19 महामारी, आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन (शेष पेज 9)



दोहा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कतर के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी से भेंट की और राजनीतिक, आर्थिक, डिजिटल और सुरक्षा साझेदारी पर चर्चा की

# नोएडा, गाजियाबाद में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान आज

## गौतमबुद्धनगर की तीनों विधानसभा सीटों पर 100 साल से ज्यादा उम्र के 324 मतदाता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### ● जरूरी सेवाओं को छोड़कर सभी निजी एवं सरकारी संस्थान रहेंगे बंद

दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और हापुड़, की 11 सीटों पर प्रथण चरण के तहत आज मतदान होगा। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और हापुड़ में बृहस्पतिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।


जिला प्रशासन के आदेश पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी निजी एवं सरकारी संस्थान बंद रहेंगे। ऐसे में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी बंद रहेंगी। इसके अलावा दिल्ली सरकार ने भी उन कर्मचारियों को अवकाश देने का ऐलान किया है, जो नोएडा में काम करते हैं अथवा रहते हैं, लेकिन मतदाता यूपी के हैं। वहीं, सहूलियत के हिसाब से जरूरी सेवाओं से जुड़े संस्थान खुले रहेंगे।

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर क्षेत्र को चार जोन व 29 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी जोन व सेक्टर के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। सुरक्षा बलों की भी आठ कंपनियों को मतदान केंद्रों के बाहर तैनात किया गया है।

संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वेब कास्ट से निगरानी रहेगी। साथ ही मोदीनगर, निवाड़ी व भोजपुर तीनों थानों में क्यूआरटी की भी दो-दो टीम गठित की गई हैं। इनमें इंस्पेक्टर व दारोगा के साथ दस सिपाहियों को रखा गया है। क्यूआरटी की टीम मतदान केंद्रों पर सुबह से ही निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। मतदान केंद्र के आसपास हल्का प्रभारी व बीट कांस्टेबल नजर बनाए रखेंगे। सुबह से क्षेत्र छावनी में तब्दील कर दिया जाएगा।

विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन विभाग ने गौतमबुद्धनगर के मतदाताओं के लिए अंतिम सूची जारी कर दी है। इस बार 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में कुल 16 लाख 23 हजार 545 मतदाता अपने तीनों विधायक का चयन करेंगे। गौतमबुद्ध नगर के डीएम और निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की तरफ से मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है।

इस बार गौतमबुद्ध नगर में कुल 82 हजार 939 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, लेकिन जनपद से 27.017 मतदाताओं का नाम फाइनल सूची से बाहर किया गया है। जानकारी के मुताबिक ये 27.017 मतदाता वो हैं जो जिला छोड़कर चले गए है या फिर कुछ की मौत हो गई हैं। सुहास एलवाई ने बताया कि जनपद में इस समय 25.24 लाख लोगों की



आबादी है। इनमें से केवल 16 लाख 23 हजार 545 लोगों का ही पहचान पत्र बना हुआ है। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि मतदाताओं की जो अंतिम सूची जारी हुई है। उसके मुताबिक इस बार 82 हजार 939 नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए। इनमें 43,143 पुरुष और 39,786 महिला मतदाता लिस्ट में शामिल हैं। इस बार टोटल 16 लाख 23 हजार 545 मतदाता ही चुनाव दे पाएंगे। टोटल में से इनमें पुरुष मतदान 90,23,394 और 7,21,052 महिला मतदाता शामिल हैं। गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा सीटों पर कुल 1,754 बूथ बनाए गए हैं। जहां पर लोग अपना मतदान करेंगे। जिले में मतदान केंद्र की संख्या 552 हैं। सबसे ज्यादा मतदान केंद्र जेवर विधानसभा में 202 होंगे।

दादरी में 201 और नोएडा में 149 मतदान केंद्र होंगे। तीनों विधानसभा को 26 जोनल मजिस्ट्रेट और 116 सेक्टरों में बांटा गया है। विधानसभा चुनाव में इस बार 100 वर्ष की उम्र के ऊपर के 324 मतदाता वोट करेंगे। जनपद में 80 से 89 वर्ष की उम्र के 19,592 मतदाता हैं। जबकि 70 से 79 आयु वर्ग में 61,781 मतदाता हैं। यह सभी इस बार मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा सीटों पर कुल 99 ट्रांसजेंडर है। सबसे कम नोएडा विधानसभा सीटों पर 7 ट्रांसजेंडर हैं।

# कोरोना संक्रमित मरीज भी कर सकेंगे अपने मत का प्रयोग

## स्वास्थ्य विभाग ने की खास तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिले में धीरे-धीरे अब कोरोना संक्रमित मरीजों का सिलसिला समाप्त होता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अगर संक्रमित व्यक्ति मतदान करना चाहता है तो उसके लिए व्यवस्था कर दी गई है। कोरोना संक्रमित पीपीई किट पहनकर मतदान करेंगे। हर स्वास्थ्य केंद्र पर चार बेड मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए आरक्षित कर दी गई है।

सीएमओ डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि पॉजिटिव मरीज अगर मतदान करने आता है तो उसे पीपीई मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा संक्रमित मरीजों के लिए मतदान केंद्र पर अलग बूथ का इंतजाम किया गया है। सीएमओ ने कहा है कि 10 फरवरी को सभी स्वास्थ्य इकाइयों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव के सभी तैयारियां कोरोना को



ध्यान में रखते हुए की गई हैं। जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर इस बार हर मतदान केंद्र पर एक कोविड.19 हेल्प डेस्क बनाई गई है। इस बार चुनाव में जिला प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चुनाव की ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। ताकि वह कोरोना से बचाव कर सकें। साथ ही सभी मतदाताओं की स्क्रीनिंग कर और लक्षणयुक्त मतदाताओं को अलग से बनाए गए बूथ पर मतदान के लिए भेजा जाएगा।

# खराब होने पर 15 से 30 मिनट में पहुंचेगी ईवीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा सीटों पर 1840 मतदान केंद्रों के बूथ पर एक-एक ईवीएम मशीन होगी, लेकिन अगर कोई ईवीएम मशीन अचानक खराब हो जाती है तो उसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम सुहास एलवाई ने खास रणनीति तैयार की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खराब होने पर मतदान प्रक्रिया ज्यादा देर तक प्रभावित नहीं होगी। ईवीएम मशीन में खराबी की सूचना मिलने के 15 से 30 मिनट के भीतर मतदान बूथ पर पुलिस प्रशासन की टीम नई ईवीएम मशीन लेकर आएगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली है।



इसको लेकर नई टीम का गठन भी किया है। विधानसभा चुनाव में कुल 26 जोनल और 125 सेक्टरों में बांटा गया है। उसपर एक-एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। मतदान के दिन इन सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के पास एक-एक ईवीएम मशीन उपलब्ध होगी।

साथ ही तीनों विधानसभा सीटों पर कुल 5 केंद्र बनाए गए हैं। वहां पर एक रिजर्व ईवीएम मशीन होगी। जहां पर कोई ईवीएम मशीन खराब होगी तो वहीं से ईवीएम मशीन जाएगी। नोएडा विधानसभा में 755 मतदान बूथ, दादरी विधानसभा में 665 बूथ और जेवर में 420 मतदान बूथ हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस बार जिले की तीनों सीटों पर मॉडल बूथ बनाए गए हैं, प्रशासन ने जिले में ऐसे 243 बूथ बनाए हैं। इन बूथों पर मतदाताओं को खास सुविधाएं प्राप्त होंगी। वोटरों को आकर्षित करने के लिए प्रशासन ने हर मॉडल बूथ पर सेल्फ ी प्वाइंट, समाचार पत्र और पानी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई है। इन बूथों पर लोगों को उत्सव जैसा माहौल मिलेगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की तरफ से मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है।

## मतदान के दिन घूमने वालों पर रहेगी पाबंदी

**नोएडा।** जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर जारी चुनावी शोरगुल मंगलवार शाम 6 बजे थम गया है। आज होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन ने शहर के मॉल मल्टीप्लेक्स और दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है।

शासन गाइडलाइन आने के बाद जिला प्रशासन ने भी इसके लिए सर्कुलर जारी भी कर दिया है। शासन की तरफ से गाइडलाइन में मॉल मल्टीप्लेक्स दुकाने सब बंद रहेंगे ताकि स्टाफ के लोग तसल्ली से मतदान केंद्रों पर जाकर अपना वोट देकर अपने मत का प्रयोग कर सकें।

# चुनाव से पहले 6.8 करोड़ की नकदी पकड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### ● करीब एक लाख लीटर शराब की बरामद

उत्तरप्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में पुलिस ने विधानसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श अचार संहिता के बाद से करीब 6.8 करोड़ रुपये की नकदी और करीब एक लाख लीटर अवैध शराब जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्तालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक अबतक जिले में 6,34,38,000 रुपये की ''अघोषित नकदी'' जब्त की गई है।

आयुक्तालय के आंकड़ों के मुताबिक जिले से अब तक 1,11,019 लीट अवैध शराब जब्त की गई है। पुलिस ने इसके साथ ही 177 अवैध हथियार भी जब्त किए हैं जबकि 7,915 लाइसेंसी हथियारों को मतदान से पहले जमा कराया गया है। पुलिस आयुक्तालय के मुताबिक चुनाव के मद्देनजर राज्य पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों की भी तैनाती की गई है और करीब 22 हजार ''शरारती तत्वों'' के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है। इस दौरान 34 असमाजिक तत्वों को उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिला बदर किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले की तीन विधानसभा सीटों - नोएडा, दादरी और जेवर पर आज पहले चरण में मतदान होगा। इन तीनों सीटों पर कुल करीब 16 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा आठ जनवरी को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी और मंगलवार शाम को जिले में प्रचार अभियान थम गया।

# संक्षिप्त समाचार

### कार से एक लाख रुपये से अधिक की रकम बरामद

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने तथा चुनावी लाभ के लिए शराब, धन तथा कीमती वस्तुओं का प्रयोग रोकने के उद्देश्य से बनाई गई स्टेटिक टीम और पुलिस ने मंगलवार रात को संयुक्त कार्रवाई करते हुए गौतमबुद्ध नगर में दनकौर क्षेत्र से एक कार में रखे एक लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि स्टेटिक टीम और दनकौर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के तहत दलेलगढ़ पुलिया के पास जांच के दौरान एक कार रोकी। कार में सवार राहुल भाटी के पास से पुलिस ने एक लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किए। उन्होंने बताया कि बरामद रकम के बारे में राहुल भाटी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। रकम को जब्त कर लिया गया है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



स्व. सुरेश तिवारी को श्रद्धांजलि देते गणमान्य लोग।

### स्व. सुरेश तिवारी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** ब्राह्मण समाज के संरक्षक गणेश शंकर त्रिपाठी ने स्व सुरेश तिवारी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सभी के साथ सुख-दुख में हमेशा खड़े रहते थे। कार्यक्रम में नोयडा के निवर्तमान विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता पंकज सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. सुरेश तिवारी सर्व समाज के लिए सुलभ रहते थे एवं सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता सदैव ही अग्रणी रही है। सपा के नेता सुनील चौधरी ने श्रद्धांजलि दिया एवं कहा कि स्व तिवारी ने जिस प्रकार नोयडा के लिए कार्य किया है वह हम कभी भी भूल नहीं सकते हैं। इसके अतिरिक्त ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष एसएन मिश्र ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनको एक महान सामाजिक कार्यकर्ता बताया, श्रद्धांजलि सभा में ब्राह्मण समिति के महासचिव हरीश मिश्र, मुकुल बाजपेई, शैलेन्द्र पाठक, सुभाष पांडेय, विकास तिवारी, अनुज त्रिपाठी, अभिनव पांडेय, लोकेश त्रिपाठी, आर पी शुक्ला, ममता पांडेय, डीडी तिवारी, पीके मिश्र, हरेंद्र दुबे, राम कुमार पांडेय, आकाश तिवारी, राहुल त्रिपाठी, नितेश दुबे समेत अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### किशोर पर मोबाइल चोरी करने का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर-50 मार्केट में पेन बेचने आए किशोर ने महिला का मोबाइल चोरी कर लिया। इसको लेकर महिला ने सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में डॉ मानसी ने बताया कि वह सेक्टर-46 में रहती हैं। वह छह फरवरी को सेक्टर.50 मार्केट गई थीं। इसी बीच पेन बेचने के लिए किशोर आया। उसने महिला की जैकेट से उनका मोबाइल चोरी कर लिया। कुछ देर बाद महिला को शक हुआ तो उन्होंने जैकेट की जेब में हाथ डाला। उन्हें जेब में मोबाइल नहीं मिला। महिला को पेन बेचने वाले किशोर पर शक हुआ। इस पर महिला ने कुछ दूरी पर ही किशोर को पकड़ लिया। फिर पुलिस को मामले की सूचना दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल के संबंध में किशोर से पूछताछ की जा रही है।

# दुल्हन के भाइयों पर हत्या की कोशिश का केस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### ● हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस

प्रेम विवाह करने वाले युवक के भाई को गोली मारने की घटना में पुलिस ने दुल्हन के तीन भाइयों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है। घटना के संबंध में घायल युवक के भाई ने विजय नगर थाने में तहरीर दी थी।

पुलिस का कहना है कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं, दिल्ली जीटीबी में भर्ती युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के कैला भट्ठा निवासी अनस का मोती मस्जिद कैला भट्ठा निवासी जेबा से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 15 दिन पहले दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली थी। जिसको लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को मुचलका पाबंद भी किया था। जेबा का भाई सलमान इस शादी से नाराज था।

आरोप है कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे अनस का भाई इमरान सादिक की पुलिया के पास से जा रहा था। इसी दौरान सलमान अपने एक साथी के साथ बाइक से वहां पहुंचा और इमरान को गोली मार दी। सीने में गोली लगने से इमरान लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसके बाद सलमान और उसका साथी मौके से फरार हो गया।

विजयनगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक ने बताया कि घायल इमरान के भाई शाहरुख ने गोली मारने वाले सलमान और उसके दो भाइयों के खिलाफतहरीर दी थी। सलमान के दो अन्य भाइयों पर भी घटना के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के आधार पर तीनों भाइयों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर लिया गया है।

# केवाईसी अपडेट के नाम पर 1.41 लाख ठगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कौशांबी थाना क्षेत्र में एक युवती से साइबर ठग ने मोबाइल सिम कार्ड की केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर 1.41 लाख की ठगी कर ली। ठग ने मैसेज भेजने के बाद मोबाइल पर बात की। पीड़िता को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने ठगी के मामले की कौशांबी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कौशांबी निवासी प्रीति ने बताया कि उनके मोबाइल पर आए मैसेज में जल्द ही सिम नंबर बंद होने का हवाला दिया गया। इसको लेकर पीड़िता ने मैसेज में दिए नंबर पर संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी कॉल नहीं उठाई। हालांकि कुछ देर बाद उसी नंबर से पीड़िता के पास फोन आया। फ ोन करने वाले ने पीड़िता को ऑनलाइन मोबाइल अपडेट कराने को बोला। इसके एवज में 10 रुपये की फ ीस जमा कराना बताया। ठग ने पीड़िता को झांसे में लेकर एप डाउनलोड करवा कर ओटीपी साझा कर लिया। उसके बाद पीड़िता के बैंक खाते से दो बार में 65 व 76 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए।

### एटीएम कार्ड से हेराफेरी करने वाले 3 धरे

**नोएडा।** एटीएम कार्ड में हेराफेरी कर लोगों के खाते से रुपये निकालने वाले गिरोह के कथित तीन सदस्यों को गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ईकोटेक-3 थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर हल्द्वानी मोड़ के नजदीक नितिन कुमार (निवासी कासगंज), सोनू महेश्वरी उर्फ कल्लू और सचिन कुमार नामक युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 11 एटीएम कार्ड, आठ हजार रुपये नगद तथा एक स्विफ्ट कार बरामद किया है।

## यति नरसिंहानंद के समर्थन में 12 से निकालेंगे पदयात्रा

**गाजियाबाद।** यति नरसिंहानंद के समर्थन में 12 फरवरी से गाजियाबाद से पदयात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के सदस्यों ने एक प्रेस वार्ता में दी।

प्रेसवार्ता में डॉ उदिता त्यागी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद गिरि और जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी के समर्थन में 12 से हिंदू जागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा जिलाधिकारी कार्यालय से शुरू होकर सीएम ऑफिस देहरादून तक जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की हुई मौत

## अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती एक अन्य की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### ● एक ही बाइक पर सवार थे तीनों, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी थाना क्षेत्र में चिटैहरा गांव के पास जीटी रोड पर हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दादरी थाना के प्रभारी निरीक्षक संजीव विश्नोई ने बताया कि बीती रात को सोनू सिंह (35 वर्ष) और रवि कुमार (34 वर्ष) अपने एक अन्य साथी के साथ एक ही



मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी चिटैहरा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने रवि कुमार व सोनू सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि उनके तीसरे साथी की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।



डासना स्थित आईएमएस कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पलटी बस।

# बिजनौर से दिल्ली जा रही बस हाईवे किनारे गड्ढे में पलटी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### ● दुर्घटना में एनएचआई कर्मचारियों समेत 6 लोग हुए घायल

बिजनौर से दिल्ली जा रही प्राइवेट बस मसूरी थानाक्षेत्र में डासना स्थित आईएमएस कॉलेज के पास हाईवे किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के दौरान बस में मौजूद सवारियों में चीख.पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने यात्रियों को मशक्कत कर बाहर निकाला। हादसे में एनएचएआई के कर्मचारी समेत छह लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया।

मसूरी एसएचओ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बिजनौर से एक प्राइवेट बस बुधवार सुबह दिल्ली जा रही थी। बस में महिलाओं-बच्चों समेत करीब 28 सवारी मौजूद थीं। बताया गया है कि सुबह करीब 8: 30 बजे डासना स्थित आईएमएस कॉलेज के पास फ्लाईओवर से उतरते ही बस अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे गड्ढे में पलट गई। इसके बाद बस में सवार लोगों में चीख.पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस में फंसी सवारियों को बाहर निकालने के बाद हादसे की जानकारी पुलिस को दी। उधर, हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। एसएचओ ने बताया कि हादसे में करीब आधा दर्जन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। इनमें एनएचएआई के एक कर्मचारी और महेश नाम के यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पंजीकरण में अड़ंगे के कारण नहीं शुरू हुई इलेक्ट्रिक बस सेवा

## मंगलवार से होना था संचालन, रोडवेज और संभागीय परिवहन विभाग आमने-सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

संभागीय परिवहन विभाग (आरटीओ) में पंजीकरण के अड़ंगे की वजह से मंगलवार से पांच इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू नहीं हो पाया। नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर मुरादनगर तक रूट तय किए जाने के कारण आरटीओ कार्यालय की ओर से इन बसों का रजिस्ट्रेशन सिटी बसों के रूप में किए जाने से इनकार कर दिया गया। विवाद न सुलझ पाने की वजह से मंगलवार तक इनका पंजीकरण नहीं हो पाया।

रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि इस समस्या का हल के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा। दो-तीन दिन में बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

पांच इलेक्ट्रिक बसें जनवरी माह से कौशांबी.मुरादनगर रूट पर संचालित की जा रही




हैं। इनके अलावा गाजियाबाद के लिए पांच अन्य बसें करीब 10 दिन पहले ही मिल गई थीं। इनके पंजीकरण की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो पाई।

संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी पहले इन बसों के पंजीकरण के लिए अतिरिक्त कर यात्री कर की डिमांड करते रहे, जबकि सिटी बसों के लिए इसमें छूट है। रोडवेज के अधिकारियों ने लखनऊ से उन्हें लिखित आदेश मंगाकर दिखाया तो वह पंजीकरण में छूट देने पर राजी हुए। अब उन्होंने नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर तक बसों का रूट तय किए जाने पर आपत्ति लगाकर नया अड़ंगा लगा दिया। संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह कहकर फ ाइल लौटा दी कि यात्री कर से छूट सिर्फ शहर के अंदर चलने वाली बसों के लिए है। शहर से बाहर बसों को चलाने पर शुल्क जमा कराना होगा।

इलेक्ट्रिक बसों के रूट रोडवेज के अधिकारियों ने नहीं बल्कि नगरायुक्त, एसपी ट्रैफिक, रोडवेज, संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी समेत कई अन्य अधिकारियों की कमेटी ने तय किए थे। ऐसे में अब रूट को दोबारा तय करना पड़ा तो मसले को दोबारा कमेटी के सामने ले जाना पड़ सकता है। रोडवेज निगम एआरएम ने कहा कि पंजीकरण की प्रक्रिया एक-दो दिन में पूरी हो जाएगी। इसके बाद इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। पंजीकरण में जो अड़चनें थीं उन्हें दूर कर लिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# डीयू में 17 से शुरू होंगी कक्षाएं

## कुलसचिव ने परिसर खोलने को लेकर जारी किया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली कोविड-3. के मामलों में आई कमी के चलते दिल्ली विश्वविद्यालय करीब दो वर्ष बाद 17 फरवरी से फिर से खोला जाएगा। इसको लेकर डीयू कुलसचिव ने कॉलेजों को खोलने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय में ऑफलाइन कक्षाएं बहाल करने की मांग को लेकर छात्र- छात्राएं कुलपति व नार्थ कैम्पस में पिछले तीन दिनों से लगातार विरोध कर रहे थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मुताबिक, 17 फरवरी से अंडरग्रेजुएट और स्नातकोत्तीर कोर्स की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों से दिल्ली पहुंचने वाले छात्रों को कॉलेज आने से पहले तीन दिन के लिए अनिवार्य क्वारंटाइन रहना होगा। कॉलेज की प्रयोगशालाएं और कैंटीन 17 फरवरी से खुल जाएंगे। छात्रों को यहां डीडीएमए, केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय की कोरोना से संबंधित सभी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करना जरूरी होगा। कॉलेज परिसर, हॉस्टल में कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। इसका दायित्व डीन, विभागाध्यक्ष, कॉलेज प्रिंसिपल और हॉस्टल इंचार्ज का होगा। जैसे-मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और हैंड सैनिटाइजर आदि। सभी कॉलेज के प्रिंसिपल, डिपार्टमेंट हेड को सुनिश्चित करना होगा कि टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ और छात्रों का वैक्सीनेशन पूरा हो गया है। अगर नहीं हुआ तो जल्द से जल्द कराया जाए।

कोविड-3. के कम होते मामलों को देखते हुए दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने गत सात फरवरी से स्कूल समेत सभी शिक्षण संस्थानों को खोलने की अनुमति दे थी। डीडीएमए के आदेश के बाद जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की ओर से भी सात फरवरी से परिसर खोलने का आदेश जारी कर दिया गया था लेकिन दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कैंपस खोलने को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया था।



फाइल फोटो

## लगातार तीसरे दिन जारी रहा विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में ऑफलाइन कक्षाएं बहाल करने की मांग को लेकर छात्र-छात्राएं लगातार तीसरे दिन यानी कि बुधवार को भी नार्थ कैम्पस में प्रदर्शन किया। छात्र अपनी मांगों को अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाएं।



स्टुडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने सड़क पर कक्षा अभियान की शुरुआत की जहां पर मिरांडा हाउस की प्रोफेसर आभा देव हबीब ने विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की कार्यप्रणाली और शिक्षा प्रणाली में होने वाले बदलावों पर बात की। हबीब ने इस दौरान अकादमिक परिषद की कथित अलोकतांत्रिक प्रवृत्ति को रेखांकित किया और चार साल के पूर्वस्नातक पाठ्यक्रम (एफवाईयूपी) और केंद्रीय विश्वविद्यालय समान प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) को छात्र विरोधी नीति करार दिया। इस बीच, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से सबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की इसी मुद्दे पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन जारी रही।

वाम दलों से सबद्ध ऑल इंडिया स्टुडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) ने ऑफलाइन कक्षाएं बहाल करने की मांग को लेकर कला संकाय के बाहर चक्का जाम का आयोजन किया।

# सभी सरकारी आफिस में बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

## कर्मचारी व अधिकारी काम कराने के दौरान कर सकेंगे अपने वाहन चार्ज : गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। सभी सरकारी दफ्तरों में तीन महीने के भीतर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इस सुविधा के चालू होने से सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी और वहां पर आने वाले आम लग भी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके संबंध में केजरीवाल सरकार की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

आम आदमी पार्टी की सरकार के आदेश में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के सभी विभाग उपयुक्त स्थानों की पहचान करें और अपने परिसर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करें। सरकारी कार्यालयों में तीन महीने के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। डिस्कॉम के पैनल में शामिल वेंडर के जरिए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनवाने पर 6 हजार रुपए प्रति चार्जिंग प्वाइंट सब्सिडी मिलेगी। डिस्कॉम के साथ मिलकर परिवहन विभाग ने सिंगल विंडो प्रक्रिया स्थापित की है। सिंगल विंडो प्रक्रिया का इस्तेमाल डिस्कॉम्स के पैनल वाले विक्रेताओं से रियायती और कम टैरिफ पर ईवी चार्जर लगाने के लिए किया जा सकता है। केजरीवाल सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि सरकारी भवनों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना सुनिश्चित करें।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। सरकार के नए फैसले के तहत अब सभी सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जहां पर सरकारी कर्मचारियों के साथ आम जनता भी अपने वाहनों को चार्ज कर सकेगी।

सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनने से लोग दफ्तरों में काम कराने के दौरान अपने वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी-कर्मचारी भी इलेक्ट्रिक वाहनों से दफ्तर आने के लिए प्रेरित होंगे।


फाइल फोटो

### तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या

दिल्ली में सितंबर से नवंबर तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों ने सीएनजी और डीजल वाहनों की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। कुल बेचे वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों का 9 फीसदी हिस्सा है जबकि राष्ट्रीय औसत 1.6 फीसदी है। सितंबर और नवंबर 2021 में ईवी की बिक्री 9.2 फीसदी थी। वहीं सीएनजी वाहनों की बिक्री नवंबर में 6.5 फीसदी रह गई है। इस दौरान कुल 9,540 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। इसमें से सितंबर में 2,873, अक्टूबर में 3,275 और नवंबर में 3,392 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। पेट्रोल वाहनों के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। ईवी नीति को देश में सबसे प्रगतिशील नीति के रूप में स्वीकार किया। सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और दिल्ली को भारत की ईवी राजधानी बनाने के मकसद के साथ, अगस्त 2020 में इलेक्ट्रिक वाहन नीति की घोषणा की थी।

# डोर स्टेप डिलीवरी योजना में शामिल होंगी नई एजेंसियां

- 2018 में केजरीवाल सरकार ने शुरू की थी योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग सार्वजनिक सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी के लिए एक नया और बेहतर संस्करण शुरू कर रही है। इसके लिए विभाग ने दो नई मैनपावर एजेंसियों को पैनल में शामिल किया है। दो थर्ड पार्टी वेंडर सीएससी ई-गवर्नेंस और कोर डॉक 2 (यमुना ट्रांस के लिए) को पैनल में शामिल किया है।

यह कंपनियां वीएफएस ग्लोबल की जगह लेंगी। इसके लिए निविदा प्रक्रिया अक्टूबर 2021 में शुरू की गई थी। जिसके बाद इन एजेंसियों को दिल्ली सरकार ने डोर स्टेप डिलीवरी सेवाओं के लिए चुना है। ये दोनों एजेंसियां क्रमशः 70 फीसदी और 30 फीसदी काम देखेंगी। दिल्ली के आम लोगों के सुझाव और सकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर सरकार ने योजना के तहत सेवाओं के कार्यान्वयन में सुधार के लिए यह कदम उठाया है।

केजरीवाल सरकार ने सितंबर 2018 में सरकारी सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी योजना शुरू की, जो वर्तमान में नागरिकों के घरों पर 100 सेवाओं की आपूर्ति कर रही है।

# मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा का प्रदर्शन, वादाखिलाफी का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप सरकार द्वारा किसानों की मांगें पूरा नहीं किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री निवास के बाहर बुधवार को प्रदर्शन किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में किसानों के साथ नाइंसाफी की गई है।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदर्शन स्थल पर कहा कि केजरीवाल ने सत्ता में आने से पहले किसानों से कई बड़े वादे किये थे, लेकिन एक भी पूरा नहीं किया ।

भाजपा की दिल्ली इकाई ने कहा कि 12 सूत्री मांगों के समर्थन में आयोजित इस प्रदर्शन में दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया। दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत ने भी इसमें भाग लिया। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के किसानों को सिंचाई के वास्ते मुफ्त बिजली का वादा किया था लेकिन उन्हें मुफ्त बिजली नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि एक तरह से सरकार किसानों को रोक रही है। केजरीवाल सरकार किसानों को अपने खेतों में ट्यूबवेल नहीं लगाने देती है। यदि वे किसी तरह ट्यूबवेल लगवा लेते हैं तो बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जाता है। किसानों को इस तरह की नाइंसाफी और अपराध का शिकार बनाया जाता है।

## आतंकी मामले में आरोपी की जमानत अर्जी कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी सहित कई अन्य जगहों पर आतंकी हमलों को अंजाम देने की कथित साजिश के सिलसिले में गिरफ्तार एक व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने अबू बकर को जमानत देने से इनकार कर दिया जिसे पिछले साल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुछ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। अदालत ने आठ फरवरी को अपने आदेश में कहा कि मामले में जांच अभी भी जारी है और न्यायाधीश ने जांच पूरा करने की अवधि पहले ही बढ़ा दी थी।

आरोपी ने इस आधार पर राहत की मांग की थी कि वह 14 सितंबर 2021 से न्यायिक हिरासत में है और इस बात का भरोसा दिलाता है कि मामले से जुड़े सबूतों यदि हों तो उनके के साथ छेड़छाड़ करने या किसी गवाह को डराने.धमकाने की कोशिश नहीं करेगा। आरोपी ने यह भी कहा कि वह जांच प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करेगा।

# आरआरटीएस कॉरिडोर निर्माण में प्रीकास्ट तकनीक का इस्तेमाल

- लोगों की असुविधा को कम करने के लिए अपनाया आधुनिक तकनीक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के निर्माण में प्रीकास्ट निर्माण तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है। निर्माण के दौरान लोगों की असुविधा को कम करने और दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का काम समय पर पूरा करने के लिए स्टेशनों और वायाडक्ट के निर्माण के लिए प्रीकास्ट तकनीक को अपनाया गया है।

कॉरिडॉर के सभी एलिवेटेड स्टेशन सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर उत्तर, मोदीनगर दक्षिण और मेरठ के स्टेशनों के कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म लेवल का निर्माण भी प्रीकास्ट तकनीक की मदद से किया जा रहा है। इसके लिए सेकेंडरी बीम, पियर आर्म्स और अन्य स्टेशन के हिस्से कास्टिंग यार्ड में तैयार किए जाते हैं और उच्च क्षमता वाले रिंग और क्रेन की मदद से स्टेशनों और वायडक्ट्स पर जोड़े जाते हैं। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समय की बचत सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के पास के अन्य कार्य जैसे आरसीसी ड्रेन, वाटर हार्वेस्टिंग पिट आदि जैसे कार्यों को भी प्री-कास्ट तकनीक से बनाया जा रहा है।

निर्माण कार्य में 70 से 80 प्रतिशत से भी अधिक सिविल संरचनाओं को प्रीकास्ट किया जा रहा है जो कास्टिंग यार्ड में ऑटो लॉन्चिंग गैन्ट्री की मदद से चल रही है। यह पूरी प्रक्रिया ऑन-साइट निर्माण के साथ साथ चलती है जो परियोजना निर्माण अवधि को कम कर देती है। प्री-कास्ट बॉक्स गर्डर सेगमेंट, ओएचई पैरापेट्स, आई-गर्डर्स, पोर्टल यू-शेल्स, ट्रैक स्लैब, स्टेशन स्ट्रक्चर आदि जैसे सरंचनाए आरआरटीएस के स्टेशन और वायडक्ट के निर्माण की तीव्र गति को सुनिश्चित कर रहे हैं।

## पुलिस थानों में सिपाही के 5,500 से अधिक पद खाली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न थानों में सिपाही के 5,500 से अधिक पद खाली हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में 224 पुलिस थाने हैं और इनके लिए सिपाही के 21,244 पदों की मंजूरी मिली हुई है। मंजूर किए गए पदों में से करीब साढ़े पांच हजार पद खाली हैं।

नित्यानंद राय ने कहा कि पदों के रिक्त होने की कई वजहें है, जिनमें एक वजह सेवानिवृत्ति भी है। नए पदों का सृजन एक गतिशील प्रक्रिया है जबकि रिक्त पदों पर नियुक्ति एक सतत प्रक्रिया है। दिल्ली पुलिस ने खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

# कबाड़ का वैज्ञानिक तरीके से होगा निस्तारण

## पूर्वी निगम ने शक्ति ओलेवीन कम्पाउंड्स के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली निगम स्क्रैप मैटेरियल का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करेगा। इस पहल से पूर्वी निगम क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक क्षेत्रों व संस्थागत क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। इससे कबाड़ से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। साथ ही निगम को एक लाख रूपए से अधिक की मासिक आमदनी भी होगी जो उसे एक निश्चित रॉयल्टी के रूप में मिलेगी।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने स्क्रैप मैटेरियल के संग्रहण, परिवहन व समुचित निस्तारण के लिए मैसर्स शक्ति ओलेवीन कम्पाउंड्स के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि स्क्रैप सामग्री के पर्यावरण नियमों के अनुसार निस्तारण करने से सामाजिक आर्थिक व पर्यावरण को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी। निगम की इस पहल से पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक क्षेत्रों व संस्थागत क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। इससे ना केवल स्क्रैप मैटेरियल से पैदा होने वाले कचरा प्रदूषण को कम किया जा सकेगा बल्कि निगम को एक लाख रूपए से अधिक मासिक रॉयल्टी भी मिलेगी। आम लोगों को भी आर्थिक लाभ होगा और वे तय दरों पर अपना कबाड़ निगम द्वारा अनुबंधित एजेंसी को बेच सकेंगे। इस प्रकार वे पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने कहा कि पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के साथ-साथ घरेलू क्षेत्र से भी बड़ी मात्रा में कबाड़ निकलता है। इसका निस्तारण भी वैज्ञानिक तरीके से नहीं हो रहा है जिससे पर्यावरण की नुकसान पहुंच रहा है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम की इस पहल से इस दिशा में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार


नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन करते महापौर।

### महापौर ने किया तीन सड़कों का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने बुधवार को रघुवरपुरा वार्ड में बुधवार को 19.5 लाख की लागत से बनने वाले तीन सड़कों का उद्घाटन किया। महापौर ने रघुवरपुरा में गली नं 3 चांद मोहल्ला, गली नं 2 राजग ? कॉलोनी और जाटव मोहल्ला पुराना सीलमपुर और नालियों के निर्माण का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुश्री कंचन शर्मा एवं क्षेत्रवासियों ने महापौर को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महापौर ने बताया कि दो गलियों के निर्माण के दौरान नालियों को बंद कर दिया जाएगा। घरों में रसोईघरों व स्नानघरों से निकलने वाले पानी के सभी कनेक्शन पानी की लाईन को सीवर लाईन से जोड़ दिया जाएगा तथा हर 50 फीट पर बारिश के पानी की निकासी के लिए चैम्बर का निर्माण किया जाएगा। जाटव मोहल्ले की गली का उद्धाटन करते हुए महापौर ने कहा कि जनता की मांग पर भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर चौक एक माह में कर दिया जाएगा।

### रिठाला में जनता की मदद को लगा रहे नियमित शिविर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में विभिन्न शिविर लगाकर मदद की जा रही है। आधार कार्ड, वोटर कार्ड, श्रम कार्ड और चिकित्सा शिविर के माध्यम से जनता की मदद की जा रही है। इन शिविरों का आयोजन आप नेता प्रदीप मित्तल द्वारा किया गया। गत सप्ताहांत जी ब्लॉक में आयोजित तीन दिवसीय दंत व नेत्र चिकित्सा में सैकड़ों मरीजों का उपचार किया गया। वहीं सोमवार से शुक्रवार तक आधार कार्ड, वोटर कार्ड व श्रम कार्ड कैंप से मदद जारी है। प्रदीप मित्तल कोरोना काल में भी बड़ी संख्या में लोगों की मदद की और नियमित भोजन की व्यवस्था की।



# गडकरी 7 मार्च को करेंगे एक हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

## केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने दी जानकारी

## इसी दिन गुरुग्राम में नितिन गडकरी की जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दिल्ली-जयपुर** नेशनल हाईवे पर यातायात का दबाव कम करने के लिए मार्च माह में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए आ रहे हैं। सांसद एवं केंद्रीयमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वे इस दिन एक हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही गुरुग्राम में उनकी जनसभा भी होगी।

राव इंद्रजीत सिंह के मुताबिक इन महत्वपूर्ण योजनाओं के सिरे चढ़ने के बाद दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के दबाव को कम किया जा सकेगा व लोगों के लिये सफर भी आसान हो सकेगा। मार्च के पहले सप्ताह में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुग्राम से इन योजनाओं का शिलान्यास शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा जिस का स्थान निश्चित करने के लिए जल्दी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों का दौरा निश्चित किया जाएगा। राव इंद्रजीत ने बताया कि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनकी मुलाकात के दौरान तय हुआ है कि मार्च में राष्ट्रीय राजमार्ग विभिन्न परियोजना का शिलान्यास शुभारंभ गुरुग्राम में जनसभा के माध्यम से किया जाएगा। केंद्रीयमंत्री गडकरी ने जनसभा स्थल को फाइनल करने व कार्यक्रम की तैयारियों के निर्देश अधिकारियों को दे दिए हैं। सात मार्च की तारीख फिलहाल तय की गई है।

### बिलासपुर चौक फ्लाई ओवर पर आएगी 23 करोड़ की लागत

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत ने बताया कि दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित बिलासपुर चौक व मानेसर में यातायात का काफी दबाव पिछले वर्षों से बना हुआ है। अनेकों बार सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। हाईवे का निर्माण करने वाली कंपनी से विवाद के चलते योजनाओं के निर्माण में देरी हुई। राव इंद्रजीत ने बताया कि बिलासपुर चौक फ्लाईओवर करीब 23 करोड़ की लागत से मानेसर एलिवेटेड फ्लाईओवर करीब 90 करोड़ की लागत से व बावल चौक फ्लाईओवर 23 करोड़ से तैयार होगा। राव ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने के बाद दिल्ली जयपुर के सफर को और भी आसान बनाया जा सकेगा। राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रेवाड़ी के कॉपड़ीवास चौक पर फ्लाईओवर व धारूहेड़ा का बाईपास भी इसी योजना में शामिल हैं, जो करीब 200 करोड रुपये की लागत से तैयार होगा।

# गरीब बेटी की शादी में श्री श्याम परिवार फाउंडेशन ने दिया सामान



गुरुग्राम के गांव धनकोट में गरीब परिवार की बेटी की शादी में श्रीश्याम परिवार फाउंडेशन द्वारा दिया गया सामान।

**गुरुग्राम।** निर्धन परिवार की कन्या के विवाह के लिए श्री श्याम परिवार फाउंडेशन, श्री श्याम बजरंग परिवार संघ, श्री श्याम सहायता कोष व अन्य लोगों द्वारा जरूरत का सारा सामान भेंट किया गया। धनकोट गांव के इस परिवार की बेटी की शादी में टैंट का इंतजाम व खाने का प्रबंध भी संस्था द्वारा किया जा रहा है।

श्री श्याम परिवार फाउंडेशन शहर में सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहता है। लोगों की चिकित्सा में सहायता, गुरुग्राम संकीर्तन महोत्सव, द्वादशी निशुल्क संकीर्तन महोत्सव, योग शिविर, निशुल्क वैक्सीनेशन कैंप, निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप, और आर्टेमिस अस्पताल के साथ मिलकर लोगों के लिए मुफ्त एंबुलेंस को चलाना जैसे बहुत से कार्य किये जा रहे हैं। अब एक इस कन्या के विवाह को लेकर जैसे ही संस्था को जानकारी मिली तो इसकी तैयारी शुरू कर दी गई। कन्या दान के रूप में संस्था द्वारा एक सोने की नथ, चांदी का सेट, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुए, चार चांदी के कंगन, एक लड़की की अंगूठी, एक लड़के की अंगूठी व गले की चैन चांदी की, एक बेड, गद्दे, तकिये, एक अलमीरा, सिलाई मशीन, कम्बल, दरी, डिनर सेट, बैड शीट, लड़की की साड़ियां, सूट, लहंगा चुन्नी, लड़के के कोट-पैंट, लड़के के अन्य कपड़े, लड़की की चप्पल, प्रेस, जूसर मिक्सर, प्रेशर कूकर, दीवार घड़ी, लड़की व लड़के की हाथ की घड़ी, टेबल फैन समेत बाकी कई सामान परिवार को भेंट किया गया। फाउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन की मंगल कामना देते हुए कहा कि बेटी समाज की धरोहर है।

## संक्षिप्त-समाचार

### दुकाने से लाखों का सामान और 15 हजार रुपये चोरी

**सोहना।** शहर के अग्रसेन मार्ग पर दुकान की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर रात के समय में 15 हजार रुपये और लगभग लाख रुपये तक का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दुकानदार द्वारा दी गई शिकायत पर मौका मुआयना कर तीन दिन बाद मामला दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। शहर के वार्ड-15 निवासी दिवांशु ने स्थानीय पुलिस को बताया कि उसकी अग्रसेन मार्ग पर एक्सट्रीम सप्लिमेंट की दुकान है। उसकी दुकान के पीछे गौरव निवासी सोहना का कारखाना है जो कई माह से बंद है। 4-5 फरवरी की रात दुकान की पिछली दीवार तोड़कर चोर करीब 50 हजार रुपये का सामान, उसकी दुकान के गल्ले में रखे करीब 15 हजार रुपये और गौरव की दुकान में लगा करीब 20 हजार रुपये का म्यूजिक सिस्टम के साथ सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर ले गए। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि घटना स्थल का मौका मुआयना कर लिया है। दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमर खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही खुलासा होगा।

### आईटीआई में 10 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**गुरुग्राम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुरुग्राम द्वारा 10 फरवरी को अपरेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में भाग ले रही विभिन्न क्षेत्रों की छह कंपनियां अपनी जरूरतों व नियमों के हिसाब से 526 आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी निर्देशानुसार 10 फरवरी को आईटीआई गुरुग्राम के प्रांगण में अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में छह विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां भाग ले रही हैं, जिनमें मानेसर स्थित डेनसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए 21 छात्रों का चयन किया जाएगा। वहीं वीवीडीएन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में विभिन्न ट्रेडों के तहत 375 छात्राओं की प्लेसमेंट की जाएगी। इसके साथ-साथ वी कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड में 90 लोगों व रिएल्लो पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 40 लोगों का चयन किया जाएगा।

### रामलीला कलाकार धर्मचंद जिंदल की लंबी बीमारी से मौत



**सोहना।** रामलीला के मंच पर 62 वर्ष तक हनुमान का किरदार निभाने वाले धर्मचंद जिंदल का लंबी बीमारी के कारण बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शहर के धार्मिक, सामाजिक और राजनीति से जुड़े नागरिकों ने गहरा शोक जताया है। शहर के वार्ड-15 निवासी 90 वर्षीय धर्मचंद जिन्दल पिछले कई माह से बीमार थे। धर्मचंद के निधन पर शहर में रामलीला मंच से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं, कलाकार, धार्मिक कार्यकर्ता, राजनीति लोगों ने शोक जताया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, करणी सेना के अध्यक्ष सूरपाल अम्मू ने कहा कि धर्मचंद जिंदल 75 वर्ष तक रामलीला के मंच से जुड़े रहे। रामलीला के मंच पर उनकी आवाज सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से लोग आते थे। ललित जिंदल, कांग्रेस नेता जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि शहरवासियों ने एक सामाजिक, धार्मिक और रंगमंच का कलाकार खो दिया। सुभाष बंसल, हरीश नंदा, बलबीर रावत, यादराम डागर, अनुज गुप्ता, सतबीर पहलान, बीरसिंह नंबरदार आदि गणमान्य लोगों ने शोक जताया है।

### ऋणों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू की है। इसके तहत यदि लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में एक जून, 2022 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफकर दिया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी, जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। डीसी ने बताया कि ऋण लेने वालों को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी।

# निरंकारी कॉलेज के विद्यार्थी योग से रहेंगे निरोग



योग शिविर में योगा करते निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय के विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निरंकारी** बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय के विद्यार्थी अब योग के माध्यम से अपने शरीर को निरोग बनाएंगे। योग से उम्र को लंबी और सुंदर बनाने का ज्ञान भी अर्जित करेंगे।

मंगलवार से स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में 7 दिन का योग शिविर शुरू किया है। योग शिविर में कॉलेज के विद्यार्थी योग का ज्ञान प्राप्त करेंगे। योगाचार्य विजाता आर्य विद्यार्थियों को योगा का प्रशिक्षण देंगी। योगाचार्य विजाता आर्य विद्यार्थियों को साप्ताहित शिविर में योग करने से होने वाला शारीरिक लाभ का पाठ पढ़ाएंगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एमएस खत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि योग में जीवन के लिए अति अनिवार्य है। जिससे शरीर ही नहीं बल्कि मस्तिष्क भी बलवान बनता है। शिविर में डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर जगमाल, डॉक्टर सुरेंदर कुमार, अंजू, रोहिणी आदि के अलावा विद्यार्थी मौजूद थे।

# दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पांच साल की कैद

**गुरुग्राम।** युवती से दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज गुप्ता की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष की कैद व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जिले के सोहना सदर थाना पुलिस में एक युवती के पिता ने वर्ष 5 फरवरी 2021 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री शौच के लिए सरसों के खेत में गई थी। उसी दौरान वहां पर ग्राम भोगपुर मंडी का प्रताप भी आ गया। उसने बेटी से अभद्रता करते हुए उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी द्वारा शोर मचाए जाने पर आस-पास के लोग एकत्रित हो गए। प्रताप निर्वस्त्र अवस्था में शराब पीये हुए था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# ऑनलाइन पानी पंचायत में जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

## जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करने को दौलताबाद में ऑनलाइन पानी पंचायत




गुरुग्राम के गांव दौलताबाद में ऑनलाइन पानी पंचायत में भाग लेते सदस्य।

**गुरुग्राम।** जिले में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को गुरुजल सोसाइटी द्वारा गांव दौलताबाद में ऑनलाइन माध्यम से पानी पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में गांव के युवा, गांव में स्थित राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकों व विद्यार्थियों ने प्रमुखता से भाग लिया।

पानी पंचायत में गुरुजल सोसाइटी की एडवाइजर व टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज की सहायक प्रोफेसर डा. फौजिया तरन्नुम ने ग्रामवासियों को जोहड़ के प्राचीन महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ ही जिला में वर्तमान भूजल स्तर की स्थिति के बारे में भी अवगत कराया गया।

पंचायत में गुरुजल सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि उनकी सोसाइटी द्वारा जिला में 320 जोहड़ों के पुनर्निर्माण और उनके कायाकल्प के लिए कार्य कर किया जा रहा है। यह तभी संभव है जब यह जल आन्दोलन, जन आन्दोलन में परिवर्तित होगा। गुरुजल सोसाइटी के सदस्य ओशो ने बताया कि यह पानी पंचायत जोहड़ के नवनिर्माण में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें परिवर्तन एवं पर्यावरण संघ के सदस्यों ने जोहड़ के परियोजना में अपनी भागीदारी देने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि पानी पंचायत में शामिल सभी लोगों ने जल संरक्षण के लिए सामुदायिक तौर पर एकजुटता दिखाने का प्रण भी लिया।

# बेमौसम बारिश ने नगर परिषद की पोल खोली

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ बने सर्विस रोड पर जमा बारिश का पानी।



सोहना घाटी मार्ग पर बने गड्ढों को कच्चे मसाले से भरते बीएण्डआर विभाग के कर्मचारी।

**बेमौसम** हुई बारिश ने शहर में गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ बने सर्विस मार्ग पर जगह-जगह पानी जमा होने से नागरिकों को भारी परेशानी हुई। शहर में बना करीब दो किलोमीटर सर्विस मार्ग टूटा होने से बारिश का पानी जमा हो जाता है।

बुधवार सुबह हुई बारिश ने नगर परिषद और लोक निर्माण विभाग की पोल खोलकर रख दी। गुरुग्राम-अलवर मार्ग के दोनों तरफ बने सर्विस रोड पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। सर्विस रोड पर स्कूटी-बाइक से लेकर कार, टेम्पो और हाइवा डंपर ठीक करने के वर्क शॉप खुले हैं। जिससे सर्विस रोड पर बने गड्ढों में बारिश का पानी पानी जमा हो जाता है। शहर के अग्रसेन चौक, बस स्टैंड के सामने, बालूदा मार्ग और सब्जी मंडी के बस स्टैंड रोड पर बने गेट पर बारिश का पानी जमा हो जाता है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि बहुत ही जल्द शहर के गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ सर्विस रोड की मरम्मत कराई जाएगी। जिसका बजट तैयार किया जा रहा है। अवैध रूप से चल रहे वर्क शॉपों को हटाया जाएगा।

### घाटी की सड़क पर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू

**सोहना।** सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग के घाटी क्षेत्र में सड़क पर बने गड्ढ़ों को लोक निर्माण विभाग ने भरने का कार्य शुरू कर दिया है। घाटी के करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क पर दर्जनभर स्थानों पर गड्ढे होने से वाहन गिरने और टकराने का खतरा बना हुआ था।

हाल ही में दैनिक समाचार पत्र पायनियर ने घाटी की सड़क पर बने गड्ढों की समस्या को प्रकाशित किया था। अब पायनियर की खबर का असर होने लगा है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क में बने गड्ढों को कच्चा मसाला डालकर भरने का कार्य शुरू कर दिया है। यह कार्य बीएण्डआर विभाग ने मंगलवार को ही शुरू कर दिया था। जिसे दूसरे दिन बुधवार को पूरा किया गया। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि हाल में गडढों को भरा जा रहा है। जल्द ही इस मार्ग का नये सिरे से टैंडर लगने जाएगा। जिसे दोबारा से नये सिरे से बनाया जाएगा।

# अतिरिक्त निगमायुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

## रात्रि में रोड स्वीपिंग मशीनों तथा सुबह स्वच्छता सैनिकों की उपस्थिति जांच के लिए पहुंचे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान रजिस्टर की जांच करतीं नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वैशाली वर्मा।

**नगर** निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा व संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) डा. विजयपाल यादव ने रोड स्वीपिंग मशीनों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न रूटों पर चलने वाली रोड स्वीपिंग मशीनों की कार्यप्रणाली को देखा तथा स्वच्छता शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त निगमायुक्त ने सैनिटेशन कंट्रोल रूम का भी रात्रि में ही निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर स्वीपिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की जांच की। इस दौरान हीरो होंडा चौक से सुभाष चौक, वाटिका चौक से घाटा गांव, बख्तावर चौक, गुरूद्वारा रोड, ओल्ड दिल्ली रोड सहित आसपास के क्षेत्रों चलने वाली रोड स्वीपिंग मशीनों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे रात्रि में सड़कों की बेहतर सफाई सुनिश्चित करें।

**स्वच्छता सैनिकों की उपस्थिति का किया निरीक्षण**

अतिरिक्त निगमायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बुधवार को प्रात:काल के समय विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता सैनिकों के लिए बनाए गए हाजरी स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से महावीर चौक से सोहना चौक, सिविल लाईंस, सेक्टर-15 पार्ट-1, न्यू कॉलोनी व सेक्टर-5 क्षेत्रों में स्वच्छता सैनिकों की उपस्थिति चैक की तथा सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक व सुधीर कुमार उपस्थित रहे।

# कोयले की आपूर्ति न होने से देश के उद्योगों पर आया कोल संकट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## आईपीपी विद्युत संयंत्रों में भी 15 से 20 दिनों का भंडारण किसी भी संयंत्रों में नहीं

**कोल** इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा छत्तीसगढ़ से बाहर कोयला भेजने के सम्बन्ध में इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह द्वारा प्रधानमंत्री, भारत सरकार, कोयला मंत्री, भारत सरकार, माननीय श्रम मंत्री भारत सरकार, चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर सीआईएल ,मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सीएमडी एसईसीएल को पत्र प्रेषित किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि एसईसीएल द्वारा उत्पारित कोयले का प्रयोग छत्तीसगढ़ स्थित उद्योगों और राज्य के बाहर उद्योगों में किया जाता है पिछले एक वर्ष के दौरान एसईसीएल प्रबंधन की असंवेदनशीलता के कारण छत्तीसगढ के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भी उद्योगों को कोयले की आपूर्ति में लगातार कटौती हुई है परन्तु छत्तीसगढ़ के बाहर लगातार कोयला भेजा जा रहा है जिसके कारण देश के उद्योगों पर गंभीर नकारात्मक असर पर पड़ रहा है। संजय सिंह ने कहा कि देश के हितों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। एसईसीएल के प्रबंधन की मनमानी का कोई संज्ञान लेने वाला नहीं है। सीआईएल एवं एसईसीएल देश के विकास को अवरुद्ध करने का कार्य कर रहे हैं जबकि देश के कुल कोयला भण्डार का 18 प्रतिशत हिस्सा यानी 56 बिलियन टन कोयला छत्तीसगढ़ में है। राज्य के 250 से अधिक कैप्टिव विद्युत संयंत्रों पर आधारित उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 32 मिलियन टन कोयले की आवश्यकता है जो एसईसीएल के उत्पादन का मात्र 19 प्रतिशत है। एसईसीएल का सालाना उत्पादन 165 मिलियन टन है। वर्तमान में इतने कोयले का उत्पादन होने के बावजूद छत्तीसगढ़, ओड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, झारखंड आदि राज्यों के उद्योगों को कोयला नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान भणारण की स्थिति के अनुसार आईपीपी विद्युत संयंत्रों में भी 15 से 20 दिनों का भंडारण किसी भी संयंत्रों में नहीं है।

जबकि राज्य में सीपीपी आधारित नॉन-पॉवर सेक्टर के उद्योग लगभग 4000 मेगावाट बिजली का उत्पादन करते हैं। इन उद्योगों के लिए एसईसीएल द्वारा किये गए अनुबंध के अनुसार कोयला नहीं दिया जा रहा है। जिस वजह से नॉन-पावर सेक्टर कोयले के संकट से जूझ रहा है। उपरोक्त आंकड़ों के अनुसार यह स्पष्ट हो जाता है कि देश के तापीय विद्युत संयंत्रों में कोयला भंडारण की स्थिति अपेक्षा के अनुरूप पर्याप्त न होने के बावजूद भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा राज्य एवं देश के उद्योगों के हितों के विपरीत राज्य के बाहर कोयला लगातार भेजा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

ज्ञापन के माध्यम से संजय कुमार सिंह ने इंटक की ओर से मांग की है कि छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के उद्योगों की रक्षा के लिए विभिन्न संयंत्रों के लिए रोड सेल एवं रेल सेल के जरिये कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं प्राथमिकता के आधार पर एसईसीएल प्रबंधन नॉन-पावर सेक्टर के विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से की जाए।

# यूपी विधानसभा चुनाव में कैसे टेक्नोलॉजी पलट रही है बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**कोविड** के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब सहित फरवरी-मार्च में मतदान करने वाले पांच राज्यों में राजनीतिक दलों द्वारा फिजिकल कैंपेनिंग को काफी कम कर दोय है और इसे ध्यान में रखते हुएए राजनीतिक दलों ने डिजिटल कैंपेनिंग के लिए अपनी तैयारी बढ़ा दी है क्योंकि मजबूत इंटरनेट उपस्थिति वाली पार्टियां अधिक सफलतापूर्वक प्रचार करने में सक्षम है।

भाजपा के आईटी सेल के संयोजकए अंबर स्वामी ने कहाए श्इस कोविड चुनौती वाले चुनाव अभियान के बीचए पार्टी के उम्मीदवारों को पश्चिमी यूपी के भीतरी इलाकों में मतदाताओं तक पहुंचने में मुश्किल हो रही थी। काम को आसान बनाने के लिएए यह आईटी.इनेबल्ड चुनावी वॉर रूम वर्चुअल माध्यम से मतदाताओं को संबोधित करने में उनकी मदद कर रहे हैं। यह एक उम्मीदवार को रियल टाइम वोटर और अंतिम दिन मतदान की प्रवृत्ति का पता लगाने में भी मदद करता हैए जो एक उम्मीदवार को सहायता करता है कि चुनाव की तारीख से पहले कहां ध्यान केंद्रित करना है।श

बीजेपी के आईटी सेल के संयोजक अंबर स्वामी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खास सदस्य हैए इनकी जिम्मेदारी पूरा आईटी संभालने की है। उन्होंने ग्लासगो विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन; एमबीए किया है और आईटी.सक्षम चुनावी वॉर रूम्स को जल्दी से बनाने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है। वॉर रूम्स इन्हीं के द्वारा नियंत्रित और संचालित किए जाते हैं। आईटी इनेबल्ड वार रूम प्रत्याक्षी को अपने मत दाताओं तक पहुंचें में भी सहायता करता है और वर्चुअल रैलीए वीडियो मैसेजए आदि इसको और प्रभावशाली बना देते है।

# एमवे इंडिया ने नवप्रवर्तन में बड़ी छलांग लगाते हुए गमीज और जेली स्ट्रिप्स फॉर्मेट में सप्लीमेंट्स की नई रेंज पेश की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**निरंतर** उत्पाद नवप्रवर्तन के माध्यम से स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा क्षेत्र में अपने नेतृत्व को मजबूत करने के लिए देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने पहली बार अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के तहत ट्रेंडी, स्वादिष्ट, सुविधाजनक और सरलीकृत स्वरूपों में स्वादिष्ट गमीज और मुंह में घुलने वाली जेली स्ट्रिप्स जैसे न्यूट्रीशन सप्लीमेंट्स की एक रेंज पेश की है। इस रेंज में संपूर्ण स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधक क्षमता और हड्डियों व आंखों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व समाहित किए गए हैं। आधुनिक जीवन शैली वालों, विशेष रूप से ज्यादा व्यस्त रहने वाले युवाओं के लिए डिजाइन किए गए सक्रिय न्यूट्रीशन सप्लीमेंट्स की यह श्रंखला एमवे के न्यूट्रीशन पोर्टफोलियो को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वर्तमान में युवाओं की व्यस्त जीवन शैली को समझते हुए एमवे ने उनकी दैनिक पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सक्रिय न्यूट्रीशन सॉल्यूशंस तैयार किए हैं। वर्तमान में इस श्रेणी के तहत 3 उत्पाद पेश किए गए हैं- सीज द डे, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर्ड गमीज, जिनमें विटामिन और खनिज होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य व रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं, डी-फेंस, मुंह में घुलने वाली जेली स्ट्रिप्स, जिसमें विटामिन डी3 होता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, और आई कैंडी गमीज में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन होते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं।

लॉन्च की घोषणा करते हुए एमवे इंडिया के सीईओ अंशु बुधराजा ने कहा, न्यूट्रीलाइट के तहत इस नई रेंज का लॉन्च ब्रांड के विकास में एक निर्णायक क्षण है। हमारा उद्देश्य न्यूट्रीशन के इन मजेदार और सुविधाजनक प्रारूपों के साथ एक स्वस्थ जीवन को बनाए रखने के लिए सप्लीमेंट्स के उपयोग को बढ़ावा देना है, जो आपकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। आज युवा ज्यादातर समय घर के अंदर बिताते हैं, जिससे वे धूप के संपर्क में ज्यादा नहीं आ पाते। इससे उनमें विटामिन डी की कमी हो जाती है। समग्र स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के साथ विभिन्न डिजिटल उपकरणों से निकलने वाले नीले प्रकाश विकिरण के संपर्क में लंबे समय तक रहने के कारण हड्डियों और आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने की आवश्यकता का भी संज्ञान लेना उतना ही महत्वपूर्ण है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, इन इनोवेटिव फॉर्मेट में सप्लीमेंट्स की हमारी नवीनतम पेशकश को हमारे प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट द्वारा समर्थित एमवे की ओर से नई पीढ़ी के उपभोक्ताओं की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए कूल, ट्रेंडी और सरलीकृत पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार 48:1 उपभोक्ता स्वादिष्ट प्रारूपों की कमी के कारण सप्लीमेंट्स का सेवन नहीं करते हैं और 73:2 संभावित उपभोक्ता गमीज को एक उपयुक्त प्रारूप के रूप में अपनाने के लिए तैयार हैं।

# बोर्ड परीक्षाओं से भयभीत आठवीं कक्षा के बच्चे

## स्कूल संचालक बोले : परीक्षाएं स्कूल स्तर पर ही हों तो बेहतर

कविता। फरीदाबाद



**इस** साल बोर्ड परीक्षा भी स्कूलों में ही आयोजित होनी है, लेकिन समस्या आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आ रही है। उनका कहना है कि आठवीं बोर्ड हो गई और उनकी तैयारी न के बराबर है। ऐसे में क्या पढ़ें, क्या न पढ़ें, कुछ समझ ही नहीं आ रहा है। हरियाणा बोर्ड की आठवीं की बोर्ड की परीक्षाएं का विरोध निजी स्कूल कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब हाई कोर्ट ने पांचवीं, आठवीं की बोर्ड की परीक्षाओं को रद्द कर दिया था तो ऐसे में शिक्षा विभाग आठवीं को जबरन बोर्ड क्यों कर रहा है। जबकि नेशनल राइट टू एजुकेशन में इसका कोई जिक्र ही नहीं है।

### थोपे जा रहे नियम

**फरीदाबाद** प्रोग्रेसिव स्कूल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष नरेन्द्र परमार ने बताया कि प्रदेश में एजुकेशन पर व्यक्तिगत सोच लागू की जा रही है, क्योंकि नेशनल राइट टू एजुकेशन (शिक्षा के अधिकारी) एक्ट में कहा गया है कि आठवीं तक की परीक्षाएं नहीं होंगी। कुछ बदलाव के बाद यह निर्देश हुए कि स्कूल अपने स्तर पर परीक्षाएं ले सकता है, लेकिन दो सालों स्कूल कुछ समय के लिए खोलने के बाद ही बंद हो रहे थे। ऐसे में बच्चे एक तरह से पढ़ना-लिखना भूल गए हैं। वहीं अब आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं स्कूल खुलने के तुरंत बाद ही लेना, बिल्कुल गलत है।

सीबीएसई पेटर्न से चल रही कक्षाओं के हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं लेना गलत है। एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में मुद्दा उठाया था, लेकिन वहां सरकार ने उन्हें एफीलेशन हरियाणा बोर्ड से लेने को कहा। उन्हें बताया गया कि एक स्कूल सीबीएसई और हरियाणा दोनों की एफीलेशन नहीं ले सकता। अब रजिस्ट्रेशन की बात कहकर अपने दिए हुए पांचवी और आठवीं के बोर्ड के निर्देश दस दिन पहले वापस ले लिए थे, लेकिन एक बार फिर से यह आठवीं को बोर्ड करना गलत है। पूरा सिलेबस पढ़ चुके बच्चों को एक साथ ही बोर्ड की परीक्षाओं के लिए तैयार कर पाना परेशान करने जैसा काम है।

### ये हैं सरकारी आदेश

**जिला** शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरकार जो आदेश जारी कर रही है, हम उन्हें ही स्कूल संचालकों को भेज रहे है। तीन दिन पहले ही आठवीं बोर्ड होने का नोटिस आया है। अभी परीक्षाओं के लिए कोई तिथि नहीं आई है। विद्यार्थी घबराये नहीं, आराम से तैयारी करें।

### बच्चों का कथन

**बच्चों** का कहना है कि अचानक बताए जा रहे नए सिलेबस को कैसे पूरा करेंगे। उन्हें कुछ समझ ही नहीं आ रहा है। स्कूल खुलने के कुछ समय बाद ही बोर्ड की परीक्षाएं होंगी, ऐसे में उन्हें टैंशन हो रही है कि वह पूरा सिलेबस कैसे करेंगे और बोर्ड की परीक्षाएं कैसे होंगी।

## लापता महिलाओं को परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट टीम प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने दो महिलाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सकुशल सौंपने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में बताया कि महिलाओं के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना छांयसा तथा खेड़ीपुल में महिलाओं की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। 35 वर्षीय महिला 20 जनवरी तथा थाना खेड़ीपुल थानाक्षेत्र की 19 वर्षीय महिला 7 जनवरी से लापता थी। क्राइम ब्रांच कैट ने वैज्ञानिक सहायता एवं सूत्रों के सहयोग से 35 वर्षीय महिला के दिल्ली के वजीरपुर तथा 19 वर्षीय महिला का उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में होने का पता लगाया। पुलिस ने महिलाओं को उसके परिजनों के हवाले कर सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की हिदायत दी।

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिकों के स्वास्थ्य से देश बनता है स्वस्थ : नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने गांव तिगांव में जेकेएम फिटनेस फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने

**गांव तिगांव में जेकेएम फिटनेस फैक्ट्री का रिबन काट कर शुभारंभ करते विधायक राजेश नागर।**

भी उनके साथ फीता काटा। इसका संचालन कोच आशु अधाना करेंगे। विधायक राजेश नागर ने युवाओं व अन्य सभी से आह्वान किया कि वह अपने शरीर के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर द्वारा ही अच्छे कार्य किए जा सकते हैं और स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ देश का निर्माण करते हैं। नागर ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया आदि अनेक योजनाओं के जरिए युवाओं को मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है। अब तक करोड़ों युवा सरकारी योजनाओं के सहयोग से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई, खेल और रोजगार की दिशा में मन लगाकर काम करना चाहिए। कोच आशु अधाना, लेखराम अधाना, नन्दू अधाना, संजय अधाना, विक्की अधाना, बॉबी अधाना, अक्षय अधाना, अजय, सुखबीर, तेज सिंह अधाना, संदीप अधाना, कर्मवीर अधाना आदि मौजूद रहे।

### एनआईटी के दर्जनभर लोगों ने थामा आप का दामन

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनावों को लेकर पार्टी पूरी तरह से एकजुट है और सभी कार्यकर्ता जी-जान से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह बात आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने बुधवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं. एक में आयोजित मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कही। भड़ाना ने कहा कि चाहे वार्ड नंबर एक हो या 40 सभी जगह पार्टी मजबूत उम्मीदवार उतारेगी और निगम चुनावों में भारी मतों से जीत हासिल करेगी। भड़ाना ने कहा कि इस बार मेयर आम आदमी पार्टी का बनेगा। फरीदाबाद दिल्ली की सीमा से लगता हुआ जिला है और काफी हद तक यहां का भौगोलिक परिवेश दिल्ली से मेल खाता है। जिला संगठन मंत्री विनोद भाटी, जिला सचिव भीम यादव, मेयर पद के भावी उम्मीदवार ओपी वर्मा ने कहा कि डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेशभर में लोग पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं। मौके पर जिला संगठन मंत्री विनोद भाटी, जिला सचिव भीम यादव, भावी उम्मीदवार ओपी वर्मा, शैलेंद्र शर्मा, रोशन झा, इंदिरा, मनोहर विरमानी, हरिदत्त शर्मा, मनोज कुशवाहा, राजवीर सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, संजू कुमारी, सुरेंद्र कौर, डॉक्टर वाली राम, राजकुमारी, फूल महेश, हरजिंदर, अभिषेक गोस्वामी, शुभांकित गुप्ता, रमन झा, मुकेश, किशोर, चंदन मिश्रा, यशवंत मौर्य, देवी राम, मिलन यादव, राम गौर, कुलदीप, अभय मिश्रा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मिशन जागृति ने शुरू किया आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में लगातार सेवा कर रही मिशन जागृति का दूसरा आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र के स्थापना इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद के सहयोग से राहुल कॉलोनी में की गई। इनर व्हील की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अनीता जैन ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को काम करते देखा है, पर मिशन जागृति के सेवादार वहां पर जा कर अपनी सेवा देते हैं जहां सबके लिए पहुंचना आसान नहीं होता। इसके लिए मैं विशेष रूप से हमारे क्लब की जिला प्रेसिडेंट मंजु बंसल और उनकी पूरी टीम का शुक्रिया करती हूं की उन्होंने सही एनजीओ को चुना है। इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन की प्रधान मंजु बंसल के सहयोग से मिशन जागृति के साथ राहुल कॉलोनी मे एक सिलाई सेंटर की शुरुआत की गई। क्लब की प्रेसिडेंट मंजु बंसल ने कहा कि मैं कई बार मिशन जागृति की पाठशाला में आई हूं तभी मुझे अहसास हुआ कि यहां पर बहुत सी बेटियां हैं जो सिलाई कढ़ाई सीखना चाहती हैं। ताकि वो खुद के कपड़ों के साथ साथ बाहर का काम कर आत्मनिर्भर बन सकें। क्लब द्वारा मिशन जागृति को एक लैपटाप भी दिया गया। उन्होंने कहा की मिशन जागृति की संयोजक संतोष अरोड़ा सहित पूरी टीम राहुल कॉलोनी में बहुत अच्छा काम कर रही हैं यदि उन्होंने इस सेंटर को अच्छा से चलाया तो हमारा क्लब राहुल कॉलोनी मे और भी मदद करेगा। क्लब की कोषाध्यक्ष शिप्रा जैन के साथ साथ, मनिता सिंघला, अंजू महना, अंकिता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, वीनू गर्ग, नीरू, सुमन, मंजु, मीनू, सुनीता सिंह, एकता रमन, रजनी, पुनिता और ऋतु गुप्ता उपस्थित रही। इस अवसर पर मिशन जागृति की जिला टीम से अशोक भटेजा, उप प्रधान राजेश भूटिया, कोषाध्यक्ष महेश आर्य, संगठन सचिव दिनेश आर्य, महिला टीम से उप प्रधान लता सिंघला कोषाध्यक्ष भावना चौधरी, सचिव रेणु, दिव्या, साधना, दीपा, भानुमती, रामरती, रानी, राजेंद्र और अशोक ने सभी का शुक्रिया किया और क्लब की सभी सदस्यों को विश्वास दिलवाया की मिशन जागृति आगे भी इसी प्रकार सेवा करती रहेगी।

### दो लाख दस हजार सूर्य नमस्कार करके बनाया नया रिकॉर्ड

**फरीदाबाद।** जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने बताया कि जिला जेल फरीदाबाद में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर ''आजादी के अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रस्तावित 75 करोड़ सूर्य नमस्कार करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महानिदेशक कारागार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा जेल के बन्दियों द्वारा गत 2 फरवरी 2022 से 08 फरवरी तक प्रतिदिन 13 सूर्य नमस्कार प्रति व्यक्तिकिया गया। जेलर जयकिशन छिल्लर ने बताया कि जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा जेल के बन्दियों द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार सूर्य नमस्कार करके 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का नया रिकार्ड बनाने में जिला जेल फरीदाबाद ने अहम योगदान दिया। उन्होंने बताया कि जेल की सभी बैरकों में जेल के ही योगा में निपुण कैदी योग शिक्षकों की उपस्थिति में अन्य सभी बन्दियों के द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

# ओयो होटल | सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ 14 युवतियों सहित 34 काबू

## बड़खल चौक स्थित सासाराम ओयो होटल में चल रहा था देह व्यापार का धंधा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस गिरफ्त में ओयो होटल से छापे के दौरान पकड़े गए 34 लड़के व लड़कियां।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान निर्देश और एसीपी संदीप मोर के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने ओयो होटल में छापेमारी कर वहां पर चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में करतार, सुनील, अतुल, विपिन, रिकी, सुरेंद्र, पंकज, धीरज, शुभम, विनय, देवेंद्र, मोहित, फरजान, नदीम, आकिब, राहुल, रजत, रोहित, माफिजा उर्फ सुम्मी, अंजलि रूपा, असुरा, मुस्कान, अंजली, किरण, नेहा, पूजा, पलक, रविता सुशीला, कुमकुम, काव्या, एजेंट संदीप उर्फ मोनू तथा होटल मालिक नरेंद्र का नाम शामिल है। एजेंट मोनू टैक्सी ड्राइवर का काम करता है जिनका इन लड़कियों के साथ संपर्क रहता है। मोनू ही इन लड़कियों को होटल लेकर और छोड़कर आता है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बड़खल चौक पर स्थित सासाराम होटल पहले भी विवादित रह चुका है। गैंगस्टर विकास दुबे भी अपनी फरारी के दौरान इसी होटल में रुकना पाया गया था। एसीपी संदीप मोर रात्रि गश्त के दौरान बड़खल चौक पर मौजूद थे जहां उन्हें गुप्त सूत्रों की सहायता से सासाराम होटल में चल रहे देह व्यापार की सूचना प्राप्त हुई जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसीपी संदीप मोर ने क्राइम ब्रांच 30 तथा महिला थाना सेक्टर 16 की एक टीम गठित कर होटल में रेड की जहां पर चल रहे वेश्यावृत्ति में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मौके से एंट्री रजिस्टर को अपने कब्जे में लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना ओल्ड में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा नंबर 71 दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि इस होटल का मालिक डबुआ निवासी आरोपी नरेंद्र है। होटल में एजेंट मोनू तथा महिला आरोपित मफिजा उर्फ सुम्मी वेश्यावृत्ति के लिए बिहार से लड़कियां मंगवाते थे। एजेंट मोनू द्वारा रोज यहां 10-15 लड़कियां वेश्यावृत्ति के लिए लाई जाती है। पूछताछ पूरी होने के साथ सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेजा गया।

## जल्दी पैसे कमाने के लालच ने बनाया नशा तस्कर हुआ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी लाजपत की टीम ने एक आरोपी को गाड़ी में एक पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम नीरज है जो बल्लभगढ़ के गांव ढीग का रहने वाला है। गुप्त सूत्रों से मिली सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एएसआई राकेश कुमार की अगुवाई में क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची, वहां जाकर देखा तो आरोपी के पास शराब लेने वालों की लाइन लगी हुई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को अवैध शराब सहित मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से दो कट्टों में भरी देसी शराब मस्ताना की 53 बोतल बरामद की गई।

# जमीन पर रखे बिजली बॉक्स छूने से महिला की मौत





गांधी कॉलोनी में घटना स्थल पर खड़े लोग। इंसेट में सुशीला का फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** बिजली निगम की लापरवाही से गांधी कॉलोनी में खंभे में करंट आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला सुबह ओखला दिल्ली ड्यूटी जाने के लिए घर से निकली थी। बिजली निगम की लापरवाही के विरोध में लोगों ने शव उठने नहीं दिया। पुलिस के समझाने पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। जिसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

बुलंदशहर निवासी वेदप्रकाश गांधी कॉलोनी में बुआजी मंदिर के निकट परिवार के साथ रहते हैं। वह ड्राइविंग करते हैं और 10 दिन पहले उनकी 36 साल की पत्नी सुशीला देवी की ओखला की एक कंपनी में नौकरी लगी थी। सुबह बारिश होने पर उनकी घर के निकट गली में पानी जमा हो गया। सुशीला सुबह छह बजे ड्यूटी जाने के लिए घर से निकली थी। सुशीला घर से 100-150 मीटर दूर पहुंची। सुशीला खंभे से सटकर निकलने लगी, लेकिन पैर फिसलने से वह खंभे के पास जमीन पर रखे बॉक्स से छू गई। बॉक्स में करंट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना का पता चलते ही कॉलोनी के लोग एकत्रित हो गए। इस घटना की जानकारी थाना एनआईटी पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने लगी, लेकिन लोगों ने शव नहीं उठने दिया। लोगों का आरोप है कि बार-बार खंभा बदलने के लिए सबडिविजन एनआईटी-5 के अधिकारी व कर्मचारियों को बोला गया था, लेकिन हर बार आश्वासन देकर खंभे को बदला नहीं गया। इसके चलते कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। दूसरा पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की जाए।

# ऑटो से जा रही महिला के 57 हजार रुपये चोरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में महिला चोरों का गिरोह सरेआम लोगों के पर्स से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। संजय कॉलोनी स्थित लाल कोठी से बल्लभगढ़ जा रही एक महिला अपनी मां के इलाज के पैसे जमा करवाने सेक्टर-आठ स्थित हॉस्पीटल में जा रही थी। चलते ऑटो में महिला चोर गिरोह ने उसके पर्स से 57 हजार रुपये उड़ा लिए।

ऑटो से महिला आरोपियों के उतरने के बाद ऑटो चालक ने पीड़िता को पर्स जांच के लिए कहा। जब उसने जांच की तो पर्स से पैसे गायब मिले। महिला ने परिजनों को सूचना दी। पीड़िता के पति ने पुलिस के अलावा अनिल विज, डीसी फरीदाबाद और सीपी के ट्विटर पर इसकी सूचना डाली। उन्होंने पुलिस और ऑटो चालकों पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

### यह है पूरा मामला

जीवन नगर निवासी मीना के पति दीपक ने बताया कि मीना की मां को पिछले दिनों ब्रेनहैम्रेज हुआ था। तब से वह सेक्टर-आठ स्थित निजी अस्पताल में है। मीना बुधवार को 57 हजार रुपये लेकर अस्पताल में जमा करवाने के लिए निकली थी। लाल कोठी से उसने बल्लभगढ़ का ऑटो लिया, उसी दौरान कुछ महिलाएं भी उस ऑटो में बैठ गई और वह बल्लभगढ़ पुल से पहले ही उतर कर चली गई। महिलाओं के उतरने के बाद ऑटो चालक ने मीना को पर्स जांच करने को कहा। जिससे उसे चोरी का पता चला। ऐसे मीना अपने घर पहुंची और पति को बताया। पति ने उसे समझा-बुझाकर अस्पताल पहुंचाया और उन्होंने इसकी शिकायत ट्विटर पर की है।

# सड़क क्षेत्र पर बढ़ा हुआ परिव्यय टायर उद्योग के लिए बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारतीय** टायर उद्योग ने बजट में सड़क बुनियादी ढांचे और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए मेगा विस्तार योजनाओं का स्वागत किया है, जिसे वह उद्योग के लिए एक बड़ा सकारात्मक कदम मानता है।

अंशुमन सिंघानिया, अध्यक्ष, ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) ने कहा, सड़क क्षेत्र और बुनियादी ढांचा विकास के लिए बजट में बढ़ा हुआ परिव्यय टायर उद्योग के लिए शुभ संकेत है। राष्ट्रीय राजमार्गों का 25000 किलोमीटर तक विस्तार एक बड़ा सकारात्मक पहलू है। साथ ही, वित्तपोषण के नवीन तरीकों के माध्यम से 20000 करोड़ रुपये जुटाना सरकार की चुनौतियों के बावजूद बुनियादी परियोजनाएं पूरी करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए पीएम गतिशक्ति कार्गो टर्मिनलों के प्रावधान से माल ढुलाई की दक्षता में सुधार होगा।

सिंघानिया ने कहा, वित्त मंत्री ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि आर्थिक सुधार प्रक्रिया निरंतर और तेज हो। वित्त वर्ष 2022-23 में पूंजीगत व्यय (अनुदान सहित) के लिए 10.68 लाख करोड़ रुपये का आवंटन पूर्व-महामारी के स्तर से लगभग 3 गुना अधिक है, जो रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा और अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करेगा। निवेश को उत्प्रेरित करने के लिए राज्यों को 1 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता व्यापक आधारित विकास और रोजगार सृजन को कारगर बनाने में सक्षम होगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए स्पेशल मोबिलिटी जोन और बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी की शुरुआत से ईवी इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। एमएसपी के तहत किसानों को 2.37 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से तनाव के इस समय में किसानों की आय में सुधार होगा और खपत बढ़ेगी। सिंघानिया ने कहा, नई विनिर्माण कंपनियों के लिए रियायती 15 प्रतिशत आयकर को जारी रखने से विनिर्माण क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी, विशेष रूप से इस तथ्य के मद्देनजर कि कई नई इकाइयों को स्थापित करने की योजना को कोविड के कारण विलंबित या स्थगित करना पड़ा था।

## सरपंच के पिता संग मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने एक हफ्ते पहले बल्लभगढ़ के चंदावली गांव के सरपंच पर लाठी-डंडों से किए गए हमले के मामले में एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रितिक और तोहिद का नाम शामिल है। आरोपी रितिक बल्लभगढ़ के गांव नवादा तथा आरोपी तोहिद सेक्टर 62 आशियाना फ्लैट का निवासी है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी अभी बकाया है। जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

एक हफ्ते पहले थाना सदर बल्लभगढ़ में चंदावली सरपंच के पिता गिरिराज सिंह द्वारा दी गई शिकायत में उसने बताया कि उसके घर के पास में एक पार्क है। जहां पर चार-पांच लड़के आपस में गाली गलौज कर रहे थे। जब चौकीदार ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने चौकीदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# 68 दिनों बाद फिर से विद्यालयों में लौटी रौनक : उपायुक्त

## जिले के स्कूलों में 40 दिनों के बाद वीरवार को पहुंचे विद्यार्थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर-55 स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल में चलती कक्षा।

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला के स्कूलों में 40 दिनों के बाद वीरवार को रौनक लौटेगी। जिला में पहली से 9वीं कक्षाओं में 102595 विद्यार्थियों मे 50123 लड़के और 52472 लड़कियां स्कूलों में वीरवार को पहुंचेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि वीरवार को पहली से 9वीं कक्षाओं के छात्रों के लिए स्कूलों के खुलने से 68 दिनों के लंबे समय बाद स्कूलों में विद्यार्थियों की चहल पहल की रौनक देखने को मिलेगी। छात्र-छात्राएं स्कूलों में पहुंचेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला के सभी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देश दिए हैं। कि वे अपनी वैक्सीन लगवाने की रिपोर्ट अवसर एप पर भरें। जिन विद्यार्थियों और शिक्षकों को अभी वैक्सीन नहीं लगी है उनके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएचसी/स्कूल स्तर पर वेक्सिनेशन की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि यह उपस्थित कोविड-19 कोरोना वायरस काल की तीसरी लहर के चलते पहली कक्षा के 5946 लड़के और 5832 लड़कियां, दूसरी कक्षा के 5902 लड़के और 6099 लड़कियां, तीसरी कक्षा के 6134 लड़के और 6248 लड़कियां, चौथी कक्षा के 6125 लड़के और 6274 लड़कियां, पांचवीं कक्षा के 6039 लड़के और 6367 लड़कियां ने स्कूलों में शिरकत करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि छठी कक्षा के 5187 लड़के और 5636 लड़कियां, सातवीं कक्षा के 4858 लड़के और 5236 लड़कियां, आठवीं कक्षा के 4945 लड़के और 5319 लड़कियां और नौवीं कक्षा के 4987 लड़के और 5461 लड़कियां स्कूलों में पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि परंतु सभी स्कूलों को यह कहा गया है कि उपस्थिति 100 प्रतिशत हो। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में छात्रों में पढ़ाई के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वे स्वयं के निर्देशन में जिला के सभी सीआरसी की बनाई हुई हैं, जो नियमित रूप से अपने अपने सीआरसी के स्कूलों की मॉनिटरिंग करके जो भी कमियां होती हैं उनका निराकरण करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें आवश्यक सुझाव देते हुए कार्यालय को रिपोर्ट करने को कहा गया है।

## रेडियो दिवस पर 'रेडियोफीएस्टा' उत्सव का आयोजन

**फरीदाबाद।** संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद रेडियो महारानी-अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो के साथ मिलकर विश्व रेडियो दिवस पर दिनांक 10 और 11 फरवरी को दो दिवसीय रेडियो फेस्टिवल 'रेडियोफीएस्टा' का आयोजन कर रहा है।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने कहा कि इस रेडियो फेस्टिवल में विद्यार्थियों के लिए आरजे हंट, पॉडकास्ट, और रेडियो जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत भर से विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले रहे हैं। रेडियोफीएस्टा फेस्टिवल के पहले दिन 10 फरवरी को रेडियोवाक्रिफि पर महारानी रेडियो की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें आर जे तुषार और आर जे गीत पत्रकारिता विभाग के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे।

# कृषि वानिकी के लिए नीतिगत पहल का स्वागत : इपमा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कागज** उद्योग ने देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए एक नीतिगत पहल के प्रस्ताव का स्वागत किया है। केंद्रीय बजट 2022-23 एक विकास उन्मुख बजट है, जिसमें पूंजीगत व्यय उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 10.68 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। यह निवेश चक्र को पुनर्जीवित करेगा और रोजगार पैदा करेगा। इससे स्पष्ट है कि सरकार आर्थिक सुधार प्रक्रिया को बनाए रखना और प्रोत्साहित करना चाहती है। इसके अलावा, वित्तमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र के लिए कई सकारात्मक संकेतों को रेखांकित किया है जो कागज उद्योग के लिए शुभ संकेत है।

इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) के अध्यक्ष एएस मेहता ने कहा, हम वित्त मंत्री के इस बयान का स्वागत करते हैं कि कृषि वानिकी और निजी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक नीतियों को लाया जाएगा। देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने में कागज उद्योग के सशक्त प्रयासों के बावजूद, लकड़ी की उपलब्धता कागज उद्योग की मांग के अनुरूप अपर्याप्त है। कागज उद्योग द्वारा पिछले तीन दशकों में देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी कार्य किया गया है।

मेहता ने कहा, भारत में, अनुमानित 5 लाख किसान वृक्षारोपण में लगे हुए हैं और पिछले कई वर्षों में पेपर मिलों द्वारा किए गए गहन प्रयासों के कारण पूरे देश में लगभग 12 लाख हेक्टेयर को वृक्षारोपण के तहत लाया गया है। इसने स्थानीय समुदाय के लिए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा किए हैं, और किसानों की आय में भी काफी वृद्धि की है। कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए नीतियां निश्चित रूप से कागज उद्योग के प्रयासों को गति प्रदान करेंगी।

हालांकि, कागज उद्योग द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल, रिकवर्ड, वेस्ट पेपर पर मूल सीमा शुल्क में शून्य से 2.5 फीसदी की वृद्धि हतोत्साहित करने वाली है। उद्योग चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को देखते हुए कच्चे माल के लिए काफी दबाव है। वेस्ट पेपर पर शुल्क में वृद्धि से उत्पादन लागत में इजाफा होगा। चूंकि भारत में घरेलू कागज की रिकवरी दर विकसित देशों में 70 फीसदी से अधिक की तुलना में केवल 40 फीसदी है, देश में कागज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए और घरेलू मूल्यवर्धन के लिए रिकवर्ड, वेस्ट पेपर का आयात आवश्यक है।

## मातृत्व लाभ
### सरकार का निर्णय

**लड़की** होने पर दूसरे बच्चे के जन्म पर मातृत्व लाभ के सरकारी निर्णय से अनेक संदेह पैदा होते हैं। पिछले सप्ताह केन्द्र सरकार ने कहा था कि मातृत्व लाभ कार्यक्रम में पहले बच्चे के जन्म पर माता को मिलने वाले 5,000 रुपये नकद का लाभ अब दूसरे बच्चे के जन्म पर भी मिलेगा, बशर्ते कि दूसरा बच्चा लड़की हो। 2 फरवरी को की गई आधिकारिक घोषणा में कहा गया था कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभ 'दूसरे बच्चे को मिल सकते हैं, बशर्ते बक दूसरा बच्चा लड़की हो। यह प्रसव-पूर्व लिंग चयन को हतोत्साहित करने तथा कन्या शिशु को प्रोत्साहित करने के लिए है।' यह विवाद बन गया है क्योंकि महिला अधिकार एक्टिविस्टों ने प्रस्ताव को भेदभावपूर्ण बताया है। योजना के अंतर्गत 5,000 नकद तथा संस्थागत प्रसव के लिए पहले बच्चे की माता को 1,000 रुपये अलग से दिए जाते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत चल रही इस योजना का लक्ष्य गर्भवती माताओं के लिए पोषक आहार सुनिश्चित करना तथा आंशिक रूप से उनको होने वाली मजदूरी के नुकसान से रक्षा देना है। इसका उद्देश्य कुपोषण और अस्थाई बेरोजगारी की समस्या से निपटना भी है। अब सरकार को दूसरी गर्भावस्था वाली माता को नकद हस्तांतरण का लाभ विस्तारित करने पर पैदा संदेह दूर करने चाहिए, यदि दूसरा बच्चा लड़की हो। मूलभूत रूप से इस योजना की डिजाइन माता को गर्भावस्था के समय पोषक आहार प्रदान करने के लिए की गई थी ताकि स्वस्थ बच्चे का जन्म हो। ऐसे में सवाल उठता है



कि किस तर्क से इसे दूसरे बच्चे के जेंडर से जोड़ दिया गया है? इस प्रस्ताव के कारण पैदा भ्रम पर गौर करना चाहिए।

अब भी अवैध लिंग परीक्षण टेस्ट गोपनीय रूप से किए जाते हैं जिनका उद्देश्य कन्या भ्रूण का पता लगाना है। ऐसे में कन्या शिशु के लिए नकद प्रोत्साहन की संभावना भी लिंग परीक्षण का कारण बन सकती है। यदि भ्रूण कन्या का है तो वह नकद प्रोत्साहन के कारण बचा रह सकता है, लेकिन सवाल है कि लड़का होने पर क्या होगा? यह सवाल कट्टर पितृसत्तात्मक परिवारों को भ्रम में डाल सकता है। यह पितृसत्तात्मक कारणों से बेटा पैदा करने तथा लड़की होने पर अतिरिक्त नकद मिलने के बीच द्वंद्व पैदा कर सकता है। जहां दूसरा बच्चा लड़का हो, वहां तीसरे बच्चे की स्थिति में कन्या शिशु के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है। लेकिन यदि दूसरा बच्चा लड़का हो तो माता के खिलाफ भेदभाव होता हे तथा उसे नकद हस्तांतरण न होने पर उसे व उसके बच्चे को पोषक आहार नहीं मिलेगा। इस प्रस्ताव से जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण में भी सुविधा नहीं मिलती है। उदाहरण के लिए, यदि पहले दो बच्चे लड़कियां हों तो माता-पिता प्रोत्साहन हों या नहीं, पुरुष बच्चे के लिए प्रयास कर सकते हैं। दूसरा मुद्दा यह है कि कन्या शिशु के लिए विस्तारित यह प्रस्ताव राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, 2013 के विपरीत है। कानून के दूसरे अध्याय के अनुसार, 'प्रत्येक गर्भवती महिला तथा स्तनपान कराने वाली माता को पोषण मानकों को बनाए रखने के लिए मुफ्त भोजन का अधिकार है तथा उसको मिलने वाले मातृत्व लाभ 6,000 रुपये से कम नहीं होने चाहिए।' इसमें बच्चे के जेंडर या गर्भावस्था की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

# छात्रों की जमीनी खोजों को प्रोत्साहन

स्थानीय आवश्यकतायें छात्रों में जिज्ञासा पैदा करती हैं। सरकार द्वारा इन प्रयासों को बनाए रखने का परिणाम वैज्ञानिक खोजें हो सकती हैं।



बीजू धर्मपालन



कपिल के त्रिपाठी

विज्ञान की प्रगति केवल शोध संस्थानों में होने वाली खोजों की सफलता पर निर्भर नहीं होती है, बल्कि इसमें उन सामान्य लोगों की खोजें भी शामिल हैं जिनको विज्ञान की कोई जानकारी नहीं होती है। सर्वोत्तम खोजें उन ग्रामीण लोगों की होती हैं जो प्रकृति के बीच रहते हैं। यह आवश्यक तथा जरूरी है कि मनुष्यों के मन में सच्ची जिज्ञासा बनाए रखी जाए। इस जिज्ञासा के कारण विपरीत परिस्थितियों से पार होने का जोश पैदा होता है। शोध संस्थानों की सीमाओं में बैठने वाले हमारे वैज्ञानिक विरले ही वैज्ञानिक समस्या के समाधान के लिए प्रकृति के संदेशों पर गौर करते हैं। आमतौर से समस्या समाधान के लिए वे प्रकाशित शोध पत्रों पर निर्भर रहते हैं। उनमें से अधिकांश विरले ही ऐसी कोई चीज स्वीकार करते हैं जिसे वैज्ञानिक जर्नलों में प्रकाशित न किया गया हो और वे खांचों के बाहर नहीं सोचते हैं। ऐसे मामलों में इस क्षेत्र में काम करने के लिए कोई पूर्व उदाहरण संभव नहीं होते हैं। इसका अर्थ है कि काम शुरू करने के लिए कोई संदर्भ सामग्री नहीं होगी। विज्ञान इसके लिए केवल खोज पर निर्भर रहता है। इसके लिए हमारे वैज्ञानिकों को प्रयोगशाला से बाहर निकल कर समाज को प्रभावित करने वाली समस्याओं पर गौर करना चाहिए। उनको इन समस्याओं के लिए समाधान खोजने चाहिए। छात्रों, खासकर स्कूली छात्रों में प्रेक्षण की अच्छी शक्ति होती है और वे लगातार उनके दिमाग में सवाल पैदा करते रहते हैं। अक्सर वे ये सवाल अपने शिक्षकों से पूछते हैं, पर अक्सर उनको मूर्खतापूर्ण सवाल मान लिया जाता है। हमारी शिक्षा व्यवस्था में बहुत कम शिक्षक ऐसे हैं जो छात्रों के नटखटपन से भरे इन सवालों के जवाब देते हैं। ये सवाल छात्रों में खोज की भावना पैदा करते हैं। हमारे जिज्ञासु मन में पैदा होने वाली इन खोजों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग-डीएसटी ने 'इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फार इंस्पायर्ड रिसर्च'-इन्स्पायर पुरस्कारों मानक की शुरूआत की है जिसका अर्थ मिलियन माइंड्स आर्गूमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन्स एंड नालेज है।



डीएसटी इन पुरस्कारों को राष्ट्रीय खोज फाउंडेशन इंडिया-एनआईएफ के माध्यम से देती है जो डीएसटी की एक स्वायत्तशासी संस्था है। इसका उद्देश्य कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को प्रेरित करना है। पुरस्कार योजना का लक्ष्य एक मिलियन मूल विचारों-खोजों को तलाशना है जिनकी जड़ें विज्ञान व सामाजिक व्यवहारों में निहित हों ताकि स्कूली बच्चों में रचनात्मक व खोजी सोच विकसित की जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्कूल छात्रों के पांच सर्वोत्तम मूल विचारों-खोजों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। एनआईएफ सर्वोच्च 1,00,000 विचारों को प्राप्त कर सकता है ताकि विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से सामाजिक आवश्यकतायें पूरी की जा सकें।

इन छात्रों को आईएनआर के 10,000 रुपये के इन्स्पायर पुरस्कारों से समानित किया जाता है। इससे हमें यह देखने की प्रेरणा मिलती है कि युवा शोधकर्ता क्या रास्ता अपनाते हैं। उन्होंने समस्या की पहचान कैसे की? कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपना काम कैसे जारी रखा? उनके सामने कौन सी चुनौतियां आईं? उनके माता-पिता व शिक्षकों ने कैसे उनकी सहायता की? इन सभी से अगली पीढ़ी के खोजकर्ताओं को सहायता मिल सकती है। कार्यक्रम विज्ञानवीर के माध्यम से युवा खोजकर्ताओं के मन में उठने वाले सवालों के जवाब दिए जाते हैं। इंडिया साइंस चैनल पर प्रसारित होने वाला यह लोकप्रिय विज्ञान कार्यक्रम है जिसका प्रबंधन विज्ञान प्रसार व डीएसटी द्वारा किया जाता है। इस विज्ञान सीरीज़ को खासतौर से इन्स्पायर पुरस्कार मानक से सम्मानित छात्रों की खोजों को प्रचारित व लोकप्रिय बनाने के लिए किया जाता है। प्रत्येक श्रृंखला में एक पुरस्कृत खोज और उसके शोधकर्ता को दिखाया जाता है। आश्चर्यजनक रूप से हमारे अधिकांश युवा खोजकर्ताओं ने समस्याओं की पहचान अपने दिन-प्रतिदिन के अनुभव से की। विज्ञानवीर के एक प्रकरण में तेलंगाना के बीबीनगर गांव की छात्रा के. शेरावनी की चर्चा हुई। उन्होंने खेती के दौरान किसानों के जोखिम को पहचान कर एक जीवनरक्षक उपकरण बनाया। विद्युत ऊर्जा का सृजन बढ़ाना चिन्ता का एक विषय है। मध्य प्रदेश के सागर जिले की छात्रा ऋद्धि तिवारी ने एक विशिष्ट माडल विकसित किया जो मानक सोलर पावर पैनलों की बिजली पैदा करने की क्षमता बढ़ाता है।

इसी प्रकार राजस्थान के एक गांव के छात्र जितेन्द्र ने आटोमेटिक स्विंग विकसित की। यह स्विंग माता-पिता के बाहर होने पर बच्चों की किसी अनजान खतरे से रक्षा करता है। तेलंगाना के छात्र एम. अभिषेक ने एक मशीन बनाई है जो कम समय में व कम प्रयास में बोरों में अनाज भर देती है। इस विशिष्ट खोज से किसानों का समय तथा श्रम बचता है जो वे अनाज भरने में लगाते थे। उत्तर प्रदेश में एटा के महुआखेड़ा गांव की छात्रा वंदना कुमारी ने कांटों से भरे पेड़ों से फल तोड़ने में अपने पिता की समस्याओं से मुक्ति दिलाने का काम करती है।


विज्ञान शिक्षा में मूलभूत जीववैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने के लिए माइक्रोस्कोप एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि, शहरी स्कूलों के बच्चों को माइक्रोस्कोप प्रयोग का मौका मिलता है, पर देश के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक स्कूलों में प्रयोगशाला सुविधायें नहीं होती हैं। जब अनन्या सिंह ने देखा कि अनेक छात्रों को माइक्रोस्कोप जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उन्होंने कचरे में फेंकी प्लास्टिक बोतलों से एक सस्ता माइक्रोस्कोप तैयार कर दिया। उन्होंने इसका नाम 'प्लास्टोस्कोप' दिया है जिसकी कीमत कम है और इसे आसानी से स्कूली बस्ते में रखा जा सकता है। घर का प्रबंधन एक कठिन काम है। अपनी माता की सहायता के लिए उदयपुर राजस्थान के छात्र शैलेंद्र ने एक स्वचालित उपकरण विकसित किया जो घर की सफाई करता है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के सियोनी जिले में रहने वाले छात्र धर्मेन्द्र यादव ने अपनी दादी की कठिनाइयां देखते हुए एक खास चल शौचालय बनाया। कर्नाटक की छात्रा विभा ने एक आश्चर्यजनक खोज की जिससे रसोई में ईंधन की कम खपत होती है तथा खाना बनाने में कम समय लगता है। मध्य प्रदेश में होशंगाबाद की छात्रा नवश्री ठाकुर ने रसोई में अपनी मां की कठिनाइयां कम करने वाली एक खास मशीन बनाई जो अनेक काम कर सकती है तथा इसे चलाने के लिए बिजली की जरूरत भी नहीं है। हाथ से मैला साफ करना हमारे समाज में व्याप्त अमानवीय दृष्टिकोण है। समुदाय के अनेक उत्पीड़ित सदस्य बिना किसी सुरक्षा उपायों के सार्वजनिक शौचालय साफ करते हैं। मध्य प्रदेश में आदिवासी बहुल क्षेत्र छिंदवाड़ा में गुमच खमरिया की छात्रा सुलोचना काकोडिया ने हाथों से मैला सफाई की समस्या से निपटने के लिए एक मशीन बनाई जो बिना हाथ लगाए शौचालय साफ कर देती है। इसी प्रकार बंगलौर के छात्र आयुष ने खुले मेनहोलों से होने वाली दुर्घटनायें रोकने का तरीका खोजा।

अनेक लोग विकलांगताओं का सामना करते हैं। ऐसे 'दिव्यज्ञान' की सहायता के लिए छात्रों ने खोजी तकनीकें विकसित की हैं। तेलंगाना में गोदावरीखानी की छात्रा के. श्रीराजा ने एक खास टोपी और छड़ी बनाई है जो दृष्टि दिव्यांगों के जीवन में नया उजाला लाई है। उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के मैनुद्दीन ने पैर से नियंत्रित किया जाने वाला कंप्यूटर माउस बनाया है जो दिव्यांग लोगों के कंप्यूटर प्रयोग में सहायक है। इसी प्रकार दिल्ली के छात्र माधव लावाकेरे ने वधिर दिव्यांगों की पीड़ा समझ कर एक स्मार्ट चश्मा बनाया। इसकी सहायता से वधिर लोग आसानी से समझ सकते हैं कि सामने वाला क्या कह रहा है। महिलाओं व वृद्धों की सुरक्षा हमेशा चिन्ता का कारण होते हैं। छत्तीसगढ़ में धमतेरी की छात्रा सिद्धि पांडेय ने छेड़छाड़ की समस्या से निपटने के लिए एक उपकरण बनाया। यह उपकरण महिलाओं को परेशान करने वाले लोगों को बिजली का झटका देता है। उत्तर प्रदेश में बरेली के छात्र पर्व कपूर ने अपने बाबा की समस्या देखते हुए एक डिजिटल सुरक्षा अलार्म बनाया जो वृद्धों की देखभाल में सहायक है। यह देख कर खुशी होती है कि हमारे युवा खोजियों ने हर ऐसे मुद्दे पर गौर किया है जिसका सामना देश के आम नागरिक अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में करते हैं। शोध के इस विशाल क्षेत्र से पता चलता है कि भारत के पास भविष्य में बड़े खोजी होंगे।

उनका एकमात्र संतोष यह है कि उन्होंने समाज के लिए कुछ तैयार किया है। यह उनके चेहरों की मुस्कराहट से स्पष्ट है। इस भावना से नौजवानों में जिज्ञासा पैदा होती है और हमें इसे आगे ले जाने की आवश्यकता है ताकि आत्मनिर्भर देश बनाने में यह मूलभूत वैज्ञानिक सोच लाभदायक हो सके।

# घट रही है एशिया की जनसंख्या

> जनसंख्या की राजनीति में 2.1 एक जादुई संख्या है। यह 'रिप्लेसमेंट स्तर' है। भारत की प्रजनन दर 'रिप्लेसमेंट स्तर' से नीचे आ गई है।



**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

जनसंख्या की राजनीति में 2.1 एक जादुई संख्या है। यह 'रिप्लेसमेंट स्तर' है। इसके बाद देश की जनसंख्या का स्तर समान रहता है। इसके ऊपर यह बढ़ना शुरू करता है तथा 2.1 के नीचे यह अंततः गिरता है। एशिया में कुछ वास्तव में महत्वपूर्ण हो रहा है। बड़ी खबर यह है कि भारत की प्रजनन दर रिप्लेसमेंट स्तर के नीचे चली गई है और यह वर्तमान समय में प्रति महिला 2.0 है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत की जनसंख्या फौरन गिरना शुरू हो जाएगी। इस दशक के अंत में भारत चीन को पीछे छोड़ कर दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनेगा और तब उसकी जनसंख्या लगभग 1.45 बिलियन होगी। लेकिन कुछ समय बात इसमें वृद्धि बंद हो जाएगी और यह घटना शुरू होगी। यह विलंब इस कारण है कि मनुष्य कोई साल्मन मछली की तरह नहीं होते हैं जो प्रजनन करना बंद कर देती हैं और मर जाती हैं। इसके बजाय मनुष्य बच्चे पैदा करने के बाद तीस या चालीस या यहां तक कि पचास साल जिन्दा रहते हैं और अब भी एशियाई देशों में थोड़ी वृद्धि की संभावना बचती है।

डायर वंश के एक उदाहरण पर गौर करें। मैं बच्चों में सबसे बड़ा था। हम सभी बड़े हुए और औसतन हममें से सबके दो से ज्यादा बच्चे हैं जो रिप्लेसमेंट स्तर से अधिक हैं। ये बच्चे भी बड़े होंगे और वे भी संभवतः दो-दो बच्चे पैदा करेंगे। लेकिन मैं और मेरे भाई तथा बहनें अभी जीवित हैं। हमारी तीन पीढ़ियां हैं और मेरी पीढ़ी में हम केवल दस लोग थे, पर अब तीस हैं। लेकिन यहां पर बच्चों की संख्या बढ़नी थम जाती है। जब हमारी पीढ़ी मर जाएगी तो हमारे स्थान पर पोते-पोतियां आ जांएगे। इस बिंदु पर डायर वंश अंततः संतुलन



की स्थिति में आ जाएगा या यदि हमारे कोई पोते-पोती बच्चे न पैदा करें तो यह सिकुड़ना भी शुरू हो जाएगा।

यदि आप 2.0 के स्तर पर बने रहते हैं तो स्थिरीकरण में लंबा समय लगता है। लेकिन एशियाई जनसंख्यायें 2.0 के स्तर पर नहीं थम रही हैं। दक्षिण कोरिया में प्रजनन दर आश्चर्यजनक रूप से 0.86 है, यानी औसतन महिला एक भी बच्चा नहीं पैदा करती हैं। इससे जनसंख्या तेजी से गिरने लगी है। यही स्थिति चीन की है जहां औसत महिला के जीवन में केवल 1.3 बच्चे होते हैं। चीन की जनसंख्या वर्तमान समय में 1.41 बिलियन है, पर यह 2100 तक 700 मिलियन रह जाएगी। यह स्थिति भी बहुत आशाजनक है। विस्कांसिन विश्वविद्यालय के आब्स्टेट्रिक्स व गाइनकोलोजी विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा प्रजनन विशेषज्ञ फुक्सियान वी ने हाल में अनुमान लगाया है कि चीन की प्रजनन दर 1.3 से भी कम है। यदि डा. यी का कहना सही है तो बहुत कम वृद्धि दर वाला अमेरिका जिसकी जनसंख्या 2100 में 443 मिलियन होगी, वह भी शताब्दी के अंत तक जनसंख्या में चीन के बराबर हो जाएगा। जापान की प्रजनन दर 1.35 है, पर इसका अर्थ है कि शताब्दी के अंत तक उसकी जनसंख्या 125 मिलियन से घट कर 75 मिलियन हो जाएगी। अधिकांश दक्षिण व दक्षिणपूर्व एशिया पहले ही रिप्लेसमेंट स्तर के नीचे है जिसमें वियतनाम 2.0, बांग्लादेश 1.9 व थाईलैंड 1.5 के स्तर पर हैं। बाकी देश लगभग यहां पहुंच रहे हैं जिनमें इंडोनेशिया 2.2, म्यांमार 2.15 तथा श्रीलंका 2.15 के स्तर पर हैं।

पाकिस्तान से सीरिया तक मध्य पूर्व के मुस्लिम देशों को छोड़ कर अब भी तेजी से वृद्धि कर रहा एशियाई देश फिलीपीन्स है जिसकी प्रजनन दर 2.5 है। यूरोप में जनसंख्या स्थिर हो गई है या धीरे-धीरे गिर रही है और अमेरिकी महाद्वीप के हर देश में वृद्धि दर 1 प्रतिशत से नीचे पहुंच गई है। दुनिया के अब भी तेजी से बढ़ रहे क्षेत्रों में मध्यपूर्व और अफ्रीका हैं जहां जनसंख्या की वृद्धि दर 1.5 से लेकर 3 प्रतिशत तक है। इन संख्याओं का विस्तार 2100 तक किया जाए तो पता चलेगा कि मध्य पूर्व और अफ्रीकन देशों की प्रजनन दर में भी कमी आएगी जो वर्तमान समय में नहीं हो रही है। इस प्रकार शताब्दी के अंत तक दुनिया के इन दोनों क्षेत्रों में ग्रह की आधी जनसंख्या होगी और वह चार बिलियन से अधिक होगी।

## आप की बात

### चुनावी वादों की भरमार

**सभी** दल अपने घोषणापत्रों से काफी पहले ऐसी फुटकर घोषणाओं का अंबार लगा चुके हैं, जो अब चुनावी चर्चा का हिस्सा हैं। सब को एक साथ देखें, तो चुनावी वादों का जो संसार हमारे सामने है, वह काफी दिलचस्प है। घोषणा पत्रों को देखते हुए यह बात तो जाहिर है कि सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को नासमझ समझते हैं वह जानते हैं कि मुफ्तखोरी के चक्कर में जनता उन्हें सत्ता सौंप देगी मगर यदि सभी लोग बढ़-चढ़कर मुफ्त का माल बा बांटने पर आते हैं तो जनता को ही फैसला करना चाहिए कि उन्हें कुछ हजार रुपए की मुफ्तखोरी की खातिर अयोग्य लोगों को सत्ता सौंपी है या अपने प्रदेश और राष्ट्र के हित में खुद को समर्पित कर देने वाले को सत्ता सौंपना है साथ ही चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट को भी चुनावी घोषणा पत्रों पर अब कुछ नियंत्रण लगाने चाहिए ताकि मुफ्तखोरी के चक्कर में दी जाने वाली रिश्वत की घोषणा करने से राजनीतिक दल बाज आएं। पुरानी की बात तो यह है कि अनपढ़ मतदाता तो इनके चक्कर में पड़ जाते हैं मगर शहरी और पढ़े-लिखे मतदाता भी यदि मुफ्तखोरी के लिए अपना वोट गवा देते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### जल्द खुले डीयू

**वैश्विक** महामारी कोरोना ने समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में ले लिया था। हालांकि पिछले दो बार की तुलना में अबकी बार, इसका प्रकोप कम रहा। ऐसे में जहां एक ओर सभी विभाग अब लगभग खुल चुके हैं और अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहे, वही विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्तर की शिक्षा व्यवस्था पर ताला लटका हुआ है। ग़ौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली विश्वविद्यालय के खुलने की सुगबुगाहट तब जोर पकड़ ली, जब विद्यार्थियों ने धरना प्रदर्शन तेज कर दिया। जाहिर सी बात है, आखिर कब तक ऑनलाइन प्रणाली से शिक्षा को सुचारु रूप से चलाया जाएगा, जब विश्वविद्यालय को खोला जा सकता है। शिक्षा से जुड़े विभाग को स्वयं ही तार्किक बुद्धि का इस्तमाल करते हुए सोचना चाहिए, क्या बिना काग़ज़ और कलम के गणित समझाया जा सकता है, क्या बिना प्रयोगशाला के विज्ञान विषय पढ़ाए जा सकते हैं, क्या फील्ड वर्क और प्रैक्टिकल को ऑनलाइन किया जा सकता है? अगर नहीं तो यह आश्चर्यचकित करने वाली बात है, बिना संसाधन के भी विद्यार्थियों ने, अपने भविष्य को ख़तरे में डालते हुए, आगे बढ़े लेकिन अब जब वाकई खोलने की जरूरत है।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय


### जनता का दर्द

**जनता** तो यह चाहती है कि वह स्वयं व उसके घर के साथ साथ उसका गांव, शहर, प्रदेश व देश मजबूत बने, क्योंकि इन सब की मजबूती में ही सब का विकास व कल्याण है। लेकिन देश में राजनीतिक पार्टियां शॉर्टकट मुद्दों व निरथर्क बडबोलेपन से चुनाव में जीत हासिल करने का ही सपना देखती हैं। इन 5 राज्यों में चाहे किसी की भी सरकार बने मूल मंत्र तो यह होना चाहिए कि जनता व प्रदेश का अधिकाधिक कल्याण हो तथा काम कीजिए, काम करके दिखाइए। आमजनता से जुड़िए और जनता के दर्द को समझिए। उसका निवारण कीजिए, तभी सभी का कल्याण होगा। जब तक इस मूल मंत्र को समझ कर स्थाई रूप से काम नहीं किए जाएंगे तब तक ऊंट कभी इस करवट कभी उस करवट बैठता रहेगा। इससे अगर कोई कमजोर होगा तो वह जनता व हमारा देश। क्या सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता अर्थहीन व निरर्थक मुद्दों को हाशिए पर धकेल कर केवल काम की बात करेंगे या हमेशा की तरह वही बेढंगी भेड़ चाल चलते रहेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमारे** पास पार्टी में कई रत्न हैं और मैंने कई में से एक (चन्नी) को चुना है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हम** अपनी मां की इच्छा द्वारा दर्शाए गए सम्मान के प्रति गहराई से जागरूक हैं।

– **प्रिंस चार्ल्स**
ब्रिटेन के राजकुमार



**सिद्धू** कभी किसी पद के लिए नहीं रहा। यह बदलाव का क्षण है, जो लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है।

– **नवजोत सिद्धू**
पंजाब कांग्रेस प्रमुख



# जयंत चौधरी की परीक्षा आज

## 29 सीटों पर पार्टी मैदान में

### ● मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान सटीक होगा या फेल, नतीजे बताएंगे भविष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में छिड़े सत्ता संग्राम की लड़ाई को लेकर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान शुरू होने में कुछ ही समय शेष हैं। पर पश्चिमी उत्तरप्रदेश का यह पहला चुनाव राष्ट्रीय लोकदल में जान फूंकने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के सामने किसी परीक्षा से कम नहीं है। पहले चरण में शामिल 58 सीटों पर लड़ रहे सपा-रालोद गठबंधन से रालोद के खाते में आई 33 सीटों में से 29 सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का निर्धारण यह चुनाव करने वाला है। इसके बाद दूसरे चरण के चुनाव को लेकर रालोद के खाते में महज चार सीटें ही रह जाएंगी। हाथरस की घटना या फिर किसान आंदोलन से पैदा हुई परिस्थितियों को रालोद के नेता भले ही अपने लिए शुभ संकेत मान रहे हों, पर यह जरूरी नही कि परिस्थितियां वोटों में तब्दील हो सकें । इस चुनाव में जयंत चौधरी के साथ एक प्लस प्वाइंट सहानुभूति की लहर को माना जा सकता है क्योंकि चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद यह उनका पहला विधानसभा चुनाव है। दूसरे किसान आंदोलन के चलते जाट व गुर्जर मतदाताओं का भाजपा से कुछ मोहभंग होने का अनुमान है जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है। हालांकि यह सिर्फ कयास भर है क्योंकि भाजपा अपनी जीत दोहराने के लिए हर उस समीकरण को ध्वस्त करने पर आमादा है जो उसकी जीत में रोड़ा बन सकते हैं। आजादी के बाद से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट राजनीति का केंद्र छपरौली बागपत माना जाता था परंतु मुजफ्फरनगर दंगे, कैराना से पलायन का प्रकरण पिछले चुनाव में बाहर आने से भारतीय जनता पार्टी के उभार के बाद अब वहां के हालात काफी बदल गए हैं। ऐसे में अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे रालोद को बदली परिस्थितियों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में धुरी बनाकर रखने की चुनौती जयंत चौधरी के लिए आसान नहीं है।



### मौसम वैज्ञानिक के फार्मूले से जयंत को मिल सकता है फायदा

**किसान** आंदोलन के बाद जाट-मुस्लिम समीकरण जो मुजफ्फरनगर दंगे के बाद बिखर गए थे उनके साथ आने के अनुमान जो मौसम वैज्ञानिक लगा रहे हैं उससे सिर्फ जयंत को फायदा मिलने की उम्मीद है न कि गठबंधन को। एम-वाई समीकरण के बीच जाट मतदाताओं के समर्थन से रालोद के लिए कुछ सीटों पर उम्मीद की जा सकती है क्योंकि यहां की चौधराहट जाट वोटों का केंद्र रही है । दूसरे कुछ सहानुभूति भी असर दिखा सकती है। लेकिन जाट गठबंधन में सपा के लिए एम-वाई समीकरण के साथ कितने फीसद जाएंगे इस पर असमंजस जरूर है। यहां यदि मौसम वैज्ञानिक फेल हुए तो इस चुनाव में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की पुनरावृत्ति हो सकती है। जब सपा-बसपा मिलकर साथ लड़े थे और इसका सीधा फायदा मायावती को मिला था। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव अपने वोट को ट्रांसफर कराने में जहां सफल दिखे थे वही इस प्रयास में बसपा असफल दिखाई दी थी। यदि मौसम वैज्ञानिक के अनुमान सटीक साबित होंगे तो फिर गठबंधन को इसका फायदा मिल सकता बशर्ते मुस्लिम वोटों का बंटवारा न हो।

### वर्ष 2012 के चुनाव में जीती व हारी सीटों पर इस बार भी मैदान में

**वर्ष** 2012 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का 16 सीटों पर प्रदर्शन अच्छा रहा। इनमे नौ सीट मांट, छपरौली, बरौली, इगलास, छाता, बलदेव, खैर, मोदीनगर और खतौली सीट पार्टी ने जीती थी। जबकि सात सीट बड़ौत, सिवालखास, मीरापुर, बुढ़ाना, थानाभवन, लोनी, बागपत पर दूसरे नम्बर पर रही। इन सभी सीटों पर पार्टी इस बार मैदान में है और वापसी के प्रयास में है। इनके अलावा मुरादनगर, शिकारपुर, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर, खैरागढ़, फतेहपुर सीकरी, आगरा देहात, गोवर्धन, स्याना, बुलंदशहर, जेवर, हापुड़, पुरकाजी और शामली सीट पर पार्टी मैदान में है।

### वर्ष 2017 में पार्टी को मिली थी एक सीट, दो पर रनर

**वर्ष** 2017 के चुनाव में भाजपा ने जहां 58 सीटों में से 53 सीट पर जीत दर्ज की थी। वही रालोद के खाते में सिर्फ घर की सीट छपरौली आई थी। पार्टी बड़ौत और बलदेव तथा मांट सीट पर रनर की भूमिका में रही। इस बार मांट सीट पर गठबंधन में सपा के सिम्बल पर संजय लाठर मैदान में हैं।

### पांच बाहरियों को टिकट

**पार्टी** के खाते में आई 29 में से पांच सीटों पर दूसरे दल से आये हुए लोगों को पार्टी ने मौका दिया है। इनमे भाजपा छोड़ रालोद में आये जेवर सीट से अवतार सिंह भड़ाना है। भड़ाना निवर्तमान विधायक हैं। वहीं कांग्रेस छोड़ रालोद में शामिल हुए गजराज सिंह हापुड़ से मैदान में हैं। 2017 के चुनाव में दूसरे नम्बर पर थे। बागपत से अहमद हमीद रालोद के टिकट पर हैं। पिछले चुनाव में यह भी रनर रहे। पिछले चुनाव में स्याना सीट से बसपा से लड़ने वाले दिलनवाज खान रालोद के टिकट पर मैदान में हैं। पिछले चुनाव में सिवालखास सीट पर बसपा के टिकट पर लड़े गुलाम मोहम्मद इस बार रालोद से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# भाजपा छोड़ सब ने चला मुस्लिम कार्ड

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ


**उत्तर प्रदेश** में पांच दिन के अंतराल में विधानसभा के दो चरणों के चुनाव होने हैं। पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को है जबकि दूसरे चरण का चुनाव सोमवार 14 फरवरी को होगा। उत्तर प्रदेश में बनने वाली सरकार के लिए इन दोनों चरणों का चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सही मायने में माना जा रहा है कि प्रदेश की जनता का रुख इन्हीं दोनों चरणों के मतदान से काफी हद तक स्पष्ट हो जाएगा। यदि हम इन दोनों चरणों के चुनाव में राजनीतिक दलों के समीकरण पर अध्ययन करते हैं तो देखने को मिलता है कि मुस्लिम समुदाय का जबरदस्त समर्थन करने वाली समाजवादी पार्टी ने इन दो चरणों के चुनावों में कांग्रेस और बसपा के मुकाबले कम प्रत्याशी उतारे हैं जबकि भाजपा ने किसी भी मुस्लिम प्रत्याशी पर दांव नहीं खेला है। पहले दो चरणों में पश्चिम यूपी की 113



सीटों पर मतदान होना है जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों से 127 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण में 11 जिलों की 58 और दूसरे चरण में नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। पहले चरण में 50 तो दूसरे चरण में 77 मुस्लिम उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले दो चरण के मतदान के लिए 20 जिलों में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। दोनों चरणों के लिए सभी सियासी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है लेकिन सबसे दिलचस्प बात यह है कि दोनों ही चरणों में मुस्लिम वोटरों की भूमिका अहम रहने वाली है। यही वजह है कि बीजेपी को छोड़कर सभी दलों ने भारी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव खेला है। मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की एक वजह यह भी है कि कई सीटों पर मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका में हैं जो चुनावी नतीजों को प्रभावित करने का माद्दा रखते हैं। पहले दो चरणों में पश्चिमी यूपी के 113 सीटों पर मतदान होना है और 127 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण में 11 जिलों की 58 और दूसरे चरण में नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। पहले चरण के लिए सपा-रालोद गठबंधन के 13, बसपा के 17,कांग्रेस के 11 एआईएमआईएम के नौ मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं दूसरे चरण में सपा-रालोद गठबंधन की तरफ से 18 बसपा के 23 कांग्रेस के 21 और एआईएमआईएम की तरफ से 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। यदि पहले व दूसरे चरण में मुस्लिम प्रत्याशियों के आधार पर राजनीतिक दलों को देखा जाए तो बसपा व कांग्रेस की अपेक्षा समाजवादी पार्टी में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या कम है। दोनों चरणों में समाजवादी पार्टी ने जहां 31 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं तो वहीं बसपा ने 40 तो कांग्रेस ने 32 उम्मीदवार चुनावी समर में उतारे हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों की बात करें तो पहले चरण की 58 सीटों में से बीजेपी को 53ए तो दूसरे चरण की 55 सीटों में से 38 सीटें बीजेपी की झोली में गई थी। यही वजह है कि बीजेपी ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में न उतारकर साफ संदेश दिया है कि वह अपने हिंदुत्व के मुद्दे पर अडिग है जबकि अन्य विपक्षी दलों ने मुस्लिम वोटरों की निर्णायक भूमिका को देखते हुए मुस्लिम उम्मीदवारों पर दांव खेला है।

# राजनीतिक दलों ने लगाई वादों की झड़ी

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**यूपी में** पहले चरण की वोटिंग में सिर्फ चंद घंटे ही शेष रह गए हैं। बृहस्पतिवार को पश्चिम यूपी के 11 जिलों की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। लेकिन इससे पहले अब लड़ाई लोकप्रिय नारों से मुफ्त वाले वादों पर आ गई है। कल बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में मुफ्त वाले वादों की झड़ी लगा दी तो आज कांग्रेस ने वोटिंग से सिर्फ एक दिन पहले नहले पर दहला जड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने लखनऊ में उन्नति विधान के नाम से कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया। सभी राजनीतिक दलों ने ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अपने मकसद की कामयाबी के लिए राजनीतिक दलों ने मतदाताओं के आगे वादों की झड़ी लगा दी है। चुनावी बाजी अपने नाम करने के लिए जिस तरह मुफ्त स्कूटर मोबाइल टेबलेट गैस सिलेंडर नगदी देने से लेकर मुफ्त बिजली पानी और यहां तक की तीर्थयात्रा के वादे करने की होड़ मची है उससे साफ झलक रहा कि जनता का भरोसा जीतने के लिए पार्टियों को अपनी नीतियों पर ही भरोसा नहीं है। छोटे से लेकर बड़े दल और राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियां में मची होड़ से साफ है कि इनकी चुनावी उम्मीदें विकास के विजन नहीं लुभावने वादों पर ज्यादा टिकी हैं। छोटी और नई पार्टियां सूबे में अपना राजनीतिक अस्तित्व कायम करने के लिए मुफ्त और हैरान करने वाले लुभावने वादे कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी जहां विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है वहीं बाकी पार्टियां चुनावी वादे में वह सब कुछ कवर करने की कोशिश कर रही हैं जिनके बारे में मतदाता सोच सकते हैं। कुछ वादे आम हैं। जैसे मुफ्त बिजली, कोविड 19 से राहत और स्मार्टफोन। समाजवादी पार्टी के वादे तो बहुत दिलचस्प माने जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो इस चुनाव में सांडों को भी उतार दिया है। उन्होंने वादा किया है कि सांड से लड़कर दुर्घटना में मौत होने पर सपा सरकार पांच लाख का मुआवजा देगी। अखिलेश ने यह भी वादा किया है कि यदि उनकी पार्टी यूपी में सरकार बनाती है तो सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हर साइकिल सवार के परिवारजनों को पांच लाख रुपए बतौर मुआवजे दिए जाएंगे। भाजपा की मुख्य विरोधी समाजवादी पार्टी चुनावी अखाड़े की लड़ाई में मुफ्त वादों की कसरत से जोर लगाती नजर आ रही है। सपा ने 300 यूनिट घरेलू बिजली के साथ सिंचाई की बिजली मुफ्त देने, वृद्धा पेंशन की रकम तीन गुनी करने, लैपटॉप से लेकर मुफ्त इलाज जैसे कई बड़े वादों की फेहरिस्त रख दी है।

सूबे में नए सियासी खिलाड़ी के तौर पर उतरने के प्रयास में जुटी आम आदमी पार्टी भी चाहे चुनावी अखाड़े में नजर न आए मगर मुफ्त वादों की होड़ में वह बड़े दलों को भी पीछे छोड़ना चाहती है। मुफ्त बिजली ओर पानी से लेकर तीर्थयात्रा का दिल्ली माडल उसका सबसे प्रमुख चुनावी अस्त्र दिख रहा है। तीन दशक से उत्तर प्रदेश की सियासत में अपनी प्रासंगिकता की बहाली का प्रयास कर रही कांग्रेस ने तो इस मामले में इन दोनों दलों को पीछे छोड़ दिया है। महिलाओं को 40 फीसद टिकट के सियासी वादे पर अमल करते हुए सत्ता में आने पर कांग्रेस कालेज जाने वाली लड़कियों को मुफ्त ई स्कूटर, स्मार्ट फोन, साल में छह रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा कर रही है। इतना ही नहीं पार्टी सूबें में महंगे

### ● ठंड के मौसम में भी चढ़ा सियासी पारा

बिजली बिल से राहत के लिए इसमें 50 फीसद कमी और सिंचाई की बिजली मुफ्त करने का भी वादा कर रही है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने इसे लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 नाम दिया है। इसमें बीजेपी ने किसान,रोजगार, कानून-व्यवस्था,व्यवसाय,महिला सशक्तीकरण और युवाओं पर खास जोर दिया है। बिजली के मुद्दे पर बीजेपी ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यूपी में लोगों का बिजली बिल हाफ किया जाएगा। सपा और आम आदमी पार्टी ने 300 यूनिट तक बिजली फ्री देने का वादा किया है। किसानों के मामले में बीजेपी ने गन्ना किसानों का 14 दिन में भुगतान गेहूं और धान की एमएसपी पर खरीद को मजबूत बनाने की बात की है। कांग्रेस ने वादा किया है किसानों की कर्ज माफी की जाएगी। गेंहू धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपये और गन्ने का एमएसपी 400 रुपये किया जाएगा। सपा ने किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली, 15 दिन में गन्ना किसानों का



भुगतान और हर फसल के लिए एमएसपी देने की बात कही है। आप ने वादा किया है किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त, बकाया बिजली बिल माफ किया जाएगा। बीजेपी युवाओं को दो करोड़ टैबलेट या स्मार्टफोन देने, बैकलॉग के पदों को भरने, परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार या स्वरोजगार देने की बात कर रही है। कांग्रेस ने 12 लाख सरकारी नौकरी समेत 20 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया है। सपा रिक्त पदों पर बहाली करने और कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का आदेश जारी करने और आप ने बेरोजगारों को हर महीने 5000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का भरोसा दिलाया है।

बीजेपी ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करेंगे। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलेंगे। 30 हजार करोड़ से धनवंतरी मेगा हेल्थ पार्क खोलेंगे। हर जिले में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कांग्रेस ने 10 लाख तक का फ्री इलाज और सपा ने स्वास्थ्य बीमा कराने का भरोसा दिया है। महिला के मुद्दे पर बीजेपी ने उज्ज्वला योजना में होली दिवाली पर दो गैस सिलेंडर, यूपीपीएससी की नौकरियों में महिलाओं की संख्या दोगुनी करने, कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी और 60 साल से अधिक की महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की सुविधा की बात की है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट दिया है। सपा जरूरतमंद महिलाओं के लिए समाजवादी पेंशन देने की घोषणा कर चुकी है। आप ने कहा है कि 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिए जाएंगे। शिक्षा के मुद्दे पर बीजेपी ने यूपीएससीए यूपीपीएससी और एनडीए जैसी प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग और एमबीबीएस जैसे पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या दोगुनी करने और रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया है। कांग्रेस इंटर पास लड़कियों को मोबाइल और ग्रेजुएशन करने वाली लड़कियों को स्कूटी देने का वादा पहले ही महिलाओं के लिए अलग से जारी किए गए घोषणापत्र में कर चुकी है। सपा ने कहा है कि बच्चों की विदेश में पढाई के लिए मदद की जाएगी। छात्रों और जवानों को मुफ्त लैपटॉप देने का वादा फ्री समाजवादी पार्टी ने किया है। गरीब परिवारों के दृष्टिगत बीजेपी ने निराश्रित महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने 1500 रुपये की पेंशनए हर परिवार को कम से कम एक रोजगार देनेए मां अन्नपूर्णा कैंटीन में गरीबों को सस्ता खाना देने की बात की है। तो वहीं कांग्रेस ने कहा है कि प्रदेश के सभी गरीब परिवारों को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे जबकि सपा ने समाजवादी पेंशन योजना के तहत हर साल 18 हजार देने का वादा किया है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की ओर से वैसे तो कोई घोषणा पत्र नहीं जारी किया गया है लेकिन बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि केवल बसपा ही यूपी को गड्ढा, हिंसाए,दंगा मुक्त बना सकती है और राज्य में रोजगार और विकास युक्त भरोसेमंद सरकार दे सकती है।

# करहल में चल रही है भाजपा की लहर, अखिलेश के खिलाफ जीतूंगा चुनाव: बघेल

**भाषा।** करहल

**समाजवादी** पार्टी के गढ़ मैनपुरी स्थित करहल सीट से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल का कहना है कि लोकतंत्र में किसी भी क्षेत्र को किसी का गढ़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि दुनिया में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को अपने-अपने तथाकथित किलों में हारते देखा है। उन्होंने दावा किया कि करहल सीट से विधानसभा चुनाव का मुकाबला एकतरफा नहीं है क्योंकि क्षेत्र का दौरा करने पर पता लगता है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से राजनीति का ककहरा सीखने वाले बघेल ने अखिलेश को आजमगढ़ की किसी सीट से अपनी किस्मत आजमाने की सलाह भी दी।

पीटीआई भाषा से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि करहल विधानसभा क्षेत्र हमेशा से सपा का गढ़ रहा है और क्या वह इस बार तस्वीर को बदल डालेंगे, बघेल ने कहा, लोकतंत्र में गढ़ या किले जैसी कोई चीज नहीं होती। हमने पूर्व में लोगों के तथाकथित किले ढहते हुए देखे हैं। उन्होंने कहा, आपने राहुल गांधी को अमेठी से और ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल से हारते हुए देखा है। इसके अलावा डिंपल यादव फिरोजाबाद और कन्नौज से हार चुकी हैं और 2019 के लोकसभा चुनाव में अक्षय यादव फिरोजाबाद से और धर्मेंद्र यादव बदायूं से पराजित हो चुके हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में नेहरू-गांधी परिवार की परंपरागत सीट मानी जाने वाली अमेठी से स्मृति ईरानी के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा ममता बनर्जी पिछले विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट से पराजित हो गई थीं। करहल से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती दे रहे बघेल 31 जनवरी को नामांकन के बाद से भाजपा नेता गोविंद भदोरिया के घिरोर स्थित मकान में रह रहे हैं और वहां उन्होंने अपना चुनाव कार्यालय भी बनाया है। वह अपने प्रचार के लिए सुबह निकल जाते हैं और शाम तक लोगों से संपर्क करते हैं। बघेल का कहना है कि उनका चुनाव प्रचार बहुत अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश की



पार्टी का कोई व्यक्ति उन्हें ईमानदारी से हालात के बारे में बताए तो सपा अध्यक्ष को आजमगढ़ की किसी सीट से भी नामांकन दाखिल कर देना चाहिए। बघेल ने दावा किया कि उनकी पार्टी का कोई भी आदमी यह नहीं कह सकता कि करहल से उनकी जीत पक्की है। कभी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के सुरक्षाकर्मी रहे पूर्व पुलिस उप निरीक्षक बघेल ने कहा कि अगर सपा अध्यक्ष को लगता है कि करहल से मुकाबला एकतरफा है तो वह अपने परिवार के सदस्यों को यहां चुनाव प्रचार के लिए क्यों भेज रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि करहल में उनके कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ और मतदाताओं के मिजाज को समझा जा सकता है और इससे पता चलता है कि यहां भाजपा की लहर चल रही है, उनके चुनाव में उतरने के बाद लोगों के सामने विकल्प की कमी नहीं है। बघेल ने कहा, अखिलेश ने 403 विधानसभा सीटों में से अपने लिए सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली सीट को चुना लेकिन उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि मैं उनके खिलाफ यहां से चुनाव लड़ूंगा। इस सवाल पर कि करीब 40 प्रतिशत यादव मतदाताओं वाले करहल विधानसभा क्षेत्र में उन्हें अपनी दावेदारी को मजबूत लगती है, केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसका मतलब यह है कि 60 प्रतिशत मतदाता दूसरी जातियों के हैं। सपा के शासनकाल में जिनकी जमीनों पर अवैध कब्जे किए गए और फिर जिनका सामाजिक तिरस्कार हुआ और अब जिन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वे हमें वोट देंगे और हम जीतेंगे। गौरतलब है कि 3.7 लाख मतदाताओं वाले करहल विधानसभा क्षेत्र में यादव वोटरों की संख्या 1.4 लाख है। इसके अलावा यहां 34 हजार शाक्य और 14 हजार मुस्लिम मतदाता भी हैं। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि उनके चुनाव मैदान में उतरने से न सिर्फ करहल बल्कि मैनपुरी जिले की अन्य सीटों किशनी, भोगांव तथा मैनपुरी में भी भाजपा मजबूत हुई है। बघेल तीसरी बार मुलायम सिंह यादव परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में वह अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव और 2014 के लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद सीट से मुलायम के भतीजे अक्षय यादव के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। इन दोनों ही चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। करहल में राज्य विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत आगामी 20 फरवरी को मतदान होगा।

# अफगान बटालियन बनाने की राज्यसभा में उठी मांग

## ●संसद में लता मंगेशकर का तैल चित्र लगाने की भी मांग की गई

**भाषा**। नई दिल्ली

**राज्यसभा** में बुधवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने पाकिस्तान की जेलों में कैद भारतीय मछुआरों की सुरक्षित वापसी, गोरखा बटालियन की तरह अफगान बटालियन बनाने, न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने और संसद में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का तैल चित्र लगाने की मांग की। साथ ही सदस्यों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा छात्रवृत्तियों में लगातार की जा रही कटौतियों, केरल में वन्य जीवों से नागरिकों को नुकसान पहुंचने और करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद गंगा नदी की स्वच्छता और निर्मलता में कोई सुधार नहीं होने का दावा करते हुए इन विषयों पर चिंता भी जताई।

शून्यकाल में कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने गुजरात के तटीय इलाकों में भारतीय मछुआरों को पाकिस्तान की नौसेना द्वारा पकड़ लिए जाने और वहां की जेलों में बंद करने का मामला उठाया और केंद्र सरकार से उन्हें वापस भारत लाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा, करीब 643 भारतीय मछुआरे इस समय पाकिस्तान की जेलों में कैद हैं। गोहिल ने भारत सरकार से इन मछुआरों को सुरक्षित वापस वापस लाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर सभी प्रकार के प्रयास करने की अपील की।

उन्होंने कहा, चाहे आंखें लाल ही क्यों ना करनी पड़ी, मछुआरों की सलामती के लिए सरकार प्राथमिकता से पहल करे।

गोहिल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में तीन अलग-अलग घटनाओं में पाकिस्तानी समुद्री सेना ने तीन नौकाओं और 27 मछुआरों को अपनी गिरफ्त में लिया है जबकि एक दिन पहले ही वह 10 नौकाओं और 60 मछुआरों को लेकर गए हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य पी विल्सन ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के न्यायधीशों 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 1963 के बाद से न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र में वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने तर्क दिया कि 90 से अधिक की उम्र में भी कई सेवानिवृत्त न्यायाधीश विभिन्न पदों पर प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद की विभिन्न समितियों ने भी उम्र सीमा बढ़ाए जाने की कई बार सिफारिश की है लेकिन सरकार इस पर कोई कार्वाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, ऐसे में इन समितियों का क्या उपयोग है जब सरकार समितियों की सिफारिशों पर विचार ही नहीं कर रही है जबकि इन पर लाखों रूपए खर्च होते हैं और सदस्य भी अपना महत्वपूर्ण समय देते हैं। उन्होंने संसदीय समिति के नियमों में बदलाव कर इसकी सिफारिशों को सरकार के लिए बाध्यकारी बनाए जाने की मांग की और कहा कि यह इस बदलाव का उपयुक्त समय है। राष्ट्रीय जनता दल सदस्य ए डी सिंह ने भारतीय सेना में गोरखा बटालियन की तरह अफगान बटालियन बनाने और उन्हें पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए कश्मीर में तैनात करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अफगान छात्रों ने भारत में वीजा के लिए आवेदन किया है लेकिन सरकार उन्हें वीजा नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, अफगान नागरिक भारत समर्थक होते हैं...हम उन्हें वीजा दे सकते हैं...ऐसा करके हम एक अफगान बटालियन तैयार कर सकते हैं...गोरखा और अन्य बटालियनों की तरह और उन्हें कश्मीर में तैनात कर सकते हैं ताकि पाकिस्तान की हरकतों का करारा जवाब दिया जा सके।


भारतीय जनता पार्टी की सीमा द्विवेदी ने सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा देते हुए सरकार से उनका तैल चित्र संसद भवन में लगाने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वी शिवादासन ने छात्रों को मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों में यूजीसी द्वारा की जा रही लगातार कटौतियों का मुद्दा उठाया और सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के चलते पहले से ही परेशानियों का सामना कर रहे छात्रों को छात्रवृत्तियों में कटौती की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, वर्ष 2007 में एमेरिटस फेलोशिप की संख्या 559 थी जिसे घटाकर 2021 में 14 कर दी गई। राधाकृष्णन फेलोशिप को 200 से घटाकर 34, अनुसूचित जातियों के लिए फेलोशिप को 9503 से कम करके 3986 कर दिया गया है। इसी प्रकार मौलाना आजाद फेलोशिप की संख्या 4144 से घटाकर 2348 कर दी गई है। उन्होंने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए छात्रों से न्याय करने की गुजारिश की।

केरल कांग्रेस (एम) के जोस के मणि ने केरल में वन्यजीवों से नागरिकों को नुकसान होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, यह मानवीय संकट है और केरल के लोग भय के माहौल में रह रहे हैं। दो दिन पहले ही हाथी के एक हमले में पांच वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और वह अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही है।

बीजू जनता दल (बीजद) के प्रसन्ना आचार्य ने उड़ीसा उच्च न्यायालय का नाम बदलकर उच्च न्यायालय ओडिशा करने की मांग की और इसके लिए संसद में विधेयक लाने की मांग की। कांग्रेस के कुमार केतकर ने गंगा में प्रदूषण का मामला उठाया और पिछले कुछ सालों में इस पर हुए खर्च का ब्योरा सरकार से मांगा। उन्होंने कहा कि गंगा की सफाई पर बजट 20 हजार करोड़ से बढ़ाकर 30 हजार करोड़ कर दिया गया लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों की बात की और वन क्षेत्र के वर्गीकरण की वर्तमान प्रक्रिया पर चिंता जताई और इसमें बदलाव की मांग की।

## सभ्यता, इतिहास, संविधान और भाईचारा को तार तार करने वाले हैं टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)**। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए गए बयान पर बुधवार को करारा पलटवार किया और कहा कि सभ्यता, इतिहास, संविधान और भाईचारा को तार-तार करने वाले असलियत में टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राज्यसभा में आम बजट 2022-23 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सिब्बल ने वर्तमान केंद्र सरकार को मुगल शासक औरंगजेब से भी बदतर करार दिया और कहा कि औरंगजेब ने भी जजिया कर से गरीबों और वंचितों को राहत दी थी जबकि आज की सरकार वर्ष 2014 के मुकाबले पेट्रोल ओर डीजल पर क्रमश: 203 और 530 प्रतिशत अधिक उत्पाद कर वसूल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आम बजट जमीनी सच्चाई से दूर है और इसमें सरकार की दूरदृष्टि का अभाव



झलकता है जबकि कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है।उन्होंने कहा कि बजट में डिजिटल, ग्रीन, जलवायु, आत्मनिर्भर, मेड इन इंडिया और व्यवसाय की सुगमता जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है लेकिन बेरोजगारी, गरीबी, खाद्य सुरक्षा, मजदूर, स्वास्थ्य, कल्याण, महिला और युवाओं का उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब व मध्यम वर्ग के लिए नहीं बल्कि दो प्रतिशत लोगों के लिए है। सिब्बल ने कहा, आप बात कर रहे हो अमृत काल की और मैं तो 2014 से अब तक राहु काल ही देख रहा हूं...और फिर असलियत क्या है। प्रधानमंत्री ने टुकड़े टुकड़े गैंग की बात की तो मैं अचंभित हुआ...जो सभ्यता के टुकड़े-टुकड़े करता हो, जो इतिहास के टुकड़े-टुकड़े करता हो, जो संविधान के टुकड़े टुकड़े करता है और जो भाईचारा के टुकड़े टुकड़े करता है, वह टुकड़े-टुकड़े गैंग का लीडर है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा था कि विभाजनकारी मानसिकता एवं अंग्रेजों की फूट डालो, राज करो की नीति अपनाकर कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े गैंग की लीडर बन गई है। पेट्रोल व डीजल के मुल्यों में हुई वृद्धि का उल्लेख करते हुए भी सिब्बल ने केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला।



आगरा में बुधवार को बारिश के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## महिलाओं के कुछ परिधान पुरुषों को उत्तेजित करते हैं, इसलिए बढ़े दुष्कर्म के मामलेः भाजपा नेता

**भाषा**। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में जारी हिजाब विवाद के बीच राज्य से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एम पी रेणुकाचार्य ने बुधवार को दावा किया कि दुष्कर्म के मामले इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले कुछ परिधान पुरुषों को उत्तेजित करते हैं।

विधायक ने यह भांपते हुए कि उनके बयान से विवाद पैदा हो सकता है, बाद में कहा कि अगर उनके बयान से महिलाओं को ठेस पहुंची हो तो वे महिलाओं से माफी मांग लेंगे।

होन्नाली से विधायक रेणुकाचार्य ने यह बयान हिजाब विवाद पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के ट्वीट के बाद दिया। वाद्रा ने ट्वीट किया था, चाहे वह बिकनी हो, घूंघट हो, जींस हो या हिजाब हो, यह फैसला करने का अधिकार महिलाओं का है कि उन्हें क्या पहनना है। इस अधिकार की गारंटी भारतीय संविधान ने दी है। महिलाओं का उत्पीड़न बंद करो। इस पर भाजपा विधायक ने कहा कि प्रियंका गांधी एक महिला हैं,कांग्रेस नेता हैं हम महिलाओं के मौलिक अधिकारों पर प्रश्न नहीं उठा रहे हैं (हिजाब मुददे पर)। उन्होंने कहा, केरल और मुंबई उच्च न्यायालयों ने कहा है कि स्कूल और कॉलेज में ड्रेस अनिवार्य है,सरकार ने भी यही कहा है। छात्राओं के लिए (ड्रेस)बिकनी शब्द के इस्तेमाल से परहेज किया जाना चाहिए।

नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा विधायक ने कहा, कॉलेज में पढ़ने के दौरान छात्रों को ऐसे परिधान पहनने चाहिए जिससे उनका पूरा शरीर ढंका रहे।

दुष्कर्म के मामले इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले कुछ परिधान पुरुषों को उत्तेजित करते हैं, जो अच्छी बात नहीं हैं,क्योंकि हमारे देश में महिलाओं की इज्जत है। हम उन्हें मां की तरह सम्मान देते हैं।

उन्होंने वाद्रा से अपना बयान वापस लेने और छात्राओं और महिलाओं से माफी मांगने की भी मांग की। बाद में उन्होंने अपने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा, अगर मेरे बयान से मेरी बहनों को ठेस पहुंची हो ,तो यकीनन मैं उनसे माफी मांगूगा। मैं उनका सम्मान करता हूं।

## एनपीएफ नेता जेलियांग नगालैंड सत्तारूढ़ गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त

**कोहिमा**। नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) विधाई दल के नेता टीआर जेलियांग को नगालैंड के सत्तारूढ़ संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन (यूडीए) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के स्थान पर जेलियांग की नियुक्ति की गई है। राज्य में सर्वदलीय गठबंधन के लिए सत्ताधारी दल के साथ आने के लगभग पांच महीने बाद, पूर्व विपक्षी पार्टी एनपीएफ को कैबिनेट में दो सीट दी गईं। यूडीए के सदस्यों ने मंगलवार को बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रियो गठबंधन के अध्यक्ष पद से हटेंगे और उनके स्थान पर जेलियांग को कार्यभार सौंपा जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री नीबा क्रोनु ने संवाददाताओं से कहा कि जेलियांग को कैबिनेट मंत्री का स्तर दिया जाएगा।

क्रोनु ने कहा कि एनपीएफ के एक अन्य विधायक को बुधवार को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी लेकिन राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह से पहले उनके नाम का खुलासा नहीं किया जाएगा और उनका चयन मुख्यमंत्री करेंगे।

क्रोनु ने कहा कि कैबिनेट में एक पद रिक्त है जिसे भरने के लिए यह नियुक्ति की जाएगी

## कुछ लोगों ने सरकार गिराने में मदद करने को कहाः राउत

### ●उपराष्ट्रपति नायडू को लिखा पत्र

**भाषा**। मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को लिखे एक पत्र में दावा किया है कि उनसे कुछ लोगों ने संपर्क कर महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिराने में सहायता करने के लिए कहा था ताकि राज्य को मध्यावधि चुनाव के लिए मजबूर किया जा सके। राज्यसभा के सभापति नायडू को लिखे पत्र में राउत ने कहा कि अपनी पुरानी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद जब शिवसेना ने महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ सरकार बनाई तब से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां शिवसेना के नेताओं को सुनियोजित रूप से निशाना बना रही हैं। राउत ने नायडू से सत्ता के दुरुपयोग और राज्यसभा सदस्यों को कथित तौर पर परेशान किए जाने के विषय पर ध्यान देने का अनुरोध किया और कहा कि उपराष्ट्रपति को इस संबंध में कार्रवाई करनी चाहिए। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने मंगलवार को नायडू को पत्र लिखा और इसकी प्रतियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार जैसे नेताओं को भी भेजीं।

शिवसेना सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया, करीब एक महीना पहले, कुछ लोगों ने मुझसे संपर्क किया और कहा गया कि महाराष्ट्र में राज्य सरकार को गिराने में उनकी सहायता करें। वे चाहते थे कि मैं इस तरह के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊं ताकि राज्य को मध्यावधि चुनाव के लिए मजबूर किया जा सके। राज्यसभा सदस्य ने आगे कहा कि उन्होंने गुप्त एजेंडे का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया और दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि उनके इनकार से उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। शिवसेना के सांसद राउत ने उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को लिखे पत्र में कहा कि मैं आपसे राज्यसभा के सदस्यों को डराने और परेशान करने के लिए सत्ता के दुरुपयोग पर न केवल ध्यान देने का आग्रह करता हूं, बल्कि कार्रवाई करने का भी आग्रह करता हूं।



कोच्चि के कलामासेरी में केरल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन पार्क में लगी आग बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी

## अन्ना हजारे शराब नीति के खिलाफ 14 से भूख हड़ताल शुरू करेंगे

**पुणे (महाराष्ट्र)**। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि वह सुपरमार्केट और किराना दुकानों में शराब की बिक्री की अनुमति देने वाली महाराष्ट्र सरकार की नीति के विरोध में 14 फरवरी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। हजारे ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक पत्र लिखा है। ठाकरे को लिखे अपने पत्र में हजारे ने कहा कि राज्य के लोगों ने मांग की है कि सुपरमार्केट और आस-पड़ोस की दुकानों में शराब की बिक्री की अनुमति देने वाली नीति को तुरंत वापस लिया जाए। हजारे (84) ने एक बयान में कहा कि वह 14 फरवरी को अहमदनगर जिले के रालेगांव सिद्धि से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। हजारे ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए दो पत्र लिखे थे, जिसमें उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया गया था, लेकिन इसके बारे में कोई जवाब नहीं मिला। अपने पिछले पत्रों में हजारे ने कहा था कि सुपरमार्केट और किराने की दुकानों में शराब की बिक्री की अनुमति देने का निर्णय राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरनाक साबित होगा।

## वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा की घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई : सरकार

**भाषा**। नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए 2015 में तैयार राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना के प्रभावी कार्यान्वयन से हिंसा में लगातार कमी आ रही है और हिंसा की घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई है।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उच्च सदन में पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना के बाद वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा की घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि 2009 में अब तक की सर्वाधिक 2258 घटनाएं हुई थीं जो 2021 में 509 हो गईं। राय ने कहा कि वामपंथी हिंसा के कारण परिणामी मौतों (आम नागरिकों एवं सुरक्षा कर्मियों) में भी 85 प्रतिशत की कमी आई और 2010 में सर्वाधिक 1005 मौतें हुई थीं जो 2021 में 147 हो गई हैं। उन्होंने कहा कि वामपंथी हिंसा तेजी से समाप्ति की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि वामपंथी हिंसा के भौगोलिक क्षेत्र में भी कमी हुई है और 2021 में 46 जिलों में ही एलडब्ल्यूई हिंसा हुई जबकि वर्ष 2010 में 96 जिलों में ऐसी घटनाएं हुई थीं।

उन्होंने बताया कि संविधान के अनुसार 'पुलिस' और लोक व्यवस्था राज्य के विषय हैं। तथापि, वामपंथी उग्रवाद के खतरे से समग्र रूप से निपटने के लिए 2015 में एक राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना में एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है, जिसमें सुरक्षा एवं विकास के उपाय, स्थानीय समुदायों के अधिकार एवं उनके हक को सुनिश्चित करना आदि शामिल है। राय ने कहा कि भारत सरकार जरूरत पड़ने पर राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल और वायुसेना के हेलीकॉप्टर भी मुहैया कराती है।

उन्होंने कहा कि भारत में माओवादी विचारधारा हमेशा विदेशी माओवादी संगठनों और विचारकों से प्रभावित होती रही है। अगर इसके विरुद्ध देश में कोई कानूनी कार्वाई की जाती है, तो अंतरराष्ट्रीय संगठन इस मुद्दे को उठाते हैं और इनकी सहायता के लिए आगे भी आते हैं।

वामपंथी उग्रवाद की विचारधारा विध्वंसक एवं मानवता विरोधी है, जबकि प्रारंभ से ही भारतीय संस्कृति और विचारधारा रचनात्मक एवं मानवतावादी है।

भारत विरोधी नारा लगाने वाले और भारतीय महापुरुषों का अपमान करने वाले विचार कभी भारतीय विचारधारा का अंग नहीं हो सकते। ऐसी विचारधारा विदेशी विचारधारा से ही ओत-प्रोत है।

## कश्मीर में610 कश्मीरी पंडितों की संपत्ति वापस दी गई : सरकार

**नई दिल्ली**। सरकार ने बुधवार को कहा कि 1980 और 1990 के दशक में आतंकवाद बढ़ने के कारण जम्मू कश्मीर छोड़कर गए कश्मीरी पंडितों में से 610 को उनकी संपत्तियां वापस कर दी गई हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विकास पैकेज 2015 के तहत 1080 करोड़ रुपए के परिव्यय से तीन हजार सरकारी नौकरियों का कश्मीरी विस्थापितों के लिए सृजन किया गया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने प्रधानमंत्री विकास पैकेज 2015 के तहत 1739 विस्थापितों की नियुक्ति कर दी है तथा 1098 अतिरिक्त विस्थापितों का चयन किया गया है। राय ने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा मुहैया कराई गई सूचना के अनुसार पिछले पांच साल में 610 आवेदकों (विस्थापितों) की भूमि को बहाल कर दिया गया है।

## अहमदाबाद विस्फोट मामले में रांची के मंजर इमाम, दानिश बरी

### ●विस्फोट में 56 लोग मारे गए थे

**भाषा**। रांची

**अहमदाबाद** विस्फोट मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में रांची के मंजर इमाम और दानिश रियाज को बरी कर दिया गया। गुजरात के अहमदाबाद में वर्ष 2008 विस्फोट में हुए श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट में 56 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक घायल हुए थे।

अहमदाबाद में एनआईए की विशेष अदालत में मामले में अब तक 49 आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। जांच के दौरान दावा किया गया था कि विस्फोट के तार बरियातू से जुड़े हैं। 2011 में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बरियातू इलाके में रहने वाले मंजर इमाम और दानिश रियाज के घर पर छापेमारी की थी। जून 2011 में दानिश को गुजरात के वड़ोदरा स्टेशन से गिरफ्तार किया गया और मार्च 2013 में मंजर इमाम को रांची के कांके इलाके से गिरफ्तार किया गया। फैसले के बाद दोनों के परिवार वाले बेहद खुश थे।

उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि उनके बच्चे बेगुनाह हैं फिर उन्हें इतने साल जेल में गुजारना पड़ा, यह समय कौन लौटाएगा?

मंजर इमाम रांची विश्वविद्यायल में उर्दू का टॉपर था और उसे 2007 में रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक भी मिला था जबकि दानिश रियाज साइबराबाद में आईटी कंपनी से जुड़ा था।

दोनों रांची के बरियातू के जोड़ा तालाब के रहने वाले हैं। एनआईए की विशेष अदालत ने मंगलवार को 28 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

## भाजपा विधायक नीतेश राणे को मिली जमानत

**मुम्बई**। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की एक अदालत ने हत्या की कथित कोशिश के मामले में भाजपा विधायक नीतेश राणे को बुधवार को जमानत दे दी। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे ने दो फरवरी को इस मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया था।

यह मामला पिछले साल सिंधुदुर्ग जिला सहकारी बैंक के चुनाव के प्रचार के दौरान शिवसेना के कार्यकर्ता संतोष परब पर कथित रूप से हमला करने से जुड़ा है। भाजपा विधायक ने कई बार दावा किया कि उसे महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ दल शिवसेना द्वारा निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि इस पार्टी ने दिसंबर, 2021 में राज्य विधानमंडल के बाहर मजाक उड़ाने की कथित घटना से अपमानित एवं आहत महसूस किया। शिवसेना के एक विधायक ने आरोप लगाया था कि पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान 23 दिसंबर को राणे ने उनकी तरफ देखते हुए म्याऊं-म्याऊं की आवाज निकाली थी।

## पलानीस्वामी ने चुनावी वादे पूरा करने के द्रमुक के दावे की खिल्ली उड़ाई, उड़ाया मजाक

**भाषा**। चेन्नई

**अखिल** भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा 70 फीसद चुनावी वादों को पूरा करने के दावे का मजाक उड़ाया और सवाल किया कि क्या उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए कोई खास योजना लागू की।

यहां चुनाव प्रचार के तीसरे दिन अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए पलानीस्वामी ने कहा, अपने बयान में स्टालिन ने कहा कि उन्होंने करीब 400 वादों को पूरा किया है। क्या किसी को पता है कि वे कौन -से हैं? उन्होंने कहा कि यह कुछ नहीं बल्कि दोहरापन है। उन्होंने जानना चाहा, क्या द्रमुक गरीबों के लिए कोई खास योजना लेकर आई है? उन्होंने लोगों को इस पर विचार करने का आह्वान किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि अन्नाद्रमुक सरकार ने अपने वादे पूरे किए थे जिनमें मुफ्त मिक्सर ग्राइंडर, 52 लाख विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटॉप, 85 फीसद लाभार्थियों को वृद्धापेंशन, थाली के लिए चार ग्राम सोना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अम्मा (दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता) ने गरीब महिला लाभार्थियों के लिए सोने की मात्रा दागुणी कर दी और उस हिसाब से हमारी सररकार ने थाली के लिए आठ ग्राम सोना दिया।

इस बीच तमिलनाडु के भाजपा मामलों के सह प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी ने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर 19 फरवरी के शहरी निकाय चुनाव को ध्यान में रखकर नीट मुद्दे को उठाने का आरोप लगाया। रेड्डी ने कहा कि यह सभी को विदित है कि राष्ट्रपति ने अन्नाद्रमुक शासन के दौरान नीट से छूट संबंधी तमिलनाडु विधानसभा का विधेयक लौटा दिया था। द्रमुक ने विधानसभा चुनाव से पूर्व यह मुद्दा उठाया था और सत्ता में आने के बाद नीट विरोधी विधेयक भेजा लेकिन उसे भी लौटा दिया गया। द्रमुक आगामी चुनव में राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर इस मुद्दे को उठा रही है।

### भाजपा ऐसे वादे नहीं करेगी, जिन्हें पूरा न किया जा सकेः यादव

**इंफाल**। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एक अनोखा घोषणापत्र तैयार कर रही है और पार्टी ऐसा कोई भी वादा नहीं करेगी, जिसे पूरा न किया जा सके। उत्तर-पूर्वी राज्य में भाजपा के चुनाव प्रभारी यादव ने बताया कि भगवा पार्टी ने विभिन्न हितधारकों से चर्चा की है और घोषणापत्र तैयार करने के लिए एक समिति बनाई है। यादव ने कहा कि हम जल्द एक अनोखे घोषणापत्र के साथ आएंगे। इसका मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति भी बनाई गई है। पार्टी ऐसा कोई भी वादा नहीं करेगी, जिस पर अमल न किया जा सके। भाजपा के मणिपुर के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार चुने जाने के सवाल पर यादव ने कहा कि एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पिछले पांच वर्षों से राज्य पर सफलतापूर्वक शासन कर रही है और पार्टी उन्हीं के दूरदर्शी नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है। यादव ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा मणिपुर विधानसभा की दो-तिहाई सीटें जीतेगी। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा।

# सेंसेक्स 657 अंक के उछाल के साथ फिर 58,000 अंक के पार

एजेंसी। मुंबई

**शेयर बाजारों** में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। वाहन, धातु तथा बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स ने 657 अंक की तेजी के साथ फिर से 58,000 अंक के स्तर को प्राप्त कर लिया।

कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख से भी बाजार को समर्थन मिला। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट तथा विदेशी निवेशकों की बिकवाली से लाभ पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 657.39 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,465.97 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 197.05 अंक यानी 1.14 प्रतिशत उछलकर 17,463.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति का शेयर 4.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, विप्रो और भारती एयरटेल में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।दूसरी तरफ केवल तीन शेयर... सन फार्मा, आईटीसी और पावर ग्रिड 0.72 प्रतिशत तक नुकसान में रहे।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार भी लाभ में रहे। केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख क्षेत्र बढ़त में रहे। अमेरिकी शेयर बाजार में कल तेजी रही। निवेशकों ने मुद्रास्फीति का आंकड़ा जारी होने से पहले कच्चे तेल की उंची कीमत और ब्याज दर में वृद्धि को तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, आरबीआई की बृहस्पतिवार को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा पर सबकी नजर होगी। इसका कारण घरेलू स्तर पर महंगाई दर और दुनिया के कुछ अन्य देशों में केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर बढ़ाए जाने से केंद्रीय बैंक पर इसी प्रकार का रुख अपनाने का दबाव होगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, ....निफ्टी में आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले तेजी आई...ऐसा लगता है कि रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम हो रहा है। इसके साथ कच्चे तेल के दाम में कमी से दुनियाा के प्रमुख बाजारों में धारणा मजबूत हुई है। आरबीआई अगर रेपो दर (रिवर्स रेपो दर नहीं) बढ़ाता है तो बाजार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत फिसलकर 90.73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू होने से कच्चे तेल के दाम में नरमी आई। अगर समझौता परवान चढ़ता है तो ईरान का कच्चा तेल वैश्विक बाजार में आएगा।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर सात पैसे टूटकर 74.81 प्रति डॉलर पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को।,967.89 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।







● **एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त में रहे, यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी रही**

## क्विक न्यूज

### वित्त मंत्री 14 को रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को संबोधित करेंगी

नई दिल्ली, नौ फरवरी (भाषा) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट बाद बैठक में सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करेंगी। अपने संबोधन में वह राजकोषीय मजबूती की रूपरेखा और उच्च पूंजीगत व्यय समेत 2022-23 के केंद्रीय बजट की मुख्य बातो को रखेंगी। वित्त मंत्री के बजट के बाद रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को संबोधित करने की परंपरा रही है। निदेशक मंडल मे केंद्रीय बैंक के गवर्नर और चार डिप्टी गवर्नर शामिल है। सूत्रो ने कहा कि बैठक 14 फरवरी को होगी। बैठक मे वह निदेशक मंडल के सदस्यो को संबोधित करेंगी और महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बजट में की गई घोषणाओ के बारे मे बात करेंगी। एक फरवरी को पेश 2022-23 के बजट में बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 11.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्री ने निवेश के जरिए आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए बजट में पूंजीगत व्यय 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव किया है।

### सीसीआई ने डम्पर ट्रक यूनियन को प्रतिस्पर्धा मानकों के उल्लंघन का दोषी पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने डम्पर एंड डम्पर ट्रक यूनियन लाइमस्टोन को अनुचित कारोबारी गतिविधियों का दोषी पाते हुए इनसे दूर रहने को कहा है। कारोबारी शुचिता सुनिश्चित करने वाले नियामक सीसीआई ने कहा कि डम्पर एंड डम्पर यूनियन को निर्धारित मानको के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह आदेश सीजे डार्सेल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की तरफ से दायर शिकायत पर आया है। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि जैसलमेर के सानू माइंस क्षेत्र मे सक्रिय डम्पर यूनियन ने परिवहन सेवाओ की कीमत संगठित रूप से तय की और ऐसी सेवाओ की व्यवस्था को सीमित एवं नियंत्रित करने की भी कोशिश की। आयोग ने कहा कि सीजेडी लॉजिस्टिक्स को अपने वाहनों के जरिए परिवहन सेवाएं देने की अनुमति नही दी गई। इसके अलावा यूनियन से जुड़ी गाड़ियो और ड्राइवरो को ही महंगी दरो पर ले जाने की बाध्यता रखी गई। आयोग ने इस मामले की पड़ताल के बाद आरोपो को सही पाते हुए कहा कि डम्पर ट्रक यूनियन और उसके सदस्य ऐसी गतिविधियो को तत्काल बंद करे और आगे भी इससे परहेज करे।

### आवास वित्त कंपनियों के ऋण पोर्टफोलियो में 8-10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** आवास वित्त कंपनियो (एचएफसी) के ऋण पोर्टफोलियो की वृद्धि चालू वित्त वर्ष मे 8-10 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष मे नौ-11 प्रतिशत रहेगी। इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा रेटिंग्स ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट मे कहा कि गैर-बैकिंग वित्त कंपनियो (एनबीएफसी) और आवास वित्त कंपनियो का ऋण वितरण दूसरी तिमाही मे सुधरा है। पहली तिमाही मे उनका पोर्टफोलियो करीब 11.6 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जो साल भर पहले की समान अवधि के मुकाबले नौ प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही और उसके बाद भी पोर्टफोलियो वृद्धि का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। आवास ऋण की मांग अच्छी रहने, आर्थिक गतिविधियो के बढ़ते स्तर और देश मे टीकाकरण की उंची दर से पोर्टफोलियो वृद्धि को मजबूती मिलेगी। रेटिंग एजेसी के उपाध्यक्ष एवं वित्तीय क्षेत्र रेटिंग प्रमुख सचिन सचदेवा ने कहा, हमारा अनुमान है कि वर्ष 2021-22 मे एचएफसी का पोर्टफोलियो 8-10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। वही वर्ष 2022-23 में इसकी वृद्धि दर 9-11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होने कहा कि महामारी से उपजे आघात के बाद चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से आवास ऋण वृद्धि की स्थिति तेजी से सुधरी है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत में एचएफसी का सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात 3.6-3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि पहले इसके 3.3-3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

### कश्मीर पर ट्वीट को लेकर डोमिनोज, होंडा ने माफी मांगी

**नई दिल्ली।** पिज्जा कंपनी डोमिनोज और जापानी कार विनिर्माता कंपनी होंडा ने अपने पाकिस्तानी कारोबारी सहयोगियो की तरफ से सोशल मीडिया पर कश्मीर के अलगाववादियो के समर्थन मे की गई टिप्पणियो से भारत मे भावनाओ को ठेस पहुंचने पर खेद जताया है। डोमिनोज इंडिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह भारतीय बाजार के लिए प्रतिबद्ध है और वह 25 साल से भी अधिक समय से इसे घर मानती आ रही है और देश की जनता, संस्कृति और राष्ट्रवाद की भावना के प्रति सम्मान का भाव रखती है। पिज्जा श्रृंखला ने कहा, हम यहां उसकी (भारत की) विरासत को हमेशा के लिए संरक्षित करने के लिए खड़े है। देश हमें जो भी देता है हम उसका सम्मान करते है। कंपनी ने आगे कहा, देश के बाहर वाले डोमिनोज के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रकाशित अवांछित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हमें खेद है और हम क्षमा चाहते है। होंडा कार्स इंडिया की कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने ट्विटर पर बयान पोस्ट किया, होंडा हर उस देश के कानूनों और भावनाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें वह काम करती है। किसी भी तरह की ठेस पहुंचने के लिए हमें खेद है। कंपनी ने कहा, किसी भी सहयोगी, डीलर अथवा हितधारक द्वारा इसके विरोधाभासी बयान कंपनी की नीति के अनुरूप नही है। अन्य कई वैश्विक कंपनियो ने पाकिस्तान मे अपने कारोबारी सहयोगियों द्वारा कश्मीर एकजुटता दिवस के समर्थन मे सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट के लिए माफी मांगी है। इन पोस्ट का भारत मे विरोध हुआ और उक्त कंपनियो के उत्पादो के बहिष्कार का भी आह्वान हुआ। इस घटनाक्रम के बाद हुंदै, सुजुकी, टोयोटा, केएफसी और पिज्जा हट ने भी इन पोस्ट के लिए माफी मांगी।

### बजट लोगों के कल्याण की रूपरेखा: प्रह्लाद सिंह पटेल

**पुडुचेरी।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति मंत्री मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट मे विभिन्न तबको के लोगो के कल्याण के लिए रूपरेखा पेश की गई है। पटेल ने एक फरवरी को संसद मे पेश बजट की मुख्य बातो का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें निचले स्तर पर नियोजन पर गौर किया गया है। उन्होने कहा कि बजट को कृषि, सेवा क्षेत्र, स्वदेशी औषधियो तथा मजबूत आपूर्ति व्यवस्था को ध्यान मे रखकर तैयार किया गया है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व विकास के विभिन्न उपायो पर ध्यान देता है। उन्होने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल क्षेत्र मे एक बंदरगाह स्थापित किया जा रहा है और देशभर में 100 कार्गो टर्मिनल स्थापित करने की योजना है। पटेल ने कहा कि जल शक्ति योजना के तहत 60,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नदियो को आपस मे जोड़ने जैसी योजनाओं को लागू करने को लेकर आवश्यकता आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्यो के सहयोग की जरूरत है मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओ के क्रियान्वयन मे पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## पूंजीगत लाभ कर ढांचे में बदलाव को तैयार है सरकार : तरुण बजाज

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बुधवार को कहा कि सरकार शेयरों, ऋण और अचल संपत्ति पर पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए विभिन्न दरों और होल्डिंग अवधि में बदलाव करने के लिए तैयार है ताकि इस प्रणाली को सरल बनाया जा सके।आयकर अधिनियम के तहत, चल और अचल दोनों तरह की पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाला लाभ पूंजीगत लाभ कर के दायरे में आता है। हालांकि, अधिनियम के तहत कार, परिधान, फर्नीचर जैसी चल व्यक्तिगत संपत्तियां इस कर के दायरे से बाहर हैं। बजाज ने कहा कि संपत्तियों पर विविध दरों और होल्डिंग की अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ का कर ढांचा काफी जटिल है और इसपर फिर से गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, दर, होल्डिंग अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ ढांचे पर फिर से काम करने की जरूरत है।

## आईटीसी के लाभ के साथ उच्च जीएसटी दर की रेस्तरां उद्योग की मांग पर विचार करेंगे: राजस्व सचिव

भाषा। नई दिल्ली



**राजस्व सचिव** तरुण बजाज ने बुधवार को कहा कि सरकार इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के लाभ के साथ माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की उच्च दर पर वापस जाने की रेस्तरां उद्योग की मांग पर विचार करने को तैयार है। वर्तमान में रेस्तरां सेवाओं पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। यह दर एसी और गैर-एसी दोनों ही तरह के रेस्तरां पर समान है। हालांकि, इस दर के साथ आईटीसी का लाभ नहीं मिलता है। इसके अलावा सितारा यानी स्टार का दर्जा प्राप्त होटलों के रेस्तरां जिनका प्रतिदिन का कमरे का किराया 7,500 रुपए या अधिक है उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है और उन्हें आईटीसी का लाभ भी मिलता है। हालांकि जिन होटलों के रेस्तरां में कमरे का किराया कम होता है उन पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है और उन्हें आईटीसी का लाभ नहीं मिलता। बजाज ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा, रेस्तरां उद्योग से यह सुझाव मिला है। वे चाहते हैं कि केवल पांच फीसदी कर के बजाय आईटीसी की सुविधा के साथ उनपर कर की उच्च दर लगाई जाए। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। इस पर विचार करने को हम तैयार हैं। रेस्तरां उद्योग के लिए कर दर में परिवर्तन के बारे में अंतिम फैसला जीएसटी परिषद की बैठक में लिया जाएगा। एक जुलाई, 2017 को जब जीएसटी को लागू किया गया था, तब गैर-एसी रेस्तरां के मामले में खाद्य बिल पर 12 प्रतिशत और वातानुकूलित रेस्तरां में 18 प्रतिशत कर लगाया गया था। इन सभी को आईटीसी का लाभ मिला। हालांकि, जीएसटी परिषद ने नवंबर, 2017 में आईटीसी सुविधा वापस ले ली और सभी रेस्तरां पर समान पांच प्रतिशत कर लगा दिया। आईटीसी वस्तु या सेवा पर चुकाए जा चुके कर को अंतिम देय कर के साथ समायोजित करने की सुविधा है।

## बजट में पूंजीगत व्यय के लिए प्रावधान उतना अधिक नहीं जितना दिख रहा है: क्रिसिल

भाषा। मुंबई

**घरेलू** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में प्रस्तावित पूंजीगत व्यय उतना अधिक नहीं है जितना नजर आ रहा है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि आमतौर पर संकट के समय सरकारें पूंजीगत व्यय में कटौती करती हैं, लेकिन इस सरकार ने महामारी के दौरान भी वृद्धि को बढ़ावा देने वाली कदमों पर ध्यान दिया। क्रिसिल की शोध इकाई ने बुधवार को कहा कि संसद में पेश 2022-23 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूंजीगत व्यय में चालू वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 7.5 लाख करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.91 प्रतिशत के बराबर करने का प्रस्ताव रखा है। यदि इसमें से एक लाख करोड़ रुपए का ऋण आंकड़ा कम कर दिया जाए जो राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए दिया जाना है तो वास्तविक व्यय कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.58 प्रतिशत रह जाएगा जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान के बराबर भी नहीं है।रिपोर्ट में कहा गया कि आंकड़े को बढ़ाने वाली संख्या का असर भी आंतरिक और अतिरिक्त बजट संसाधनों (आईईबीआर) में कटौती से कम हो जाता है। आईईबीआर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में निवेश का वित्तपोषण करता है। आईईबीआर को अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी का 1.82 फीसदी रखा गया है जो महामारी पूर्व (वित्त वर्ष 2018-20) के औसत स्तर 3.33 प्रतिशत से काफी कम है।गौरतलब है कि वृद्धि को बढ़ाने के लिए अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 35 प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए कुछ हलकों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की गई।

## कैप्टिव बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति नहीं सुधरी तो बंद हो जाएंगी कई इकाइयां: इंटक

भाषा। नई दिल्ली

**इस्पात एवं** एल्युमिनियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित बिजली संयंत्रों को इस समय कोयले की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है और हालात जल्द ही नहीं सुधरने पर कई औद्योगिक इकाइयों को बंद करना पड़ सकता है जिससे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा होगी।

भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के महासचिव संजय कुमार सिंह ने बुधवार को साथ बातचीत में यह आशंका जताई। उन्होंने कहा कि कोयला मुहैया कराने में स्वतंत्र बिजली उत्पादक कंपनियों (आईपीपी) को तरजीह दी जा रही है, कैप्टिव बिजली संयंत्रों (सीपीपी) को नहीं।सिंह ने कहा, अगर किसी संयंत्र का कोयला उपयोग सौ फीसदी है तो हमें 20 प्रतिशत कोयला ही मिल पा रहा है। अगर हालात ऐसे ही बने रहते हैं तो छोटी कंपनियों के बंद होने की स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में हालात ज्यादा बिगड़े हैं। लिहाजा सरकार को कोयला उत्पादन वाले राज्यों में सक्रिय उद्योगों को कोयला उपलब्ध कराने की प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादक राज्यों के उद्योगों की जरूरतें पूरी करने के बाद गैर-उत्पादक राज्यों को कोयला आपूर्ति की जानी चाहिए। इंटक महासचिव ने कहा, हमने इस बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि पहले कोयला उत्पादक राज्यों में सक्रिय उद्योगों की जरूरतें पूरी की जाएं और फिर अन्य राज्यों को कोयला भेजा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर लोग विरोध पर उतारू हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों को कोयला आपूर्ति करने की चर्चाओं पर सवाल उठाते हुए कहा, घरेलू उद्योग की जरूरतें ही पूरी नहीं हो पा रही हैं। ऐसा नहीं है कि कोयला उत्पादन कम हो रहा है। दरअसल, सरकार की नीति ही गलत है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो आने वाले दिनों में लोगों की नौकरियां जा सकती हैं जिससे हर राज्य में अशांति पैदा होगी। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गत सोमवार को कहा था कि देश में तापीय बिजली संयंत्रों में कोयले की कोई किल्लत नहीं है।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में मिला 14,888 करोड़ का शुद्ध निवेश

भाषा। नई दिल्ली

**इक्विटी** म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2022 में 14,888 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश आया है। यह लगातार 11वां महीना है जब शुद्ध रूप से मासिक प्रवाह बढ़ा है।म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह आंकड़ा दिसंबर, 2021 में 25,077 रुपए के शुद्ध प्रवाह की तुलना में काफी कम है। इक्विटी यानी शेयर बाजार में निवेश से जुड़ी योजनाओं में शुद्ध रूप से प्रवाह मार्च, 2021 से लगातार जारी है और इस दौरान शुद्ध रूप से एक लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ। यह म्यूचुअल फंड की इक्विटी से जुड़ी योजनाओं के प्रति निवेशकों के सकारात्मक रुझान को दर्शाता है। इससे पहले इस तरह की योजनाओं से लगातार आठ माह जुलाई, 2020 से फरवरी 2021 के बीच 46,791 करोड़ रुपए की निकासी हुई थी। उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) जनवरी के अंत में बढ़कर 38.88 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गईं, जो दिसंबर के अंत में 37.72 लाख करोड़ रुपए थीं।

### करदाता एक आकलन वर्ष में सिर्फ एक बार ही अपडेट कर सकेंगे आईटीआर

**नई दिल्ली।** किसी करदाता को एक आकलन वर्ष में सिर्फ एक बार अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) को अद्यतन (अपडेट) करने की अनुमति होगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन जे बी महापात्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापात्र ने कहा कि इस प्रावधान का मकसद उन लोगों को रिटर्न दाखिल करने का अवसर देना है जो किसी उचित वजह से ऐसा नहीं कर पाए हैं। महापात्र ने कहा, ऐसे करदाता एक आकलन वर्ष में सिर्फ एक बार अपडेट किया हुआ रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। बजट 2022-23 में ऐसे करदाताओं को आईटीआर दाखिल करने के दो साल के अंदर उसे अपडेट करने की अनुमति दी गई है जिनसे रिटर्न में कुछ गलती हो गई है या कोई ब्योरा छूट गया है। करदाता करों का भुगतान कर आईटीआर को अपडेट कर सकेंगे। यदि अद्यतन आईटीआर 12 माह के भीतर दाखिल किया जाता है, तो बकाया कर और ब्याज पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त का भुगतान करना होगा।

## पेज एक का शेष

### पांचों राज्यों...

उन्होंने गुजरात के दो गधे शब्द का प्रयोग किया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश की जनता ने उनको हिसाब सीखा दिया। एक बार तो दो लड़के भी थे और एक बुआ जी भी उनके साथ थीं, फिर भी उनके हाल नहीं बदले। पीएम मोदी ने कहा कि पांचों चुनावी राज्यों में भाजपा की लहर चल रही है और पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी की योजनाएं अद्भुत हैं, उत्तर प्रदेश में उन्होंने असंभव को संभव किया है। विरोधी भी उन योजनाओं को कैश करने के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। जब लोग उत्तर प्रदेश में सुरक्षा पर चर्चा करते हैं, तो वे पिछली सरकारों, माफिया राज, गुंडा राज के दौरान अपनी परेशानियों के बारे में सोचते हैं, जिस तरह से सरकार में बाहुबलियों की स्थिति और आश्रय था। यूपी ने इसे करीब से देखा, महिलाएं बाहर नहीं निकल सकती थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपनी हार से सीखा है। वह जीत पर इतराते नहीं हैं। उनकी पार्टी हार-हार कर ही जीतने लगी है। हमने बहुत पराजय देखी हैं, जमानत जब्त होती देखी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अब राष्ट्र पर भी आपत्ति है। यदि राष्ट्र की कल्पना गैर-संवैधानिक है तो आपकी पार्टी का नाम इंडियन नेशनल कांग्रेस क्यों रखा गया। नाम भी बदल दीजिए और फेडरेशन आफ कांग्रेस कर दीजिए। अपने पूर्वजों की गलती सुधार दीजिए।

### उत्तर प्रदेश...

है। इस सन्दर्भ में ऐसे प्रत्याशियों को स्वयं भी मतदान दिवस के 48 घण्टे पूर्व न्यूनतम 3 बार अपने आपराधिक विवरण को प्रकाशित कराया जाना है। चुनाव में कुल 26027 मतदेय स्थल तथा 10853 मतदान केन्द्र हैं। कोविड को लेकर आयोग द्वारा मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1250 तक रखने के निर्देश दिये गये हैं। सभी मतदेय स्थलों पर रैंप, शौचालय तथा पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गये हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 48 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक तथा 19 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 2175 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 284 जोनल मजिस्ट्रेट, 368 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2718 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, 1 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा 2 वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं जो कि क्षेत्र में रहकर संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेंगे। मतदान पर पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक जनपद के न्यूनतम 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया जायेगा। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से स पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चुनाव में सभी 26027 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई है एवं सभी जनपदों में तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था की गई है जिससे कि ईवीएम अथवा वीवीपैट में किसी समस्या के स्थिति में तत्काल उसका निराकरण कराया जा सके। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ को निर्देश दिये गये हैं कि वे मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए जनपदों में व्हील चेयर एवं जगह-जगह पर वॉलंटियर की व्यवस्था की गई है जो कि पीडब्ल्यू मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रथम चरण में कुल 467 आदर्श मतदान केन्द्र, 139 समस्त महिलाकर्मी मतदेय स्थल, 61 समस्त पीडब्ल्यूडी मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### पीठ ने...

ने आदेश में कहा कि पीठ का यह भी विचार है कि अंतरिम अर्जियों को भी बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाना चाहिए। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने पीठ से अंतरिम आदेश देने का अनुरोध किया, क्योंकि परीक्षाएं दो महीने दूर हैं और छात्रों को उनकी शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस पर मुस्लिम छात्राओं की ओर से पेश अधिवक्ता देवदत्त कामत ने अनुरोध किया कि लड़कियों को 'उनकी संस्कृति का पालन करने' की अनुमति दी जाए। कर्नाटक के महाधिवक्ता प्रभुलिंग के नवदगी ने अंतरिम राहत देने और छात्राओं को हिजाब पहनकर कॉलेजों में जाने की अनुमति देने का विरोध किया। उच्च न्यायालय का आदेश आने से पहले बुधवार की सुबह कर्नाटक मंत्रिमंडल ने इस मामले पर कोई और निर्णय लेने से पहले हिजाब विवाद पर अदालत के फैसले का इंतजार करने का फैसला किया है। कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री जेसी मधुस्वामी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हिजाब विवाद पर चर्चा की, लेकिन चूंकि उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई कर रहा है, लिहाजा हमें लगा कि मंत्रिमंडल का आज इस मुद्दे पर निर्णय लेना उचित नहीं होगा। कोई भी फैसला लेने से पहले अदालत की व्यवस्था का इंतजार करना चाहिए। इस बीच, बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त कमल पंत ने बेंगलुरु शहर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, डिग्री कॉलेजों या इसी तरह के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के गेट से 200 मीटर के दायरे में बुधवार से 22 फरवरी तक दो सप्ताह की अवधि के लिए किसी भी सभा, आंदोलन या प्रदर्शन के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

### दिल्ली व...

कोलकाता के आलिया विश्वविद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों ने बुधवार को पार्क सर्कस इलाके में रैली निकाली, जिसमें कई महिलाओं ने हिजाब पहन रखा था। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर लिखा था, 'भारत के नागरिकों के रूप में, हमें यह तय करने का अधिकार है कि हमें क्या पहनना हैं और हमें अपनी धार्मिक प्रथाओं का पालन करने का अधिकार है।

### दिवालियापन, कर्ज...

से कुल 71 भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) जबकि 60 असम राइफल्स और सात राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) से संबंधित थे। जिन तीन वर्षों का आंकड़ा सरकार ने दिया है, ये साल हैं जब पहले नोटबंदी और फिर कोरोना महामारी की मार अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी, खास कर छोटे दुकानदार और उद्यमी और अन्य कारोबारी बुरी तरह प्रभावित हुए।

### जल बोर्ड...

इन्हें 2019 से एरियर्स मिल सकेगा। सभी का वेतन लगभग दोगुना हो जाएगा। सभी को डीए की सुविधा मिलेगा। वार्षिक वेतन वृद्धि बच्चों की शिक्षा भत्ताए पितृत्व अवकाश, मातृत्व अवकाश आदि सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। दिल्ली जल बोर्ड में संविदा से नियमित हुए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। सीएम को धन्यवाद करने वालों में राकेश कुमार, डालचंद सिंह, बिमला रानी आदि कर्मचारी शामिल हैं।

### क्वैड के...

और बुनियादी ढांचे का समाधान किया जा सके। क्वैड बैठक में भाग लेने के अलावा जयशंकर 12 फरवरी को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने के साथ 12वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। उसी दिन, पायने के साथ विदेश मंत्रियों के साइबर फ्रेमवर्क संवाद की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। दोनों विदेश मंत्री साइबर और साइबर-सक्षम महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया ढांचे की व्यवस्था और जून 2020 में हस्ताक्षरित सहायक कार्य योजना के कार्यान्वयन की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर फिलीपींस जाएंगे। विदेश मंत्री के रूप में यह उनका इस देश का पहला दौरा भी होगा। विदेश मंत्री का 13 से 15 फरवरी तक फिलीपींस का दौरा भारत द्वारा ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ अपना पहला रक्षा निर्यात सौदा करने के दो सप्ताह बाद हो रहा है। यह सौदा 375 मिलियन डॉलर से अधिक का है।

## गेल ने अमेरिका से गैस आपूर्ति समय से पहले प्राप्त की, नए सौदों पर नजर

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की गेल (इंडिया) लि. के चेयरमैन मनोज जैन ने कहा है कि कंपनी अमेरिका से गैस की आपूर्ति समय से पहले प्राप्त की है। साथ ही कंपनी एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा हासिल करने के प्रयास के तहत अगले साल और एलएनजी के अनुबंधों पर विचार कर रही है। देश की प्रमुख गैस परिवहन और विपणन कंपनी का अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तथा रूस से दीर्घकालीन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए दीर्घकालीन अनुबंध है। जैन ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2021) में अगले साल होने वाली आपूर्ति में से एलएनजी के एक-दो कार्गो (एलएनजी से लदा जहाज) को पहले प्राप्त किया है। हमने मौजूदा तिमाही में भी यही किया है। इसका कारण यह है कि अमेरिकी एलएनजी की लागत मौजूदा बाजार में उपलब्ध गैस की कीमत का एक-तिहाई है। गेल का अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं के साथ 58 लाख टन सालाना एलएनजी का अनुबंध है। यह अमेरिकी गैस बाजार-हेनरी हब से जुड़ा है। वहां मौजूदा दर अभी 5.45 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट है। जबकि एशिया में हाजिर या मौजूदा बाजार में इसकी कीमत 15.5 डॉलर प्रति यूनिट है। उन्होंने कहा, हम गैस आपूर्ति के अनुबंध को लेकर सतर्क रहे हैं और हमारा अनुबंध अलग-अलग देशों के साथ है।

# यूक्रेन पर रूस के हमले से अस्थिरता पैदा हो सकती है : अमेरिकी जनरल

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** सेना के लेफ्टिनेंट जनरल एरिक कुरिला ने मंगलवार को सांसदों को आगाह किया कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो इससे सीरिया सहित पश्चिम एशिया में व्यापक अस्थिरता पैदा होने की आशंका है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईरान, अमेरिका और इस क्षेत्र में सहयोगियों के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है।

कुरिल्ला ने पश्चिम एशिया में शीर्ष अमेरिकी कमांडर के पद के लिए सीनेट में सुनवाई के दौरान सदन की सशस्त्र सेवा समिति से कहा कि चीन, मध्य कमान क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ा रहा है और वहां किए जाने वाले खर्च का विस्तार कर रहा है। इस क्षेत्र में वे देश भी शामिल हैं, जिनकी अमेरिका को अफगानिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए आवश्यकता है।

कुरिल्ला कहा, अमेरिका, चीन और रूस के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के एक नए युग का सामना कर रहा है जो एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है और मध्य कमान क्षेत्र में फैली हुई है। अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा को प्राथमिकता देता है, जो सही फैसला है, लेकिन हमें पश्चिम एशिया और मध्य एवं दक्षिण एशिया में भी सक्रिय रहना चाहिए।

इराक और अफगानिस्तान युद्धों में व्यापक अनुभव रखने वाले कुरिल्ला का समिति ने स्वागत किया और कहा कि इस पद के लिए उनके नाम की पुष्टि होने की संभावना है।



बर्लिन में जर्मन चांसलर, फ्रांस के राष्ट्रपति व पोलिश राष्ट्रपति यूक्रेन संकट पर चर्चा करते हुए

# कोविड-19 के खिलाफ बेहद प्रभावी एंटीवायरल दवाओं का नया मिश्रण

भाषा। वाशिंगटन

**एक** नए अनुसंधान में दावा किया गया है कि एंटीवायरल दवा रेमडेसिवीर या मोलनुपिरावीर को प्रायोगिक दवा ब्रेक्विनार के साथ मिलाकर देने पर सार्स-कोव-2 वायरस का प्रजनन बाधित हो जाता है। यह वायरस कोविड-19 संक्रमण के लिए जिम्मेदार है। नेचर जर्नल में हाल ही में प्रकाशित अनुसंधान के मुताबिक, अलग-अलग के बजाय मिश्रित स्वरूप में इस्तेमाल किए जाने पर ए दवाएं ज्यादा प्रभावी साबित होती हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन दवाओं के मिश्रण का क्लीनिकल परीक्षण नहीं किया गया है, लेकिन अध्ययन में देखा गया है कि इनमें कोविड-19 संक्रमण का बेहद प्रभावी इलाज साबित होने की क्षमता है। मुख्य अनुसंधानकर्ता सारा चेरी, जो अमेरिका स्थित पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं, ने कहा, एंटीवायरल दवाओं के उपयुक्त मिश्रण की पहचान करना बेहद जरूरी है, न केवल इसलिए कि ऐसा करने से कोरोना वायरस के खिलाफ दवाओं का प्रभाव बढ़ सकता है, बल्कि इसलिए भी कि दवाओं के मिश्रण से प्रतिरोध का खतरा काफी हद तक घट जाता है। अनुसंधानकर्ताओं ने इंसान की श्वसन कोशिकाओं में सार्स-कोव-2 वायरस के जीवित अंश डालकर 18,000 दवाओं की वायरस-रोधी क्षमताओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने 122 ऐसी दवाओं की पहचान की, जो कोरोनोवायरस के खिलाफ एंटीवायरल गतिविधि और चयनात्मकता दिखाती हैं। इनमें 16 न्यूक्लियोसाइड एनालॉग शामिल हैं, जो चिकित्सकीय उपयोग में आने वाली एंटीवायरल दवाओं की सबसे बड़ी श्रेणी है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, इन 16 न्यूक्लियोसाइड एनालॉग में रेमडेसिवीर और मोलनुपिरावीर प्रमुख हैं। रेमडेसिवीर इंजेक्शन के जरिए नसों में दी जाने वाली एक एंटीवायरल दवा है। वहीं, मोलनुपिरावीर को गोली के रूप में खाया जा सकता है। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि विभाग ने कोविड-19 के उपचार में इन दोनों ही दवाओं के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे रखी है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि जिन 122 दवाओं की पहचान की गई, उनमें प्रायोगिक दवा ब्रेक्विनार सहित कई न्यूक्लियोसाइड बायोसिंथेसिस इंहिबिटर भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि न्यूक्लियोसाइड बायोसिंथेसिस इंहिबिटर शरीर में मौजूद एनजाइम को न्यूक्लियोसाइड बनाने से रोकते हैं, जिसके चलते वायरस का प्रजनन बाधित होता है।

# प्रदर्शन के कारण कनाडा, अमेरिका की सीमा पर व्यापार बाधित होने की आशंका

**ओटावा (कनाडा)।** कनाडाई सांसदों ने कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों और टीकाकरण की अनिवार्यता के खिलाफ ट्रक मालिकों के प्रदर्शन के कारण अमेरिका और कनाडा के बीच सबसे व्यस्त सीमा के आंशिक रूप से बाधित होने की वजह से आर्थिक नुकसान होने की चिंता जताई है। कनाडा के जन सुरक्षा मंत्री मार्को मेंडिसीनो ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका के मिशिगन में डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो में विंडसर के बीच बने एंबेसडर ब्रिज पर यातायात बाधित होने के कारण वाहन कनाडा में प्रवेश नहीं कर पा रहे, जबकि अमेरिका जाने वाले कुछ वाहन अब भी चल रहे हैं। उन्होंने इस पुल को सीमा पार जाने वाले दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक बताया। कनाडा और अमेरिका के बीच 25 प्रतिशत व्यापार संबंधी यातायात इसी पुल के जरिए होता है। कनाडा के परिवहन मंत्री उमर अलजब्र ने कहा कि यातायात बाधित होने का आर्थिक और आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर असर पड़ेगा और यह बड़ी चिंता का कारण है। देश के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को संसद में आपात बहस के दौरान कहा कि प्रदर्शनकारी हमारी अर्थव्यवस्था, हमारे लोकतंत्र को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# आतंकवादी समूहों को अफगानिस्तान में सबसे अधिक आजादी: संरा रिपोर्ट

- **तालिबान विदेशी आतंकी समूहों पर लगाम कसने में नहीं दिखा रहा है रुचि**
- **आतंकियों के लिए सुरक्षिति पनाहगाह बना अफगानिस्तान**

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**हाल** के समय में आतंकवादी समूह अफगानिस्तान में कहीं अधिक आजादी का आनंद ले रहे हैं और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि तालिबान ने विदेशी आतंकवादियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कोई कदम उठाया है। यह दावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट का लक्ष्य खुद को अफगानिस्तान में मुख्य प्रतिवादी ताकत के रूप में स्थापित करने की है और अपने प्रभाव को मध्य और दक्षिण एशिया के देशों तक फैलाने की है और इसे तालिबान भी अपने प्राथमिक सशस्त्र खतरे के तौर पर देखता है।

इस्लामिक स्टेट द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए उत्पन्न किए गए खतरे और इस खतरे का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से सदस्य देशों को किए जाने वाले सहयोग पर आधारित 14वीं महासचिव की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान का सुरक्षा परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि तालिबान देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कदम उठा रहा है। इसके उलट, सदस्य देश इस बात से चिंतित हैं कि हाल के इतिहास में आतंकवादी कहीं अधिक आजादी का आनंद ले रहे हैं।

साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि अफगानिस्तान जाने वाले विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की संख्या कम है। इसमें कहा गया कि अफगानिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट का नेतृत्व अब भी सनाउल्ला गफ्फारी के पास है जो अफगान नागरिक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आईएसआईएस और अल कायदा प्रतिबंध समिति ने गफ्फारी को पिछले साल दिसंबर में आतंकवादियों की सूची में डाला था। अमेरिका ने सोमवार को गफारी और पिछले साल काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में शामिल लोगों के बारे में सूचना देने वालों को एक करोड़ डॉलर का इनाम देने की घोषणा की। इस हमले में कम से कम 185 लोगों की मौत हो गई थी।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक आईएसआईएस-खुरासान अफगानिस्तान में अस्थिरता का लाभ ले रहा है और ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट और तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी सहित अन्य विदेशी आतंकवादी समूहों से लड़ाकों की भर्ती कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्रों का आकलन है कि आईएसआईएस- खुरासान के लड़ाकों की संख्या 2200 से बढ़कर 4000 के करीब पहुंच रही है।यह वृद्धि तालिबान द्वारा कई लोगों को कारागारों से रिहा करने के बाद बढ़ी है। एक सदस्य का आकलन है कि आतंकी समूह के आधे सदस्य विदेशी आतंकवादी हैं।

रिपोर्ट में कहा, गया, दाएश पूर्वी अफगानिस्तान के सीमित इलाके को नियंत्रित करता है लेकिन वह चर्चित और जटिल हमले करने में सक्षम है जैसा उसने 27 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे पर किया था। खासतौर पर तालिबान के सदस्यों और अल्पसंख्यक शिया समुदाय पर।

रिपोर्ट में कहा गया कि इंडोनिशिया और फिलीपीन ने आतंकवादी रोधी कदम में उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि कट्टरपंथियों के प्रभाव में आकर व्यक्तिगत आधार पर हमले का खतरा चिंता का विषय बना हुआ है।

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी मोहम्मद मेहदि का एक आईडी कार्ड नंबर 2139171 दिनाक 08-02-2022 को गायब पाया गया और / या खो गया। किसी को भी, जो उक्त आईडी कार्ड पाता है, से अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त आईडी कार्ड को मैनेजर डेबट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस. डी. टावर, सेक्टर-08, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 में लौटा दे। इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को इस प्रकार अधिसूचित किया गया है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2139171 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भी भुगतान न करे। कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और / या जिम्मेदार नहीं होगा।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
तारीख: 10-02-2022 जगह: नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Sh. Chetan Gadhok** (hereinafter referred to as the said Mortgagors/Borrowers) is purchasing **Third Floor, With Roof Rights,** Property Bearing No. 14/11, area measuring 200 Sq. Yds., **Block - 14, Situated in the Abadi of East Patel Nagar, New Delhi** from Sh. Jagjit Singh Anand who became owner of the said floor vide **Relinquishment Deed dated** 25.02.2019, Sub-Registrar- II Basai Darapur New Delhi, as Doc No. 2118, Book No. I, Vol No. 24175, Page No. 118-122 on 25.02.2019 **executed by**. Sh. Charanjit Singh Anand 2. Sh. Ravdeep Singh Anand, 3. Smt. Kuljit Kaur and Now, **Sh. Chetan Gadhok** has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients **IDFC FIRST Bank Limited**. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan / Mr. Sudhir Jain (Advocates)**, Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at (M). 9066707172/9818228636

**PUBLIC NOTICE**

**Plot No.439, area 160 sqm., Village/Sector Ghori Bacheda, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, UP**

That our client Munish S/o Surjit Singh R/o Vill Kharkbhura, Narwana, Jind, HR,proposes to purchases the above said property from **Roopa Sharma w/o Late Kiran Pal** R/o Village Junpat, Greater Noida, who have assured our client that she is the absolute owner of the said property vide Mutation/ Transfer letter dated 17.01.22 read with Lease deed No. 2976 dated 25.01.22.The said property initially allotted to Kiran Pal who died intestate on07.03.15 and left behind **Nishant Sharma, Chanchal Sharma, Ritu Sharma & Roopa Sharma,** as only legal heirs vide Varishan Certificate No. 395/ST/SDM/2016 dated 03.09.16 issued by Dy.DM, Dadri.
Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s, organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned here in below within 15 days of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of **Roopa Sharma w/o Late Kiran Palto** the said property shall be deemed to be clear of any claim, charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.
**Kumar Abhishek Advocate**
**Legal Access** 132A, LGF, Anarkali Complex, Jhandewalan Ext.New Delhi-55

# क्षेत्रीय देशों के बीच दरार डालना बंद करे क्वाड : चीन

भाषा। बीजिंग

**शुक्रवार** को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले चीन ने बुधवार को कहा कि वह गठबंधनों के बीच टकराव पैदा करने के लिए विशेष गठबंधन बनाने के खिलाफ है और चार देशों के गठबंधन को क्षेत्रीय देशों के बीच दरार डालना बंद करना चाहिए। नवंबर 2017 में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान ने क्वाड की स्थापना के लंबित प्रस्ताव को आकार दिया था, जिसका मकसद सामरिक रूप से अहम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच प्रमुख समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नई रणनीति विकसित करना था।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन गठबंधनों के बीच टकराव पैदा करने के लिए विशेष गठबंधन बनाने के खिलाफ हैं। वह मेलबर्न में शुक्रवार को क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। लिजियान ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और संबंधित देश स्थिति की स्पष्ट तस्वीर प्राप्त कर सकें, आराम महसूस कर सकें, शीत युद्ध की मानसिकता को त्याग पाएं, क्षेत्रीय देशों के बीच दरार डालना बंद करें और क्षेत्र में शांति, स्थिरता एवं समृद्धि सुनिश्चित करने में योगदान दें।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 11 फरवरी को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के अपने समकक्षों के साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक में हिस्सा लेंगे।

अमेरिका के उपमंत्री डैनियल जे क्रिटेनब्रिंक की उस कथित टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने कहा था कि मेलबर्न में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए पैदा चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी, लिजियान ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए लोकतंत्र के रूप में उसकी साख पर सवाल उठाए। लिजियान ने कहा, लोकतंत्र मानवता का एक सामान्य मूल्य है, न कि कुछ देशों द्वारा हासिल किया गया पेटेंट। कोई देश लोकतांत्रिक है या नहीं, इसका फैसला उसके अपने लोगों को ही करना चाहिए। अमेरिका एक लोकतंत्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बहुत पहले ही खो चुका है। लेकिन, वह अब भी अन्य देशों को अमेरिकी शैली के लोकतांत्रिक मानकों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to all concerned that, My client has entered into an agreement to buy a property municipal no. 2569 - 2570 - 2571 ward - IV, (Near Gali Neem Wali), Dharampura, Gali Anar, Kinari Bazar, Delhi-110006, (Title Deed is in the name of Late Shri Bhawani Shanker Mehra) from his grandson Neeraj Shanker Mehra & others' Neeraj Shanker S/o Late Sh. Krishan Shanker Mehra R/o B-198 Prashant Vihar Rohini Sector 14 New Delhi-110085.
Any person having any right , title claim or interest in respect of the above property by way of sale, exchange, let, lease, mortgage or whatsoever nature, which contradicts the title absolute and sole ownership and possession of the existing land owner of the property is hereby required to make the claim, if any within 15 days failing which claim shall be treated as irrevocable and unconditionally waived of such person.
Enrl.No. D-2768/2020
Kartikay Bhaskar - Advocate
Harsh Bela 123/9, Sant Nagar Burari,Delhi-84.Ph:9540808980



कैपिटल हिल्स में सेन रिच स्कॉट मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए

# चीनी दबाव से निपटने के लिए साथ आए ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया

- **चीन के आस्ट्रेलिया के व्यापारियों पर प्रतिबंध लगाने के बाद बदले समीकरण**

भाषा। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** और लिथुआनिया के विदेश मंत्री बुधवार को रणनीतिक चुनौतियों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए, जिसमें खासतौर पर चीन के दबाव से निपटना शामिल है।

लिथुआनिया के विदेश मंत्री गेब्रिएलियस लैंड्सबर्गिस और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने ने बुधवार को यहां संसद भवन में मुलाकात की। बीजिंग के साथ बिगड़ते रिश्तों के बीच कोयला, शराब, गोमांस, क्रेफिश और जौ के व्यापार पर चीन के औपचारिक व अनौपचारिक प्रतिबंधों से ऑस्ट्रेलियाई निर्यातकों को अरबों डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा है।

वहीं, बाल्टिक क्षेत्र में स्थित लगभग 28 लाख आबादी वाला देश लिथुआनिया बीते दिनों उस समय चीन के निशाने पर आ गया, जब उसने राजनियक परंपरा को तोड़ते हुए यह घोषणा की कि राजधानी विलनियस में मौजूद ताइवान के कार्यालय पर चीनी ताइपे की जगह ताइवान नाम लिखा जाएगा। कई देश चीन की नाराजगी से बचने के लिए ताइवान की जगह चीनी ताइपे नाम का इस्तेमाल करते हैं।

लैंड्सबर्गिस ने कहा, काफी समय से ऑस्ट्रेलिया उन प्रमुख देशों में शुमार रहा है, जहां चीन अर्थव्यवस्था और व्यापार को एक राजनीतिक उपकरण, या यह भी कह सकते हैं कि एक राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा, अब लिथुआनिया इस खास क्लब में शामिल हो गया है... लेकिन यह निश्चित रूप से स्पष्ट है कि हम आखिरी देश नहीं हैं।

पायने ने कहा कि वह लैंड्सबर्गिस के इस विचार से सहमत हैं कि समान विचारधारा वाले देशों को एक साझे दृष्टिकोण के साथ अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था, मुक्त और खुला व्यापार, पारदर्शिता, सुरक्षा व स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में साथ मिलकर काम करना चाहिए।

पायने ने कहा, ऐसे कई सहयोगी हैं, जिनके साथ विदेश मंत्री (लैंड्सबर्गिस) और मैं इन मुद्दों पर मिलकर काम करते हैं। मुझे लगता है कि इसके जरिए हम दबाव और निरंकुशता पर हमारी अस्वीकृति के बारे में सबसे स्पष्ट संदेश भेज रहे हैं।

# ईरान ने लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम मिसाइल का अनावरण किया

- **ईरान ने कहा उसकी मिसाइल के पहुंच अमेरिकी सैनिक ठिकानों के साथ ही इजराइल तक भी**

एपी। तेहरान

**ईरान** ने बुधवार को एक नई मिसाइल का अनावरण किया। इस मिसाइल की रेंज क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य अड्डों के साथ इजराइल के भीतरी क्षेत्र तक की बताई जाती है।

सरकारी टीवी ने बताया है कि मिसाइल 1450 किलोमीटर की दूरी तक मार कर सकती है। इस मिसाइल को खैबर-बस्टर कहा गया है। खैबर बस्टर का आशय इस्लाम के शुरुआती दिनों में मुस्लिम योद्धाओं द्वारा एक यहूदी महल पर कब्जा करने से है। खबरों के मुताबिक देश में ही इसका निर्माण किया गया है और बहुत सटीकता से लक्ष्यों को भेद देती है। यह मिसाइल प्रतिरक्षा तंत्र को भी चकमा दे सकती है। हालांकि स्वतंत्र रूप से इन तथ्यों की पुष्टि नहीं हो पाई है। ईरान के लिए इजराइल का निकटतम बिंदु लगभग 1,000 किलोमीटर दूर है। मिसाइल का अनावरण करने की यह खबर ऐसे वक्त आई है जब वियना में ईरान के साथ वैश्विक ताकतें वार्ता बहाल करने का प्रयास कर रही हैं। ईरान लंबे समय से कहता रहा है कि वह परमाणु हथियार नहीं चाहता है बल्कि उसका मिसाइल कार्यक्रम प्रतिरोधी क्षमता विकसित करने के लिए है। ईरान के पास कुछ ऐसी मिसाइल है जो 2,000 किलोमीटर दूरी तक मार कर सकती है। इससे पहले जनवरी में ईरान ने उपग्रहों का प्रक्षेपण करने के लिए ठोस-ईंधन चालित रॉकेट के एक इंजन का परीक्षण किया था।

**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com | वेबसाइट: www.himalayafoodcompany.com

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2020 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 1968.97<br>85.11 | 5008.01<br>85.11 | 1607.45<br>- |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 228.33 | 440.62 | 73.59 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 228.33 | 440.62 | 73.59 |
| 5. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 228.33 | 440.62 | 73.59 |
| 6. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 228.33 | 440.62 | 73.59 |
| 7. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन<br>(i) मूल रू. में<br>(ii) तनुकृत रू. में | <br>0.39<br>0.39 | <br>0.76<br>0.76 | <br>0.13<br>0.13 |

नोट्स :
(1) 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और तदुपरांत अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी 09 फरवरी, 2022 को सम्पन्न बैठक में किया गया था। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने उक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण संचालित किया है।
(2) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.himalyafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक

तिथि : 09-02-2022
स्थान : दिल्ली





# कला प्रदर्शनी

## कुमार गैलरी के संस्थापक वीरेंद्र कुमार की याद में, भारत के महानतम आधुनिक और समकालीन उस्ताद दुर्लभ कार्यों के ब्लू-चिप सूट में एक साथ आते हैं। बता रही हैं **उमा नायर**

कुमार गैलरी ऑनलाइन प्रदर्शनी में कुमार गैलरी के संस्थापक वीरेंद्र कुमार की याद में, भारत के महानतम आधुनिक और समकालीन उस्तादों के नब्बे काम दुर्लभ कार्यों के ब्लू-चिप सूट में एक साथ आते हैं। वीरेंद्र प्रोग्रेसिव के करीबी और एफ एन सूजा के खास दोस्त थे। कुमार गैलरी में सुंदर नगर गैलरी के साथ-साथ सैनिक फार्म में सूजा की ऐतिहासिक प्रदर्शनियां थीं। वीरेंद्र का पिछले साल निधन हो गया था। सूजा की 17 कृतियों में से पांच रचनाएं रचना की उत्कृष्ट कृतियां हैं। एक दर्पण के साथ शीर्षकहीन लड़की के साथ शुरू करें, कैनवास पर एक 1962 का स्वभाव, सुंदर घटता में बनाई गई एक रोमांटिक सूक्ष्म नग्नता और सूजा के बाद के जुराबों के विपरीत स्त्री रूप की प्रशंसा जो पहलुओं में अधिक बचकानी थी। सूजा को उन प्रमुखों के लिए जाना जाता था जिन्हें उन्होंने राजाओं से लेकर पुजारियों से लेकर राक्षसी चेहरों वाले व्यक्तियों और डिजाइन की असली गतिशीलता के विषय के रूप में बनाया था। 1964 के एक राजा के इस मुखिया के बारे में, प्रभुत्व, निंदा और दमन और सत्ता के प्रति जुनून के बुरे कृत्यों की अभिव्यक्ति का एक मजबूत प्रतिपादन है। अगला सिर एक लड़की की प्रोफ़ाइल की 1950 की उत्कृष्ट कृति है जिसे चतुर विवरण और क्रॉस-हैचेड भव्यता के साथ बनाया गया है। वायलेट हेड में एक मजबूत पिकासोइक स्वाद होता है, हालांकि नाक के स्टड और बड़े झुमके इसे गांव के बेले प्रतीक चिन्ह देते हैं।





चौथा रेड मून (1966) है जो उनकी स्पेनिश श्रृंखला की याद दिलाता है। यहां, सूजा एक साथ उज्ज्वल और कठोर दृश्य को कैप्चर करता है, जो कि एक स्वप्निल सूर्यास्त शाम को अपने स्टूडियो से सबसे अधिक संभावना वाले दृश्य को चित्रित करने के लिए मजबूत गर्म रंगों का उपयोग करता है। सावधानीपूर्वक लाइनों और क्रॉसहैच के संयोजन के साथ, सूज़ा इस दृश्य में कुछ पेड़ों को अग्रभूमि करता है, और कुछ नंगी शाखाएं बस दिखाई और छिड़कती हैं। उनके पीछे, एक राजसी चंद्रमा कैथोलिक वास्तुकला को याद करते हुए शैलीबद्ध आकाश को रोशन करता है जिसने 1950 के दशक में सूजा के कई परिदृश्यों को सूचित किया था। एक परिदृश्य का एक भव्य चित्र चर्च और मकान (1958) है। यह ईसाई प्रतीकवाद और लंदन के एक वास्तविक व्यक्तित्व के साथ किया गया परिदृश्य है। सूजा के शहरी परिदृश्य के बारे में लिखते हुए, साथी कलाकार जगदीश स्वामीनाथन ने कहा, 'सूजा के शहर के दृश्य एक रहस्यमय दुनिया के छिपे हुए दृश्य हैं। चाहे एनामेल्ड पेट्रीफिकेशन में मजबूती से खड़े हों या सुलेखित स्वरों के साथ पतले रंग में चित्रित हों, सूजा के शहर के दृश्य विशुद्ध रूप से प्लास्टिक की इकाइयां हैं जिनमें यादों या दर्पणों का कोई संदर्भ नहीं है।' (जे स्वामीनाथन, सूजा की प्रदर्शनी, ललित कला समकालीन 40, नई दिल्ली, मार्च 1995, पृष्ठ 31 अगले पांच महीनों के लिए ऑनलाइन प्रदर्शित होने वाली यह प्रदर्शनी थकी आंखों के लिए एक उपचार है। यह दुर्लभता की दृष्टि से एक चतुर और डाक टिकट संग्रहकर्ता के रूप में वीरेंद्र कुमार के स्थान की पुष्टि करता है। वीरेंद्र कुमार को उनकी 89वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए, निर्देशक सुनीत कुमार कहते हैं, 'एक समय था जब शैली का विकास प्रचलित व्यावसायिक प्रवृत्तियों के खिलाफ कठिन संघर्ष का परिणाम था।' यह भारत के इतिहास में उन चौराहे पर था कि वीरेंद्र ने गंभीर, अवंत-गार्डे कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रमुख स्वाद निर्माता और दूरदर्शी संरक्षक के रूप में कार्य किया। 1950 और 70 के दशक के बीच के शुरुआती वर्ष पुरानी जीवन शक्ति की कहानी बताते हैं।

**(तस्वीर साभार : कुमार गैलरी, दिल्ली)**

# सहयोग करें, सृजित करें और उत्सव मनाएं

**भारत में शिल्प क्षेत्र को विकसित और मजबूत करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल की क्राफ्टिंग फ्यूचर्स इंडिया/यूके सहयोग योजना 2022 के लिए पुरस्कार विजेताओं के दूसरे दौर की घोषणा की गई है।**



ब्रिटिश काउंसिल, शैक्षिक अवसरों और सांस्कृतिक संबंधों के लिए यूनाइटेड किंगडम के अंतरराष्ट्रीय संगठन ने अपने प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रम - क्राफ्टिंग फ्यूचर्स- इंडिया-यूके सहयोग योजना 2022 के लिए अनुदान विजेताओं के एक और सेट की घोषणा की। कार्यक्रम के तहत, अनुदान संयुक्त रूप से दो की साझेदारी को प्रदान किया जाता है। संगठन - भारत में एक संगठन और एक संगत यूके संगठन। जयपुर रग्स फाउंडेशन और यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स लंदन,और वेस्ट डीन कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कंजर्वेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल और हुगली चैप्टर को शॉर्टलिस्ट किया गया है। क्राफ्टिंग फ्यूचर्स रोमांचक और अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से भारत में शिल्प क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सहयोग का समर्थन करता है जो समुदायों में समावेश को संबोधित करता है, वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान तलाशता है और शिल्प और प्रौद्योगिकी के बीच संबंधों के लिए नए प्रस्ताव उत्पन्न करता है। ब्रिटिश काउंसिल के आर्ट्स इंडिया के निदेशक जोनाथन कैनेडी ने कहा : 'फैशन क्रांति के साथ हमारा हालिया शोध पुष्टि करता है कि कोविड -19 महामारी विशेष रूप से कठिन रही है और शिल्प संगठनों, महिला कलाकारों और कारीगरों की आजीविका के लिए चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।' ब्रिटिश काउंसिल ने भारतीय शिल्प क्षेत्र को मजबूत करने, आजीविका में सुधार लाने और ब्रिटेन की कई साझेदारियों के साथ समकालीन शिल्प कौशल और परंपराओं को विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखा है।



क्राफ्टिंग फ्यूचर्स इंडिया-यूके योजना के पहले दौर में महाराष्ट्र में पिंगुली कठपुतली कारीगरों के व्यावसायिक प्रशिक्षण से परियोजनाएं देखी गईं; स्वामी शिवानंद मेमोरियल इंस्टीट्यूट (एसएसएमआई) में काम कर रहे शिल्प में स्थायी प्रक्रियाओं के माध्यम से महिला कारीगरों का व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण और सशक्तिकरण; शहरी %जीवित% शिल्प को पुनर्जीवित करना और कोलकाता, गोवा और बैंगलोर में शहरी शिल्पकारों द्वारा सहयोग के अवसर विकसित करना, अनबॉक्स महोत्सव में अपने शिल्प कार्य को प्रस्तुत करना; भारतीय और यूरोपीय बाजार के लिए नए उत्पाद डिजाइन और आधुनिक विपणन विधियों के उपयोग के माध्यम से गुजरात में कुशल शिल्पकारों की आजीविका में सुधार; गुजरात में गुंडियाली के 72 मुस्लिम कुम्हार परिवारों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के निवास को विकसित करने के लिए सहयोग; और कच्छ में 100 महिला बुनकरों तक पहुंचने के लिए ऊन के आसपास की स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित और मजबूत करने के लिए एक सहयोग। क्राफ्टिंग फ्यूचर्स के दूसरे दौर के हिस्से के रूप में- भारत-यूके सहयोग योजना, भारत और यूके के संगठनों से परियोजना प्रस्तावों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से तीन और परियोजनाओं को चुना गया है जो शिल्प समुदायों के साथ सहयोग करने के लिए मौद्रिक और तकनीकी सहायता से लाभान्वित होंगे। भारत में शिल्प क्षेत्र का समर्थन करने वाली परियोजनाओं का सह-विकास और सह-वितरण करना। तीनों पुरस्कार विजेताओं का उद्देश्य विभिन्न शहरों में कारीगरों के उत्थान के साथ-साथ शिल्प क्षेत्र को प्रभावित करना है। जयपुर रग्स फाउंडेशन और यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स लंदन के बीच सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक आय अर्जित करने और वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने के लिए नए कौशल सीखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम भारतीय कारीगर समुदायों में कौशल अंतराल को दूर करेगा और उन्हें डिजाइन और उद्यमिता के माध्यम से अपने आर्थिक अवसरों का विस्तार करने में मदद करेगा।

क्राफ्टिंग फ्यूचर्स इंडिया-यूके योजना के पहले दौर में महाराष्ट्र में पिंगुली कठपुतली कारीगरों के व्यावसायिक प्रशिक्षण से परियोजनाएं देखी गईं; स्वामी शिवानंद मेमोरियल इंस्टीट्यूट (एसएसएमआई) में काम कर रहे शिल्प में स्थायी प्रक्रियाओं के माध्यम से महिला कारीगरों का व्यवसाय कौशल प्रशिक्षण और सशक्तिकरण, शहरी जीवन को पुनर्जीवित करना कोलकाता, गोवा और बैंगलोर में शहरी शिल्पकारों द्वारा अनबॉक्स महोत्सव में अपने शिल्प कार्य को प्रस्तुत करने के लिए शिल्प और सहयोग के अवसर विकसित करना; नए उत्पाद डिजाइनों के माध्यम से गुजरात में कुशल शिल्पकारों की आजीविका में सुधार और भारतीय और यूरोपीय बाजार के लिए आधुनिक विपणन विधियों का उपयोग; गुजरात में गुंडियाली के 72 मुस्लिम कुम्हार परिवारों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के निवास को विकसित करने के लिए सहयोग; और कच्छ में ऊन के आसपास की स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित और मजबूत करने के लिए 100 महिला बुनकरों तक पहुंचने के लिए सहयोग। क्राफ्टिंग फ्यूचर्स के दूसरे दौर के हिस्से के रूप में : भारत -यूके सहयोग योजना, भारत से परियोजना प्रस्तावों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे और यूके के संगठन, जिनमें से तीन और परियोजनाओं को चुना गया है, जो शिल्प क्षेत्र का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को सह-विकास और सह-वितरित करने के लिए भारत में शिल्प समुदायों के साथ सहयोग करने के लिए मौद्रिक और तकनीकी सहायता से लाभान्वित होंगे। तीनों पुरस्कार विजेताओं का लक्ष्य प्रभावित करना है विभिन्न शहरों में कारीगरों के उत्थान के दौरान शिल्प क्षेत्र। जयपुर रग्स फाउंडेशन और यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स लंदन के बीच सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक आय अर्जित करने और वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने के लिए नए कौशल सीखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम भारतीय कारीगर समुदायों में कौशल अंतराल को संबोधित करेगा और उन्हें डिजाइन और उद्यमिता के माध्यम से अपने आर्थिक अवसरों का विस्तार करने में मदद करें।

# कलाकृति के लिए प्रेरणा

## एक रचनात्मक ब्लॉक मारना सबसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ भी होता है। **ज़हबिया गाबाजीवाला** के पास इससे उबरने के लिए कुछ तरकीबें हैं।





खाना पकाने या किराने की दुकान से सामान लेने जैसे अजीब कामों में तल्लीन होने के दौरान कभी-कभी आपको अपनी अगली कला परियोजना के लिए विचार मिल सकते हैं। लेकिन, दूसरी ओर, जब आप अंतत: अपने ब्रश के साथ काम करने के लिए नीचे उतरते हैं, अपनी अगली उत्कृष्ट कृति बनाने के लिए तैयार होते हैं, तो अचानक आपके पास हर विचार पर्याप्त आकर्षक नहीं लग सकता है। इसे हम कुख्यात क्रिएटिव ब्लॉक के रूप में जानते हैं। एक डिज़ाइन पेशेवर के लिए, रचनात्मक ब्लॉक बहुत निराशाजनक हो सकते हैं। जब आप अपनी रचनात्मकता पर अपनी दैनिक प्रेरणा के रूप में भरोसा करते हैं, बिलों का भुगतान करने और अपनी प्रतिष्ठा बनाने के अलावा, आप विचारों या उन्हें क्रियान्वित करने के लिए ऊर्जा की कमी नहीं कर सकते। इस मोड़ पर, पहली बात यह याद रखनी है कि हर कलाकार रचनात्मक ब्लॉकों से गुजरता है। आपको लगातार अभ्यास करने, निरीक्षण करने, एक नई विधि का प्रयास करने, कुछ ऐसा करने की ज़रूरत है जो आपको प्रेरित रहने में मदद करे, और इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक आप सफल न हो जाएं; यह बोझिल लग सकता है, लेकिन जब आपका रचनात्मक कुआं सूखता हुआ प्रतीत होता है, तो आरंभ करने में आपकी सहायता करने के लिए यहां कुछ युक्तियां दी गई हैं - हर एक दिन कला बनाएं पाब्लो पिकासो ने एक बार ठीक ही कहा था, 'प्रेरणा मौजूद है, लेकिन इसे आपको काम करते हुए खोजना होगा।' आपका शिल्प जो भी हो - चाहे वह लेखन, पेंटिंग, या पॉडकास्टिंग हो - आपको अपने भीतर बैठने और इसे हर एक दिन करने के लिए ड्राइव और अनुशासन का पता लगाना चाहिए क्योंकि यूरेका क्षण लगातार प्रयासों से उत्पन्न होते हैं। यदि आप प्रेरित होना चाहते हैं, तो आपको इसे सक्रिय रूप से खोजना होगा।

**इंटरनेट की शक्ति का उपयोग करें:** इंटरनेट ने हर चीज को सुविधाजनक और सुलभ बना दिया है। प्रेरणा पाना आपकी उंगलियों पर है। आप अपनी स्क्रीन पर स्क्रॉल कर सकते हैं, अपने आप को किसी स्थान पर पोर्ट कर सकते हैं, नए निष्कर्षों या किसी प्राचीन संस्कृति पर शोध कर सकते हैं। ब्लॉग और फ़ोरम के माध्यम से, आप दुनिया भर के लोगों से भी जुड़ सकते हैं। आप वीडियो देख सकते हैं और कलाकारों के पॉडकास्ट सुन सकते हैं जो आपको यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करते हैं कि आपका सीखने की अवस्था ऊपर की ओर बढ़ती रहे। सोशल मीडिया पर अपने पसंदीदा कला पृष्ठ पर जाएं या उस कॉमेडियन को देखें जो एंडोर्फिन को नियंत्रण में रखने के लिए आपकी अजीब हड्डियों को गुदगुदी करता है। एकमात्र दोष यह है कि यह सूचना अधिभार कभी-कभी आपको अभिभूत कर सकता है। इसलिए अपने विचारों को आकार लेने में मदद करने के लिए अपनी नियमित इंटरनेट सर्फिंग के बाद ऑफ-स्क्रीन कुछ समय बिताना हमेशा अच्छा होता है।

**अपने विचारों के बारे में बात करें:** अपने विचारों और विचारों को अपने आस-पास के लोगों या आपके समान रुचि रखने वाले लोगों के साथ साझा करना हमेशा अच्छा होता है। अपनी कला परियोजना के प्रारंभिक चरण में आपको प्राप्त होने वाले इनपुट से आपको अपने काम को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने और आवश्यक परिवर्तन करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, पूरी तरह से दूसरों की राय पर भरोसा न करें। अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें और विचारों में विश्वास करें।

**प्रकृति में खोकर देखें:** प्रकृति हमारे चारों ओर है और हमारे भीतर गहरी है; हम इससे अविभाज्य हैं। यदि आप काफी करीब से देखें, तो हर पत्ती, खिलता हुआ फूल, या किसी पेड़ की शाखा पर बैठे पक्षियों के पास बताने के लिए एक कहानी है। जब मैं एक बगीचे में जाता हूं, तो मैं मदद नहीं कर सकता लेकिन आश्चर्य की भावना प्राप्त करता हूं जो मेरी कल्पना को ट्रिगर करता है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो बार-बार माध्यमों और तकनीकों को बदलता है, मैं प्रेरणा के निरंतर स्रोत के रूप में प्रकृति पर भरोसा करता हूं।

**वापस बैठो, और कुछ मौज-मस्ती के लिए समय बनाओ:** प्रेरणा के लिए सही समय और स्थान पर हड़ताल करने की प्रतीक्षा में खुद को तनाव न दें। यह हमेशा उस तरह काम नहीं करता है; इसके बजाय, खेलें, मज़े करें और जीवन का आनंद लें। सबसे असाधारण विचार तब सामने आते हैं जब आपका दिमाग शांत होता है और जब आप अपने हैप्पी जोन में होते हैं। जैसे वास्तविक परियोजनाओं पर समय बिताना आवश्यक है, वैसे ही कुछ मज़ा लेना; यह प्रतिबंध हटा देता है, समय सीमा समाप्त करता है, और आपकी मांसपेशियों को और कुछ नहीं की तरह फैलाता है।



**कला उद्धरण दैनिक पढ़ें:** प्रेरणा के लिए अपने साथी कलाकारों के शब्दों को पढ़ने से बढ़कर कुछ नहीं। कला के बारे में प्रेरक उद्धरणों की निरंतर आपूर्ति प्रेरित रहने का एक शानदार तरीका है। प्रेरक कलाकृति और उद्धरणों के साथ एक दैनिक समाचार पत्र देखें, या अपने पसंदीदा कलाकार के काम के साथ एक सुंदर दैनिक कैलेंडर का उपयोग करने का प्रयास करें। ये छोटे, नियमित अनुस्मारक प्रभावी हो सकते हैं, खासकर जब आपको काम पर जाने के लिए अतिरिक्त धक्का की आवश्यकता होती है। तो प्रेरणा के इन छोटे स्रोतों को अपने घर कार्यालय डेस्क पर रखें और उनके बारे में सोचें, जब आप प्रेरित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हों।

**अपने आप को चुनौती दें:** यदि आप प्रेरणा पर कम महसूस कर रहे हैं, तो अपने आप को चुनौती दें, ऐसे काम करें जो आप सामान्य रूप से नहीं करेंगे। एक चित्रकार, एक फोटोग्राफर या यहां तक कि एक बेकर बनने का प्रयास करें। हमेशा कुछ ऐसा होता है जिसे आपने आजमाया नहीं है या जिससे आप डरते हैं... इसलिए, अब इसे आजमाने का समय है। सबसे विनाशकारी विफलताएं हमेशा सीखने और प्रेरणा का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। असफल होना या सफल होना सिर्फ एक परिणाम है; यह रचनात्मक यात्रा है जो मायने रखती है। शायद आप उन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं जो आपके द्वारा पहले किए गए कार्यों से बिल्कुल अलग नहीं हैं। खुद को चुनौती देना प्रेरित होने का एक शानदार तरीका हो सकता है, क्योंकि यह आपको अपनी क्षमताओं के साथ आमने-सामने आने में मदद करता है और नए अवसरों के द्वार खोलता है।

**कला को ऐसे बनाएं जैसे कोई देख नहीं रहा है:** गलती करने का डर, यहां तक कि छोटी सी भी, अक्सर हमें प्रेरणा पाने से रोकता है। हम कुछ ऐसा करके अपनी प्रगति को जोखिम में नहीं डालना चाहते जो शायद कारगर न हो। कला को सिर्फ इसलिए बनाएं क्योंकि आप प्रक्रिया का आनंद लेते हैं, प्रयोग करते हैं, नई चीजों को आजमाते हैं, या परिणाम की चिंता किए बिना प्रवाह के साथ चलते हैं; यह बहुत मुक्तिदायक हो सकता है। (लेखक वर्क्स डिजाइन के संस्थापक और प्रमुख कलाकार हैं।

# भारत की जीत में सूर्यकुमार व कृष्णा चमके

## टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे एकदिवसीय मैच में 44 रन से हराया

### ●तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

**भाषा** । अहमदाबाद


सूर्यकुमार यादव ने 64 रनों की उम्दा पारी खेली

**भारत** ने सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (12 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज को बुधवार को यहां दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली।

सूर्यकुमार ने 64 रन की पारी खेली लेकिन वेस्टइंडीज ने गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से भारत को नौ विकेट पर 237 रन ही बनाने दिए। शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बाद मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 43 रन था, लेकिन सूर्यकुमार और उप कप्तान केएल राहुल (49) चौथे विकेट के लिए 91 रन की भागीदारी निभाकर टीम को पटरी पर लाए।

इसके बाद कृष्णा के झटकों से वेस्टइंडीज की टीम उबर नहीं सकी और 46 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। उसके लिए शामराह ब्रुक्स 44 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि अंत में अकील हुसैन ने 34 रन बनाए। लंबी कद काठी के कृष्णा ने नौ ओवर में तीन मेडन से 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। उनके अलावा शार्दुल ठाकुर ने 41 रन देकर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज ने एक विकेट झटका। स्पिनर युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर और दीपक हुड्डा को भी एक एक विकेट मिला।

भारत की शानदार गेंदबाजी के अलावा वेस्टइंडीज को खराब शॉट चयन का खामियाजा भुगत कर श्रृंखला गंवानी पड़ी। सिराज ने नई गेंद से शुरूआत की और पहले ओवर में पांच रन दिए। दूसरे छोर पर शार्दुल ठाकुर ने नई गेंद से मेडन डालकर शुरूआत की। सिराज का दूसरा ओवर मेडन रहा। ब्रैंडन किंग (18 रन) ने उनके तीसरे ओवर की अंतिम गेंद में उनके सिर के ऊपर शानदार छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज शाई होप (27) ने छठे ओवर में ठाकुर पर चौका लगाया जिसके बाद किंग ने लगातार गेंदों पर दो चौके जमाए जिससे इस ओवर में 13 रन जुड़े। वेस्टइंडीज ने इस तरह सात ओवर में 31 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की।

लंबे कद के गेंदबाज कृष्णा ने आते ही कमाल कर दिया और लगातार अपने पहले और दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। कृष्णा ने अतिरिक्त उछाल का पूरा फायदा उठाया और आठवें ओवर में किंग को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज ने पहला विकेट 32 रन पर गंवाया। फिर 10वें ओवर में वेस्टइंडीज के सीनियर खिलाड़ी डेरेन ब्रावो ने कृष्णा की गेंद पर बल्ला छुआया और यह विकेटकीपर के हाथों में समां गई। लेकिन अंपायर ने नॉट आउट दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रिव्यू लिया और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। इस तरह भारत को दूसरा विकेट मिला। कृष्णा ने दो ओवर में दो रन देकर दो विकेट झटक लिए। भारत ने 11वें ओवर में स्पिनर चहल को उतारा जिन्होंने महज दो रन दिए। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अब थोड़े रक्षात्मक होकर खेल रहे थे और उन्हें तीसरा झटका भी जल्द ही लगा जब चहल ने सलामी बल्लेबाज होप को आउट कर दिया। कार्यवाहक कप्तान पूरन भी देर तक नहीं टिक सके और कृष्णा का तीसरा शिकार बने और वेस्टइंडीज का स्कोर हो गया चार विकेट पर 66 रन। वेस्टइंडीज की टीम 10 रन ही जोड़ पाई थी कि ठाकुर ने जेसन होल्डर को आउट कर दिया।

ब्रुक्स अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और हुसैन के साथ अच्छी साझेदारी की ओर बढ़ रहे थे, भारत पर दबाव बढ़ रहा था और उसे विकेट की तलाश थी। दीपक हुड्डा ने इस दबाव को कम करते हुए अपने पहले ही ओवर में ब्रुक्स (64 गेंद में दो चौके और दो छक्के) को आउट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला विकेट झटका। वेस्टइंडीज का स्कोर 31वें ओवर में छह विकेट पर 117 रन था। हुसैन को इसके बाद फैबियन एलेन (13) का अच्छा साथ मिला। दोनों अच्छी साझेदारी कर भारत पर दबाव बनाने में लगे थे। पर सिराज ने एलेन को आउट कर इस 42 रन की भागीदारी को तोड़ दिया। हुसैन भी अगले ओवर में ठाकुर का दूसरा शिकार बने और वेस्टइंडीज ने आठवां विकेट गंवाया।

वेस्टइंडीज के नियमित कप्तान कीरोन पोलार्ड चोट के कारण नहीं खेले। उनकी जगह ओडियन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया, जिन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए थे और फिर बल्लेबाजी करते हुए अंत में ठाकुर की गेंद पर दो गगनचुंबी छक्के जड़ दिए। स्मिथ खतरनाक दिख रहे थे, पर सुंदर की गेंद पर कोहली ने शानदार कैच लपककर उनकी 24 रन की पारी समाप्त की जिसमें 20 गेंद में दो छक्के और एक चौका शामिल रहा।

कृष्णा ने फिर केमार रोच को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी समाप्त की जो उनका चौथा विकेट था। इससे पहले सूर्यकुमार ने अपना दूसरा अर्धशतक जमाया, उन्होंने ऐसी पिच पर आक्रामकता के साथ धैर्य भरी पारी खेली जिस पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। इस दौरान उन्होंने 83 गेंद का सामना किया और पांच चौके जमाए। वेस्टइंडीज के कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (05) का विकेट सस्ते में गंवा दिया जब उन्होंने तेज गेंदबाज केमार रोच (42 रन देकर एक विकेट) की बाहर जाती गेंद पर शॉट लगाने के प्रयास में बल्ला छुआ दिया और विकेट के पीछे शाई होप ने इसे लपकने में देर नहीं की। भारत में अपना 100वां वनडे खेल रहे विराट कोहली (18) फिर ऋषभ पंत (18) के साथ थे। पंत को 50 ओवर के प्रारूप में पहली बार पारी का आगाज कराया गया।

कोहली ने पहली बाउंड्री पांचवें ओवर में रोच की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव से लगाई और फिर इसी गेंदबाज पर स्क्वायर कट से दूसरा चौका जड़ा। रोच और अल्जारी जोसफ (36 रन देकर दो विकेट) ने कसी गेंदबाजी की जिससे भारतीय टीम पहले सात ओवर में केवल दो ही चौके लगा सकी और उसका स्कोर एक विकेट पर 22 रन था। पंत ने अपनी पहली बाउंड्री अपने ट्रेडमार्क पुल शॉट से डीप मिड विकेट के ऊपर से लगाई और फिर दो और चौके जमाए। लेकिन तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ (29 रन देकर दो विकेट) ने 12वें ओवर में पंत और कोहली दोनों के विकेट झटककर मेजबानों को दोहरे झटके दिए जिससे भारत का स्कोर तीन विकेट पर 43 रन हो गया।

स्मिथ ने पहले पंत को आउट किया जो गेंद को टाइम नहीं कर सके और जेसन होल्डर को आसान सा कैच दे बैठे। फिर उन्होंने जमे हुए कोहली को बल्ला छुआने के लिए मजबूर कर विकेटकीपर होप के हाथों आउट कराया। सूर्यकुमार पहले आक्रामक दिख रहे थे जिन्होंने पहला चौका ड्राइव से लगाया, फिर राहुल ने भी हाथ खोलने शुरू किए और पुल शॉट से बाएं हाथ के स्पिनर हुसैन (39 रन देकर एक विकेट) पर बड़ा छक्का लगाया।

### स्कोर बोर्ड

भारत : रोहित शर्मा का होप बो रोच 05, ऋषभ पंत का होल्डर बो स्मिथ 18, विराट कोहली का होप बो स्मिथ 18, केएल राहुल रन आउट 49, सूर्यकुमार यादव का जोसफ बो एलेन 64, वाशिंगटन सुंदर का जोसफ बो हुसैन 24, दीपक हुड्डा का हुसैन बो होल्डर 29, शार्दुल ठाकुर का ब्रुक्स बो जोसफ 08, मोहम्मद सिराज का होप बो जोसफ 03, युजवेंद्र चहल नाबाद 11, प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद 00

अतिरिक्त : 08

कुल योग : 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन

विकेट पतन : 1-9, 2-39, 3-43, 4-134, 5-177, 6-192, 7-212, 8-224, 9-226

गेंदबाजी : केमार रोच 8-0-42-1, अल्जारी जोसफ 10-0-36-2, ओडियन स्मिथ 7-0-29-2, जेसन होल्डर 9-2-37-1, अकील हुसैन 6-0-39-1, फैबियन एलेन 10-0-50-1

वेस्टइंडीज : शाई होप का यादव बो चहल 27, ब्रैंडन किंग का पंत बो प्रसिद्ध कृष्णा 18, डेरेन ब्रावो का पंत बो प्रसिद्ध कृष्णा 01, शामाराह ब्रुक्स का यादव बो हुड्डा 44, निकोलस पूरन का शर्मा बो प्रसिद्ध कृष्णा 09, जेसन होल्डर का हुड्डा बो ठाकुर 02, अकील हुसैन का पंत बो ठाकुर 34, फैबियन एलेन का पंत बो मोहम्मद सिराज 13, ओडियन स्मिथ का कोहली बो वाशिंगटन सुंदर 24, अल्जारी जोसफ नाबाद 07, केमार रोच पगबाधा बो प्रसिद्ध कृष्णा 00

अतिरिक्त : 14

कुल योग : 46 ओवर में सभी आउट : 193 रन

विकेट पतन :1-32, 2-38, 3-52, 4-66, 5-76, 6-117, 7-159, 8-159, 9-193

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 9-1-38-1, शार्दुल ठाकुर 9-1-41-2, प्रसिद्ध कृष्णा 9-3-12-4, युजवेंद्र चहल 10-0-45-1, वाशिंगटन सुंदर 5-0-28-1, दीपक हुड्डा 4-0-24-1


कप्तान निकोलस पूरन का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते प्रसिद्ध कृष्णा

## न्यूजीलैंड से एकमात्र टी-20 मैच हारी भारतीय महिला टीम

**क्वींसटाउन**। अपने बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को एकमात्र टी-20 क्रिकेट मैच में 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। सीनियर सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना की कमी टीम को खली जो यह मैच नहीं खेली थी। जीत के लिए 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18 रन पीछे रह गई। मंधाना की जगह पारी की शुरूआत करने वाली यस्तिका भाटिया ने 26 गेंद में 26 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जल्दी ही दबाव बना लिया। भाटिया और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े जो भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। शेफाली ने 14 गेंद में 13 रन ही बनाए। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फॉर्म में नहीं थी जो 13 गेंद में 12 रन ही बना सकी। भारत के लिए सर्वाधिक रन अनुभवहीन एस मेघना ने बनाए। उन्होंने 30 गेंद में छह चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली और रिचा घोष (12) के साथ चौथे विकेट के लिए 34 रन जोड़े। मेघना के आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी ढह गई और 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। मेघना का विकेट गिरने के समय भारत को 5.1 ओवर में 55 रन बनाने थे जो निचले क्रम के लिए काफी कठिन काम था। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर, एमेलिया केर और केली जेनसेन ने दो दो विकेट लिए। इससे पहले अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्राकर ने दो दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। वस्त्राकर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 16 रन ही दिए जबकि शर्मा ने अपनी आफ स्पिन गेंदबाजी से 26 रन दिए। सीनियर स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ महंगी साबित हुई जिन्होंने चार ओवर में 39 रन देकर एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डेवाइन ने 23 गेंद में 31 और सूजी बेट्स ने 34 गेंद में 36 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े।

## भारत की तीन युगल जोड़ियां बेंगलुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**भाषा** । बेंगलुरू

जीवन नेदुनचेझीयान और पूरव राजा की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी बुधवार को यहां क्रोएशिया के बोर्ना गोजो और बुल्गारिया के दिमितार कुजमनोव की जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

भारतीय जोड़ी ने इस करीबी मुकाबले में 6-4, 6-7, 10-8 से जीत दर्ज की। इसके अलावा रामकुमार रामनाथन एवं साकेत माइनेनी और एन श्रीराम बालाजी एवं विष्णुवर्धन भारतीय जोड़ियों ने भी टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह पक्की की।

रामकुमार और मेइनेनी की जोड़ी को प्रीक्वार्टर फाइनल में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने जर्मनी के मार्कोस कालोवेलोनिस और जापान के तोशीहिदे मात्सुई की जोड़ी को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

## लैंगर की कोचिंग शैली काफी कड़ी थी: कमिंस

### ●आस्ट्रेलियाई कप्तान ने पूर्व कोच के काम की तारीफ की

**एपी** । ब्रिसबेन

जस्टिन लैंगर को आस्ट्रेलिया से अपार प्रेम करने वाला लीजैंड बताने और राष्ट्रीय क्रिकेट टीम पर उनके प्रभाव की तारीफ करने के बाद नए कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि टीम को नई शैली वाले मुख्य कोच की जरूरत थी।

इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान बने कमिंस की पूर्व खिलाड़ियों ने लैंगर का समर्थन नहीं करने के लिए काफी आलोचना की है। कमिंस ने एक बयान में कहा कि जो फैसला क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा अभी लिया नहीं गया था, उस पर बोलने से क्रिकेट आस्ट्रेलिया और टीम की स्थिति खराब हो जाती। मैं ऐसा कभी नहीं करता। मेरा मानना है कि ड्रेसिंग रूम की पवित्रता बनी रहनी चाहिए। लैंगर ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में उन्होंने एक बयान में अपनी शैली के कारण खिलाड़ियों को हुई किसी तरह की समस्या के लिए माफी भी मांगी। मीडिया रपटों में कहा गया था कि खिलाड़ियों को लैंगर की पारंपरिक शैली और मूड में बार बार बदलाव पसंद नहीं आ रहा था।

कमिंस ने कहा कि जस्टिन ने स्वीकार किया कि उनकी शैली कड़ी थी और वह थी। उन्होंने खिलाड़ियों और स्टाफ से माफी भी मांगी। मेरा मानना है कि माफी मांगने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि उनकी शैली में कोई दिक्कत नहीं थी क्योंकि उन्हें आस्ट्रेलिया और बैगी ग्रीन से बहुत प्यार है। वह आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लीजैंड हैं और उन्होंने टीम के लिए ऊंचे मानदंड कायम किए थे।

उन्होंने कहा कि जस्टिन ने कई बड़े बदलाव किए और उसे इसका श्रेय जाता है। लेकिन अब बदलाव का सही समय था। हमें ऐसे कोच की जरूरत थी जिसकी शैली नई हो जो अधिक शांत हो।

### न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच टी-20 श्रृंखला रद्द

**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट श्रृंखला कोरोना से जुड़े सीमा प्रतिबंधों के कारण रद्द कर दी गई है। आस्ट्रेलिया ने पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया था। दोनों टीमों को 17 से 20 मार्च तक नेपियर में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलनी थी। ओमीक्रोन वैरिएंट के आने के बाद से न्यूजीलैंड ने अंतरराष्ट्रीय सीमाएं फिर से खोलने का फैसला टाल दिया। ऐसे में श्रृंखला नहीं खेली जा सकती क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम ने पृथकवास का इंतजाम नहीं किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि जिस समय श्रृंखला का कार्यक्रम तय हुआ था, हमें उम्मीद थी कि अंतर तस्मानिया सीमा खुल जाएगी।

## अंडर-19 विश्व कप टीम के सदस्य सम्मानित

**भाषा** । अहमदाबाद


नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच मैच को देखते बोर्ड सचिव जय शाह और टीम के सदस्य

**भारत** की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम को बुधवार को यहां दूसरे वनडे के मौके पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सम्मानित किया गया। अंडर-19 टीम के नायक ब्लेजर पहने थे और उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के स्टैंड से भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा वनडे मैच देखा। उन्होंने मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर व सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अपने स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा और खेल का आनंद लिया।

अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को हालांकि सीनियर भारत क्रिकेटरों से मिलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वे तीन मैचों की श्रृंखला के लिए बनाए गए बायो-बबल में हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण भी इस मौके पर मौजूद थे। लक्ष्मण टीम के साथ वेस्टइंडीज में थे। साथ ही बीसीसीआई सचिव जय शाह और कोषाध्यक्ष अरुण धूमल के साथ राज्य क्रिकेट संघ के कुछ सीनियर अधिकारी भी स्टेडियम में उपस्थित थे।

बोर्ड पहले ही अंडर-19 टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए 40-40 लाख रुपये जबकि सहयोगी स्टाफ के लिए 25-25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा कर चुका है। भारतीय अंडर-19 टीम मंगलवार को स्वदेश लौटी। खिलाड़ियों के लिए और कार्यक्रम भी होंगे जब वे गुरूवार को अपने गृहनगर पहुंचेंगे। भारत ने अपने अभियान में कोविड-19 की चुनौती से पार पाते हुए पांच फरवरी को एंटीगा के नार्थ साउंड में इंग्लैंड को फाइनल में चार विकेट से हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार कप जीता।

## वेस्टइंडीज दौरे के लिए जेम्स एंडरसन और क्रिस ब्रॉड की इंग्लैंड टीम से छुट्टी

**एपी** । लंदन






**टेस्ट** क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। दोनों गेंदबाजों को यह भी आश्वासन नहीं मिला है कि उनका टेस्ट कैरियर बचा है। एशेज श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के हाथों 4-0 से हार के बाद इंग्लैंड टीम आमूलचूल बदलाव की प्रक्रिया में है। मुख्य कोच, सहायक कोच और क्रिकेट निदेशक के अलावा आठ खिलाड़ियों को हटा दिया गया है।

ब्रॉड और एंडरसन के अलावा उपकप्तान जोस बटलर, डेविड मलान, सैम बिलिंग्स, डोम बेस, रोरी बर्न्स और हसीब हमीद को भी टीम में जगह नहीं मिली है। पूर्व टेस्ट कप्तान और एशले जाइल्स के जाने के बाद अंतरिम क्रिकेट निदेशक बने एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा कि नए सत्र की शुरूआत के साथ चयन समिति ने नए सिरे से टेस्ट टीम चुनी है।

उन्होंने 39 वर्ष के एंडरसन और 35 वर्ष के ब्रॉड के बारे में कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि उनके लिएदरवाजे बंद नहीं हुए हैं। हमारा मानना है कि नए गेंदबाजों को मौका दिए जाने की जरूरत है। ब्रॉड और स्टुअर्ट के अनुभव का इस्तेमाल कैसे करना है, वह नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कोच पर निर्भर होगा। एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 169 टेस्ट में 640 विकेट लिए हैं जबकि ब्रॉड ने 152 मैचों में 537 विकेट चटकाए हैं। मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड और सहायक कोच ग्राहम थोर्पे के जाने के बाद पॉल कोलिंगवुड टीम के साथ वेस्टइंडीज जाएंगे।

**टीम** : जो रूट (कप्तान), जोनाथन बेयरस्टॉ, जाक क्रॉली, मैथ्यू फिशर, बेन फोक्स, डैन लॉरेंस, जैक लीच, एलेक्स लीस, साकिब महमूद, क्रेग ओवरटन, मैथ्यू पार्किंसन, ओली पोप, ओली रोबिनसन, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।


## बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने इस्तीफा दिया

**ढाका**। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एशवेल प्रिंस तुरंत प्रभाव से बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच पद से हट गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रिंस (44 वर्ष) पिछले साल जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए बांग्लादेश टीम से जुड़े थे और बाद में उनका करार इस साल आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप तक बढ़ा दिया गया था।

इस तरह वह बांग्लादेश के दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे पर नहीं जाएंगे। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है रिपोर्ट के अनुसार बीसीबी ने जैमी सिडन्स को नया बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया था। इसके बाद ही एशवेल ने इस्तीफा देने की घोषणा की। वहीं बांग्लादेश के स्टार आल राउंडर शाकिब अल हसन मार्च-अप्रैल में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।

## धुल को दिल्ली रणजी टीम में मिली जगह इशांत चयन के लिए अनुपलब्ध नहीं

**भाषा** । नई दिल्ली




**भारत** की अंडर-19 विश्व कप की विजेता टीम के कप्तान यश धुल को बुधवार को रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली टीम में शामिल किया गया तो वहीं भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने 17 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए खुद को चयन के लिए अनुपलब्ध करार दिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान बुधवार को अहमदाबाद में धुल की अगुवाई वाली भारत अंडर -19 टीम को बीसीसीआई ने सम्मानित किया। धुल भारतीय टीम की सीमित ओवरों की प्रतिबद्धताओं के कारण अंडर -19 स्तर पर लाल गेंद से घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे।

ऐसे में धुल को प्रथम श्रेणी की मुश्किल चुनौती का सामना करना पडेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक चयनकर्ता ने कहा कि उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है भले ही उन्होंने लाल गेंद के बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं लेकिन हम चाहते हैं कि उन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव मिले। भारतीय टीम में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बीच अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत ने डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताया कि वह राज्य टीम के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान टीम की कप्तानी करेंगे। पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज में अंडर-19 विश्व कप के बाद धुल को विश्राम करने का समय नहीं मिला है। वह विश्व कप विजेता टीम के बाकी सदस्यों के साथ मंगलवार सुबह भारत पहुंचे। धुल गुरूवार की सुबह अपने गृहनगर दिल्ली आएंगे और फिर बाद दिल्ली की टीम के साथ गुवाहाटी रवाना होंगे।

भारत के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी टीम का हिस्सा हैं।

**टीम**: प्रदीप सांगवान, नितीश राणा, ध्रुव शौरी, प्रियांश आर्य, यश धुल, क्षितिज शर्मा, जोंटी सिद्धू, हिम्मत सिंह, ललित यादव, अनुज रावत, लक्ष्य थरेजा, नवदीप सैनी, सिमरजीत सिंह, मयंक यादव, कुलदीप यादव, विकास मिश्रा, शिवांग वशिष्ठ, शिवम शर्मा। कोविड-19 के लिए रिजर्व खिलाड़ी: देव लकड़ा, ऋतिक शौकीन।

## अहमदाबाद आईपीएल टीम का नाम गुजरात टाइटंस रखा गया

**नई दिल्ली**। इंडियन प्रीमियर लीग की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी का नाम गुजरात टाइटंस रखा गया है। इसकी घोषणा बुधवार को की गई। निजी इक्विटी फर्म सीवीसी कैपिटल के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने कहा कि उसने राज्य की समृद्ध क्रिकेट विरासत को सम्मान देने के लिए यह नाम चुना है। इस टीम की अगुवाई भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या करेंगे।

फ्रेंचाइजी ने यहां बुधवार को जारी बयान में कहा, आईपीएल के 15 वें सत्र में पदार्पण कर रही गुजरात टाइटंस की टीम राज्य की समृद्ध क्रिकेट विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करेगी, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारत को अनगिनत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर दिए है। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस समृद्ध क्रिकेट विरासत का प्रतिनिधित्व करने और निर्माण करने के साथ-साथ पिच पर अपनी भविष्य की सफलता का खाका खींचने के मौके से प्रेरित है।